

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, गुरुवार, 17 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –122 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



भारत जी-20 के बीच मणिपुर जलने से खो रही वैश्विक विश्वसनीयता : कांग्रेस पृष्ठ 2
■ अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री
■ मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को सीधी लड़ाई ... पृष्ठ 6
■ तोशाखाना मामले में इमरान की अपील पर 22 अगस्त को सुनवाई
■ पाकिस्तान के फैसलाबाद में कई चर्चों में तोड़फोड़ पृष्ठ 7
शीर्ष सात में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज होने चाहिए : शास्त्री पृष्ठ 11

### कांग्रेस ने कैग रिपोर्ट पर केंद्र को घेरा

# कैग की रिपोर्ट के खुलासों पर जवाब दें मोदी

**नई दिल्ली**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि लेखा और महानियंत्रण(कैग) की रिपोर्ट में जिन महत्वपूर्ण सरकारी परियोजनाओं में घोटालों का पर्दाफाश हुआ है उनसे देश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और परियोजनाओं की साख पर भी सवाल उठे हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बारे में जवाब देना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत माला परियोजना के तहत करीब 70-75 हजार किमी लम्बी सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके लिए निधि को मंजूरी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल समिति ने दी। इसके बावजूद एक किमी सड़क के निर्माण में दोगुना राशि खर्च हुई और करोड़ों रुपए का फर्जीवाडा हुआ है। उनका कहना था कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में 2 किमी सड़क बनाने में जितने रुपए खर्च हुए हैं उतने पैसे में मंगलयान मंगल ग्रह पर पहुंचा जा सकता है। इस सड़क को दुनिया का आठवां अजूबा घोषित कर देना चाहिए और उसे देखने के लिए टिकट लगना चाहिए।

**132 करोड़ रुपए अवैध वसूले गए**

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जिस द्वारका एक्सप्रेस-वे की तारीफ करते नहीं थकती उसको लेकर जब खुलासा तो पता चला कि 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृत हुए थे लेकिन इस सड़क का निर्माण 250 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर पहुंचा है। इसी तरह से दिल्ली से मुंबई जाएंगे तो आपको छह हजार रुपए का टोल ही देना पड़ेगा, लेकिन कैग ने इसकी असलियत का भी खुलासा किया और सिर्फ पांच टोल का औचक आडिट किया और पता चला कि इसमें 132 करोड़ रुपए अवैध वसूले गए। यदि पूरे देश के टोल प्लाजा को देखें तो लाखों करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है।

**घोटालों से देश को करोड़ों का नुकसान**

सुश्री श्रीनेत ने कहा कि कैग ने जिन परियोजनाओं में फर्जीवाड़ा होने की रिपोर्ट दी है उनमें भारतमाला प्रोजेक्ट की बोली में फर्जीवाड़ा, द्वारका एक्सप्रेस-वे में 1 किमी सड़क बनाने में 250 करोड़ खर्च, टोल नियमों का उल्लंघन करके एनएचएआई ने जनता से वसूले 132 करोड़, आयुष्मान भारत योजना के 7.5 लाख लाभार्थी एक ही नंबर से लिंक, अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों को अनुचित लाभ, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने पेंशन स्कीम का पैसा किया प्रचार में खर्च तथा एचएएल पर विमान इंजन की डिजाइन-प्रोडक्शन में गंभीर खामी के आरोप लगे हैं और रिपोर्ट के अनुसार इन घोटालों से देश को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है।



सड़क के निर्माण में दोगुना राशि खर्च हुई 250 करोड़ प्रति किलोमीटर पहुंचा खर्च

**कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली के नेताओं की अहम बैठक**

नई दिल्ली। कांग्रेस आला कमान की लोकसभा चुनाव के मद्देनजर दिल्ली के पार्टी नेताओं के साथ रणनीति बनाने को लेकर बुधवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार बैठक में श्री खड़गे के अलावा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के दिल्ली के प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया, प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी, वरिष्ठ नेता अजय माकन, संदीप दीक्षित सहित कई प्रमुख नेता शामिल हुए। श्री खड़गे ने भी इस संबंध में जानकारी दी और कहा लोक सभा चुनाव के मद्देनज़र, आज दिल्ली कांग्रेस के नेताओं के साथ मंत्रणा हुई है।

**पुस्तकालय का नाम बदलने की आलोचना की**

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय-एनएमएमएल का नाम भले ही सरकार ने बदल दिया है लेकिन पंडित जवाहर लाल नेहरू ने जो काम किए हैं और उसका जो विस्तार है वह कभी कम नहीं होगा, उनकी विरासत चिरस्थायी है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने आज यहां जारी एक बयान में कहा आज से एक प्रतिष्ठित संस्थान को नया नाम मिल गया है। विश्व प्रसिद्ध नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय-एनएमएमएल अब प्रधानमंत्री स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय-पीएमएमएल बन गया है। उन्होंने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला किया और कहा, प्रधानमंत्री मोदी भय, हीन भावना और असुरक्षा से भरे नज़र आते हैं।

# छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को 42 फीसदी महंगाई राहत देने मुख्यमंत्री बघेल ने मध्यप्रदेश के सीएम को लिखा पत्र

**रायपुर**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को शीघ्र 42 प्रतिशत मंहगाई राहत प्रदान करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा है। पत्र में मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 के धारा 49(6) के अंतर्गत महंगाई राहत के भुगतान के लिए मध्यप्रदेश की सहमति चाही गई है।



■ मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के अंतर्गत दोनों राज्यों के मध्य पेंशन पर महंगाई राहत के भुगतान हेतु सहमति आवश्यक

मुख्यमंत्री बघेल ने अपने पत्र में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से अधिकारियों को इस संबंध में सहमति के लिए समुचित निर्देश देने को कहा है ताकि सहमति मिलते ही छत्तीसगढ़ के पेंशनर्स को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ते दिये जाने की कार्रवाई की जा सके। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में लिखा है कि छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को महंगाई राहत देने के लिए छत्तीसगढ़ के वित्त विभाग ने 2 अगस्त को मध्यप्रदेश शासन को पत्र लिखा था।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सेवानिवृत्त शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई राहत 1 जुलाई 2023 से प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) के अंतर्गत दोनों राज्यों के मध्य पेंशन पर महंगाई राहत के भुगतान के लिए सहमति आवश्यक होती है। ऐसी सहमति मिलने पर ही पेंशन राहत पर आगे कार्रवाई की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि जैसे ही मध्यप्रदेश की सहमति प्राप्त होगी, वैसे ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी अविलंब पेंशनर राहत प्रदान करने की दिशा में कार्रवाई होगी। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सार संक्षेप**

### सूरीनाम के साथ स्वास्थ्य क्षेत्र में समझौतों को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सूरीनाम के साथ दो समझौतों को स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया। पहले समझौता ज्ञापन में केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और सूरीनाम सरकार के बीच चिकित्सा उत्पादों के आदान-प्रदान से संबंधित मामलों में सहयोग और सूचनाओं के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने की व्यवस्था है।

### कोटा में फिर एक छात्र ने की आत्महत्या

**जयपुर।** कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या कर ली। पिछले आठ महीने में कोटा में मरने वालों की संख्या 21 हो गई है। सिर्फ अगस्त में 4 छात्रों ने जान दे दी है। करीब 10 घंटे तक वाल्मिकी प्रसाद जांगिड़ का शव नहीं मिला। 18 वर्षीय छात्र आईआईटी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। अभी तक आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतक वाल्मिकी प्रसाद जांगिड़ बिहार के गया का रहने वाला था।

### कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर क्विज

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कारगिल विजय दिवस समारोह की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर %बैटल ऑफ माइंड्स% क्विज शुरू की है। इसका उद्देश्य ज्ञान को बढ़ावा देना और युवाओं को इस दिशा में सशक्त बनाना है।

### केरल में वंदे भारत एक्सप्रेस पर फिर पथराव

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर बुधवार को केरल के कन्नूर जिले में एक बार फिर पथराव हुआ। तिरुवनंतपुरम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर बुधवार को केरल के कन्नूर जिले में एक बार फिर पथराव हुआ। तिरुवनंतपुरम जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव थालास्सेरी और माहे के बीच हुआ। पथराव में सी-8 कोच की खिड़की के शीशे टूट गए। यह दूसरी बार है जब बुधवार को वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव हुआ है।

# सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए शब्दावली जारी की

### अदालतों में प्रॉस्टिट्यूट, अफेयर जैसे शब्द नहीं होंगे इस्तेमाल

**नई दिल्ली**, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में अब जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर रोक लगाने के लिए जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है। 8 मार्च को महिला दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में हुए इवेंट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि कानूनी मामलों में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल रुकेगा, जल्द डिक्शनरी भी आएगी। बुधवार 16 अगस्त को हैंडबुक जारी करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे जजों और वकीलों को ये समझने में आसानी होगी कि कौन से शब्द रूढ़िवादी हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। अब अदालतों में अफेयर, हाउसवाइफ, प्रॉस्टिट्यूट, ईव टीजिंग जैसे शब्दों को इस्तेमाल नहीं होगा।



■ 3 महिला जजों ने बनाई शब्दावली, हैंडबुक लांच

**वकीलों के साथ-साथ जजों के लिए भी हैंडबुक**

सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि इस हैंडबुक में आपत्तिजनक शब्दों की लिस्ट है और उसकी जगह इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द और वाक्य बताए गए हैं। इन्हें कोर्ट में दलीलें देने, आदेश देने और उसकी कॉपी तैयार करने में प्रयोग किया जा सकता है। यह हैंडबुक वकीलों के साथ-साथ जजों के लिए भी है। इस हैंडबुक में वे शब्द हैं, जिन्हें पहले की अदालतों ने प्रयोग किया है। शब्द गलत क्यों हैं और वे कानून को और कैसे बिगाड़ सकते हैं, इसके बारे में भी बताया गया है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि इस हैंडबुक को तैयार करने का मकसद किसी फैसले की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**इन शब्दों को बदला गया-** इस हैंडबुक में अफेयर की जगह पर शादी के इतर रिश्ता, प्रॉस्टिट्यूट/हुकर की जगह सेक्स वर्कर, अनवेड मदर (बिनब्याही मां) की जगह केवल मां, चाइल्ड प्रॉस्टिट्यूड की जगह पर तस्करी करके लाया बच्चा, बास्टर्ड की जगह ऐसा बच्चा जिसके माता-पिता ने शादी न की हो, ईव टीजिंग की जगह स्ट्रीट सेक्शुअल हैरेसमेंट, हाउसवाइफ की जगह होममेकर, मिस्ट्रेस की जगह वह महिला जिसके साथ किसी पुरुष ने विवाहेतर रोमांटिक या यौन संबंध बनाए हों, का इस्तेमाल करने को कहा गया। इसके अलावा प्रोवोकेटिव क्लोदिंग/ड्रेस (भड़काऊ कपड़े) की जगह क्लोदिंग/ड्रेस, एफेमिनेट (जनाना) की जगह जेंडर न्यूट्रल शब्दों का प्रयोग, वफादार पत्नी/अच्छी पत्नी/आज्ञाकारी पत्नी की जगह वाइफ (पत्नी), भारतीय महिला/पश्चिमी महिला की जगह महिला, कॉन्क्युबाइन/कीप की जगह ऐसी महिला जिसका शादी के इतर किसी पुरुष से शारीरिक संबंध हो, जैसे वाक्य या शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए।

# राजधानी में 20 को आएंगे अमित शाह, 26 को खड़गे भरेंगे हुंकार

**रायपुर**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा और कांग्रेस के आला नेताओं का दौरा शुरू हो चुका है। केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह 20 अगस्त सूबे की राजधानी में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

इधर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रायपुर में ही 26 अगस्त को एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे है। खड़गे के बाद राहुल गांधी 2 सितंबर और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल 19 सितंबर को प्रदेश में आने वाले हैं।



■ 2 सितंबर को राहुल 19 को वेणुगोपाल आएंगे

अमित शाह 20 अगस्त को जनजातीय मंत्रालय की ओर से साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद अमित शाह भाजपा के आला नेताओं के साथ पार्टी की चुनावी तैयारी पर चर्चा कर सकते हैं। गृह मंत्री के आने के महज हफ्तेभर बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 26 अगस्त को छत्तीसगढ़ आयेंगे। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने खड़गे के आगमन की जानकारी देते हुए बताया कि उनके बाद 2 सितंबर को राहुल गांधी और 19 सितंबर को केसी वेणुगोपाल रायपुर आयेंगे।

### मोदी मंत्रिमंडल ने किया फैसला

# सौ शहरों में चलेंगी एक हजार इलेक्ट्रिक बसें

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को देश के सौ चुनिंदा शहरों में पीएम ई-बस योजना के तहत 1000 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने की मंजूरी मिल गई। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने विश्वकर्मा योजना को हरी झंडी दे दी, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लालकिले से किया था। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ई-बस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत 57,613 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें से 20000 करोड़ केंद्र सरकार देगी बाकी की रकम राज्यों को खर्च करनी पड़ेगी। इस योजना के तहत उन शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनकी जनसंख्या 3 लाख या उससे ज्यादा होगी। उन्होंने कहाकि 10 हजार इलेक्ट्रिक बसें पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के अंतर्गत चलाई जाएंगी। अनुराग ठाकुर ने कहाकि सभी पुरानी बसें स्क्रैप नीति के तहत हटाई जा रही हैं। उनकी जगह पर अतिरिक्त बसें मुहैया कराई जाएंगी। यह योजना 10 साल तक चलेगी। ई-बस योजना में उन शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां पर परिवहन सेवा की कमी है। उन्होंने बताया कि देश में 3 लाख से 40 लाख की आबादी वाले कुल 169 शहर हैं। इसमें फिलहाल सर्वाधिक चुनौती वाले 100 शहरों को चुना जाएगा।

■ विश्वकर्मा योजना को भी मिली कैबिनेट की मंजूरी

**30 लाख शिल्पकार परिवारों को मिलेगा फायदा**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के छोटे कामगारों को आर्थिक मदद देने के लिए विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के लिए 13 हजार ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤


### उल्टा तिरंगा फहराने पर असम भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**गुवाहाटी**, 16 अगस्त (एजेंसी)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान गुवाहाटी में पार्टी मुख्यालय पर कथित तौर पर उल्टा तिरंगा फहराने के आरोप में असम भाजपा अध्यक्ष भाबेश कलिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कलिता पर देशद्रोही गतिविधि में शामिल होने का आरोप लगाते हुए तीन लोगों ने मंगलवार शाम को नगांव सदर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने दावा किया कि राज्य भाजपा नेता को इस तथ्य की जानकारी थी कि तिरंगा उल्टा रखा गया था और इसके बावजूद उन्होंने इसे फहराया।

# टिकट वितरण के लिए कोई कोटा तय नहीं : सिंहदेव



**रायपुर**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है। इसके चलते सरगर्मी बढ़ गई है। किसे टिकट मिलेगी और किसे नहीं, यह चर्चा अब शुरू हो गई है। वहीं बुधवार को प्रदेश कांग्रेस की चुनाव समिति की बैठक राजीव भवन में आयोजित हुई। बैठक के लिए पहुंचे उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि टिकट वितरण के लिए कोई कोटा तय नहीं है। केवल जीतने की क्षमता ही मुख्य आधार होगा। उन्होंने कहा कि यह देखकर कि ये दावेदार टीएस सिंहदेव गुट है टिकट नहीं मिलेगा, केवल विनिबिलिटी के आधार पर ही दी जाएगी। इस बैठक में चुनाव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित समिति के सदस्य शामिल होंगे। बैठक में शामिल होने के लिए मंत्री रविंद्र चौबे, अनिला भेड़िया, जय सिंह अग्रवाल, विधायक विकास उपाध्याय, राजिम विधायक अमितेश शुक्ला, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, रायपुर ग्रामीण विधायक सत्यनारायण शर्मा राजीव भवन पहुंचए। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस बैठक में जिसमें प्रत्याशी चयन का फॉर्मूला तय किया जा सकता है। साथ ही दावेदारों से आवेदन लेने की प्रक्रिया पर फैसला हो सकता है।

# चंद्रयान-3 से आज अलग होगा लैंडर

**चेन्नई**, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को भारत के चंद्रयान-3 को चंद्रमा के और करीब ले जाते हुए कहा कि लैंडर मॉड्यूल को गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग किया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा, आज की सफल फायरिंग, जो थोड़े समय के लिए आवश्यक थी, ने चंद्रयान-3 को अपनी मंशा के अनुरूप 153 किमी गुना 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसके साथ ही चंद्रयान की कक्षा बदलने का काम पूरा हो गया है। अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्राओं के लिए तैयार हो रहे हैं। प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को 17 अगस्त 2023 को अलग करने की योजना बनाई गई है। चंद्रयान-3 में एक प्रणोदक मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल हैं। भारत के तीसरे चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारना है। चंद्रयान-2 मिशन में लैंडर पर नियंत्रण खो देने की वजह से उसकी सॉफ्ट लैंडिंग की जगह क्रैश लैंडिंग हो गई थी और लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसरो के मुताबिक, लैंडर के 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। सॉफ्ट लैंडिंग एक पेचीदा मुद्दा है। सुरक्षित और जोखिम-रहति क्षेत्र खोजने के लिए लैंडिंग से पहले साइट की इमेजिंग की जाएगी। लैंडिंग के बाद छह पहियों वाला रोवर बाहर निकलेगा और एक चंद्र दिवस की अवधि के लिए चंद्रमा की सतह पर प्रयोग करेगा जो पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर है।

■ चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3
■ 100 किमी ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा

# शिव मंदिर हादसे में अब तक 13 शव बरामद

**शिमला**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में बारिश ने हाहाकार मचा दी है। प्रदेश भर में लैंडस्लाइड से भारी नुकसान हुआ है। बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के चलते प्रदेश में बड़ी संख्या में लैंडस्लाइड के मामले सामने आए हैं। खास कर राजधानी में लैंडस्लाइड ने भारी तबाही मचाई. शिमला में शिव मंदिर पर लैंडस्लाइड होने से कई लोग मलबे के नीचे दब गए। लाल कोठी और कृष्णा नगर में लैंडस्लाइड ने तबाही मचाई। राजधानी शिमला में समरहिल के शिव मंदिर में तीसरे दिन भी लापता लोगों को तलाशने के लिए सर्च ऑपरेशन बुधवार सुबह से ही शुरू कर दिया गया था। बचाव अभियान में सेना की छोटी मशीन की भी मदद ली जा रही है। सर्च ऑपरेशन सुबह 7:30 बजे से जारी है। इस दर्दनाक घटना में अब तक 13 लोगों के शव निकाले गए हैं। अभी भी मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे जवानों ने अब शिव मंदिर से लेकर नीचे एक किलोमीटर तक नाले में शवों की तलाश शुरू कर दी है। इसमें कई और शव मिलने की आशंका है। अभी बारिश का दौर थोड़ा थमा हुआ है, जिसके कारण रेस्क्यू के जल्द पूरा होने की संभावना है। लापता लोगों के परिजन लगातार इनके मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मंदिर के आसपास मलबा ज्यादा होने के कारण इन्हें तलाशना काफी मुश्किल हो रहा है।

### शिकायत पर कार्रवाई — मुख्य सचिव से मांगी 7 दिनों में रिपोर्ट

# छत्तीसगढ़ में 39 हजार शिशुओं की मौत मामले पर राष्ट्रीय बाल आयोग ने लिया संज्ञान

**रायपुर, 16 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 39 हजार से अधिक शिशुओं की मौत के मामले को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव को जांच कराकर 7 दिन में रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।**

*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सांसद अरुण साव के नेतृत्व में भाजपा सांसदों ने राज्य में कांग्रेस राज में 39 हजार से अधिक शिशुओं की मौत के लिए सरकार को जिम्मेदार करार देते हुए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो से कार्रवाई करने की मांग की थी। साव के नेतृत्व में सांसद विजय बघेल, गोमती साय, गुहाराम अजगल्ले ने आयोग को तथ्यात्मक शिकायत की थी।*

*प्रदेश भाजपा अध्यक्ष साव ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष को जानकारी देते हुए बताया था कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य के उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में जनवरी 2019 से जून 2023 तक 0 से 5 वर्ष के बच्चों की मृत्यु का आंकड़ा 39267 है। यह अत्यंत चिंताजनक विषय है। इस आंकड़े से यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने में पूर्णत विफल रही है। इसी कारण इतने बड़े पैमाने पर बच्चों की मृत्यु हुई है। राज्य सरकार लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है। इतनी बड़ी संख्या में मौतों की दोषी कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष से आग्रह किया था कि इस बेहद गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए नवजात बच्चों की मृत्यु की समुचित जांच कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें। आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13 (1)(जे) के तहत संज्ञान में लिया है।*






## 'देवरा' से सैफ अली खान का लुक जारी, एनटीआर जूनियर ने पोस्टर शेयर करते हुए किया बर्थडे विश

**मुंबई,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। 'आरआरआर' के लिए मशहूर एक्टर एनटीआर जूनियर ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया के जरिए अभिनेता सैफ अली खान को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। एक्टर को शुभकामनाएं देते हुए, एनटीआर जूनियर ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'देवरा' से सैफ का एक पोस्टर शेयर किया। 'देवरा' सैफ की पहली तेलुगु फिल्म है। पोस्टर में सैफ लंबे घुंघराले और घने बालों के साथ ब्लैक शर्ट पहने हुए इंटेंस लुक में नजर आ रहे हैं। इसमें सैफ के किरदार का नाम भैरा भी बताया गया है। पोस्टर में सैफ के बैकग्रांउड में जलाशय और पहाड़ियां नजर आ रही हैं। एनटीआर जूनियर ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी बर्थडे सैफ सर।'

# कश्मीर की नई पहचान बना श्रीनगर का घंटाघर चौक लाल चौक



■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। डल झील और ट्यूलिप गार्डन के बाद अब एक नए रंग रूप में निखरकर सामने आया घंटाघर चौक अर्थात लाल चौक कश्मीर की नई पहचान बन गया है। यही कारण है कि अगर कल स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान यहां तिरंगा फहराने के साथ ही सेल्फी लेने वलों की भीड़ उमड़ी थी वहीं अब टूर आप्रेटरों ने कश्मीर आने वाले टूरिस्टों के लिए इसे अपनी दर्शनीय स्थलों की सूची में भी शामिल कर लिया है। कभी आतंकवाद की निशानी रहा घंटाघर, जिसे लाल चौक पर क्लाक टावर के रूप में भी जाना जाता है, कश्मीर में एक समृद्ध इतिहास रखता है। इतिहासकार जरीफ अहमद जरीफ के अनुसार, घंटाघर के निर्माण से पहले, लाल चौक पर एक 'लाल चौक' भी था, जिसे ईसाइयों द्वारा विकसित किया गया था। बाद में, जम्मू कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख मुहम्मद अब्दुल्ला के अनुरोध पर बजाज समूह द्वारा क्लाक टावर का निर्माण किया गया था।

1975 में इंद्रा गांधी-अब्दुल्ला समझौते के बाद, बजाज समूह कश्मीर पहुंचा और क्लाक टावर विकसित करने के लिए स्थान के रूप में लाल चौक को चुना। बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने 1979 में कंपनी के विज्ञापन के रूप में टावर का निर्माण किया था।

1989 के बाद से, क्लाक टावर ने राजनीतिक महत्व प्राप्त कर लिया है, राजनेता और कार्यकर्ता अपनी राजनीतिक संबद्धता के आधार पर, क्लाक टावर के ऊपर तिरंगा या हरा झंडा फहराने के लिए लाल चौक जाते हैं। यह ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1948 में इसी चौक में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) फहराया था।

अब स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत, अधिकारियों ने मौजूदा संरचना को ध्वस्त कर एक नया घंटाघर बना दिया गया है। इसे रिकार्ड समय में पूरा किया गया है। अब यही कश्मीर की शान के तौर पर खड़ा है। यह बात अलग है कि आतंकवाद के दिनों में यह घंटाघर पाकिस्तानी झंडों को अपने आप में समेटे रहता ही था, कई आतंकी हमलों का भी गवाह बना था। यही नहीं अनुच्छेद 370 की वापसी से पहले लाल चौक अर्थात घंटाघर चौक में तिरंगा फहराना खाला जी का घर नहीं था। लाल चौक पर एक दुकान के मालिक बशीर अहमद ने घंटाघर के पुनर्निर्माण पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसके ऐतिहासिक महत्व के बावजूद, प्रशासन ने लंबे समय तक इस स्थान और टावर की उपेक्षा की थी। अहमद का मानना है कि टावर का पूरा होना आकर्षक है और स्थानीय समुदाय इसका स्वागत करता है।



प्रेस एन्क्लेव, राजनीतिक दल कार्यालयों, मिशनरी स्कूलों, कालेजों और प्रसिद्ध बाजारों के पास स्थित, लाल चौक का घंटा घर एक जीवंत स्थान रखता है। इस साल की शुरुआत में, एक समूह ने घंटाघर पर फिरन फैशन प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसने व्यस्त स्थान के बावजूद काफी ध्यान आकर्षित किया था। कुल मिलाकर, लाल चौक पर घंटा घर कश्मीर में एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक और राजनीतिक स्थल के रूप में कार्य करता है, जो अपने जीवंत स्थान के कारण जीवन के सभी क्षेत्रों से आगंतुकों को आकर्षित करने लगा है।

# बिहार में केले के तने से तैयार जैविक खाद बना किसानों की कमाई का जरिया

**पटना,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। केले की खेती करने वाले किसान इसके फल के साथ तना से जैविक खाद बनाकर इसका उपयोग खेती के लिए तो कर ही रहे हैं, इस खाद की बिक्री कर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर रहे हैं। खाद के प्रयोग में अच्छी सफलता मिलने के बाद बिहार के समस्तीपुर स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा इसके प्रति किसानों को जागरूक कर प्रशिक्षण भी दे रहा है। इसके लिए मशीन भी लगाई गई है। करीब 250 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्ष 2020 - 2021 के आकड़े के अनुसार, बिहार में केला कुल 35.32 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में उगाया जाता है, जिससे कुल 1612.56 हजार टन उत्पादन प्राप्त होता है। बिहार की उत्पादकता 45.66 टन प्रति हेक्टेयर है।

भारत में उत्पादित 90 प्रतिशत से अधिक केले का घरेलू स्तर पर ताजे फल के रूप में सेवन किया जाता है। एक अनुमान के मुताबिक केले में प्रसंस्करण केवल 2.50 प्रतिशत ही होता है।

विश्वविद्यालय के मुताबिक, बिहार में लगभग चार लाख लोग केले की खेती, कटाई, हैंडलिंग और परिवहन पर अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। लगभग 70-80 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर केले के घौद (बंच) की कटाई के बाद केले के आभासी तने को खेत के बाहर फेंक दिया जाता था। केला उत्पादक किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती केले के आभासी तने के इस विशाल बायोमास को मूल्य वर्धित उत्पादों में बदलना है।

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्विद्यालय ने वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत एक कार्यदल बना कर पिछले साल कार्य करना प्रारंभ किया और इसके सफल परिणाम सामने आए। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीएस पांडेय बताते हैं कि इसके बहुत लाभ हुए हैं। केले के तने का प्रसंस्करण कर उससे विभिन्न तरह के मूल्यवर्धित उत्पाद बनाने के भी अनुसंधान कार्य से लोगों को लाभ हुआ। फेंके हुए तने से रेशा निकालकर उससे मैट, हैट, बैग, टोकरी, कैलेंडर आदि उपयोगी सामान बनाए जा रहे हैं।



डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा इसके प्रति किसानों को जागरूक कर प्रशिक्षण भी दे रहा है। करीब 250 किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

केले के बेकार फेंके जाने वाले तने को कुछ दिन बाद प्राय: किसान जला देते हैं। केला उत्पादक किसान केले की कटाई के बाद तने से वर्मी कंपोस्ट खाद, रेशा निकालकर तथा उससे उपयोगी सामान बनाकर केले के तने से सैप यानी पेय पदार्थ बनाकर अच्छी कमाई कर रहे हैं। इस परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. एसके सिंह बताते हैं कि अनुसंधान के तहत केले के थंब से लगभग 50 टन वर्मी कंपोस्ट तैयार की गई। किसानों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

किसानों का कहना है कि पहले केला के फल के अलावा कुछ प्राप्त नहीं होता था। कुछ धार्मिक कार्यों में तने की मांग होती थी, लेकिन आज तने की बराबर मांग हो रही है।

# अनुबंध का उल्लंघन करने को लेकर फिल्म फाइनेंस कंपनी टीएसजी ने डिज्नी पर किया मुकदमा



कंपनी ने दावा किया है कि डिज्नी ने 'अवतार : द वे ऑफ वॉटर' में उसे ज्यादा निवेश करने से रोका है, जिसके कराण टीएसजी एंटरटेनमेंट को लाखों डॉलर घाटा हुआ

**न्यूयॉर्क,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। अनुबंध का उल्लंघन करने पर फिल्म फाइनेंसर टीएसजी एंटरटेनमेंट ने डिज्नी पर मुकदमा दायर किया है। कंपनी ने दावा किया है कि डिज्नी ने 'अवतार : द वे ऑफ वॉटर' में उसे ज्यादा निवेश करने से रोका है, जिसके कराण टीएसजी एंटरटेनमेंट को लाखों डॉलर घाटा हुआ। वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार ट्वेंटिएथ सेंचुरी फॉक्स के लिए 'डेडपूल' फ्रेंचाइजी में फाइनेंस करने वाली टीएसजी एंटरटेनमेंट ने अनुबंध के कथित उल्लंघन की ओर इशारा करते हुए स्टूडियो और उसकी मूल कंपनी डिज्नी पर मुकदमा किया है। मुकदमे में आरोप लगाया गया कि हॉलीवुड की दिग्गज कंपनी ने अपने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म और स्टॉक की कीमत को बढ़ावा देने के लिए उसका मुनाफा रोक दिया और सौदों में कटौती की। टीएसजी ने 20वीं सेंचुरी में फॉक्स द्वारा निर्मित लगभग 140 फिल्मों में फाइनेंस किया है, जिसे डिज्नी ने 2019 में अधिग्रहण किया था, जिसमें 'अवतार : द वे ऑफ वॉटर' भी शामिल है। कंपनी ने कहा कि उसने 2012 से स्टूडियो में लगभग 3.3 बिलियन डॉलर का निवेश किया है। मुकदमे में कहा गया कि कैसे हॉलीवुड अकाउंटिंग के लंबे इतिहास वाले दो हॉलीवुड दिग्गजों फॉक्स और डिज्नी ने टीएसजी फाइनेंसर को वंचित करने के लिए हॉलीवुड अकाउंटिंग प्लेबुक में लगभग हर चाल चलने की कोशिश की है। कंपनी ने कहा कि उसने विश्वास के साथ 3.3 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया था। वहीं, डिज्नी ने अभी तक मुकदमे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। टीएसजी ने आरोप लगाया कि जब उसने अन्य फिल्मों में अपनी हिस्सेदारी बेचने के अपने अधिकार का प्रयोग करने का प्रयास किया तो डिज्नी ने इसे अस्वीकार कर दिया।

# 300 करोड़ रुपए के कलेक्शन की ओर बढ़ रही 'गदर 2', 'जेलर' ने की इतने करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। 'गदर 2' ने 11 अगस्त को रिलीज होने के बाद से बॉक्स ऑफिस पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए 270.20 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। अगर इसमें वर्ल्डवाइड कलेक्शन को जोड़ दिया जाए, तो यह 300 करोड़ रुपए के करीब है (यह लगभग 298.20 करोड़ रुपए बैठता है)। इस ब्लॉकबस्टर ने 15 अगस्त को दिन के हिसाब से सबसे ज्यादा शुद्ध कमाई (55.4 करोड़ रुपए) की। रजनीकांत स्टारर तमिल हिट फिल्म 'जेलर' (भारत में) अपने हील्स के बहुत करीब है, 10 अगस्त को रिलीज होने के बाद से इसका नेट कलेक्शन (यानी माइनस जीएसटी, जो फिल्मों पर 18 प्रतिशत है) 210.65 करोड़ रुपए है। थलाइवा की बड़ी विदेशी फैन फॉलोइंग से उत्साहित, फिल्म की दुनिया भर में कमाई ट्रेड मीडिया द्वारा 392.20 करोड़ रुपए आंकी गई है, जो 'गदर 2' से काफी अधिक है। इसकी तुलना में, 'ओएमजी 2' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन, हालांकि यह पिछले दो सालों में अक्षय कुमार के नेतृत्व वाली फिल्म के लिए सबसे अच्छा रहा है, फिर भी 100 करोड़ रुपए तक नहीं पहुंच पाया है। यह अभी भी 99.30 करोड़ रुपए पर लटका हुआ है। इसका भारत में ग्रॉस कलेक्शन लगभग 85.3 करोड़ रुपए (शुद्धः 72.27 करोड़) है। इन भारी हिटर्स की तुलना में, चिरंजीवी की 'भोला शंकर' को दुनिया भर में 39 करोड़ रुपए के आंकड़े के साथ संतोष करना पड़ा, जिसमें भारतीय सिनेमाघरों ने 33.4 करोड़ रुपए (कुल 28.35 करोड़ रुपए) का योगदान दिया। 'गदर 2' का विश्लेषण करते हुए, ट्रेड एनालिस्ट और एलारा कैपिटल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष करण तौरानी ने कहा, 'फिल्म ने उत्तर में बड़ा प्रभाव देखा है, खासकर टियर 2 और टियर 3 बाजारों में, जहां भारी उछाल देखा गया है।'




सनी देओल और मूल 'गदर' की एक्ट्रेस अमीषा पटेल स्टारर यह फिल्म बेंगलुरु से दिल्ली-एनसीआर तक देश भर में 80 प्रतिशत से अधिक की औसत ऑक्यूपेंसी दर्ज कर रही है, जहां इसने 95.75 प्रतिशत की शानदार ऑक्यूपेंसी हासिल की है। तौरानी का मानना है कि अब जबकि स्वतंत्रता दिवस का उत्साह पीछे छूट गया है, दर्शकों की संख्या में कमी आएगी, लेकिन 'गदर 2' के 500 करोड़ रुपए के क्लब में शामिल होने को लेकर व्यापार जगत उत्साहित है।

# भारतीय मूल के शोधकर्ता फेफड़ों के संक्रमण के निदान के लिए इमेजिंग तकनीक के शोध का कर रहे नेतृत्व

**न्यूयॉर्क,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। सिनसिनाटी विश्वविद्यालय के एक भारतीय मूल के शोधकर्ता के नेतृत्व में एक शोध चल रहा है, जिसका मकसद नई इमेजिंग तकनीक विकसित करना है। इससे गंभीर रूप से बीमार रोगियों के इलाज में तेजी लाने के लिए कुछ प्रकार के फेफड़ों के संक्रमण की पहचान करना आसान हो जाएगा। यूसी जेम्स एल. विंकल कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्मास्युटिकल साइंस के एसोसिएट प्रोफेसर नलिनीकांत कोटागिरि के अनुसार, इमेजिंग में दो से तीन दिन लगने के बजाय वास्तविक समय में विशिष्ट फेफड़ों के संक्रमण की पहचान करने की क्षमता है। नलिनीकांत कोटागिरि ने कहा कि उनकी टीम विभिन्न प्रकार के इंजेक्टेबल जांचों की प्रभावशीलता का विकास और अध्ययन करेगी। संक्रमण वाले हिस्से को न्यूक्लियर इमेजिंग मशीन के नीचे लाकर उस पर रोशनी डाली जाएगी, जिसे पीईटी स्कैन के रूप में जाना जाता है।



इस समय रेडियोलॉजिस्ट निमोनिया और फेफड़ों में अन्य संक्रमणों के निदान की पुष्टि करने के लिए चेस्ट के एक्स-रे का उपयोग करते हैं, जो संक्रमण की विशिष्टताओं को निर्धारित नहीं कर सकते हैं। एक विशिष्ट निदान केवल एक रोगविज्ञानी द्वारा फेफड़े के ऊतकों का एक नमूना तैयार करने के बाद निर्धारित किया जा सकता है जो एक आक्रामक प्रक्रिया से एकत्र किया जाता है और इसमें आमतौर पर दो-तीन दिन का समय लगता है।

# दुर्भावनापूर्ण लिंक अब साइबर हमले के खतरे में शीर्ष पर

**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। हैकर्स धोखाधड़ी की शीर्ष रणनीति के रूप में दुर्भावनापूर्ण लिंक का उपयोग करते हैं, जिसमें 35.6 प्रतिशत धमकियां शामिल हैं। वे इस बारे में अधिक रचनात्मक हो रहे हैं कि लोगों को खराब लिंक पर क्लिक करने के लिए कैसे प्रेरित करना है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। साइबर सुरक्षा कंपनी क्लाउडफ्लेयर के अनुसार, पहचान संबंधी धोखाधड़ी भी बढ़ रही है। मई 2022 और मई 2023 के बीच इस तरह के 3.96 करोड़ खतरों का पता चला है।

निष्कर्षों से पता चला, 'हमलावर मुख्य रूप से उन ब्रांडों और संस्थाओं का प्रतिरूपण करते हैं जिन पर हम भरोसा करते हैं। अधिकांश (60.1 प्रतिशत) मामलों में हमलावर सिर्फ 25 संगठनों के रूप में खुद को पेश करते हैं - जिनमें माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, सेल्सफोर्स और अमेज़ॅन शामिल हैं।' एक अरब से अधिक ब्रांड प्रतिरूपण प्रयासों में हमलावरों ने 1,000 से अधिक विभिन्न संगठनों के रूप में खुद को प्रस्तुत किया। अधिकांश समय (51.7 प्रतिशत) उन्होंने 20 प्रसिद्ध ब्रांडों में से एक का प्रतिरूपण किया।



ईमेल ऑथेंटिकेशन प्रमाणीकरण भी हमलावरों को सफल होने से नहीं रोकता है क्योंकि अधिकांश (89 प्रतिशत) अवांछित संदेश ईमेल ऑथेंटिकेशन को पास कर जाते हैं। रिपोर्ट के लिए, टीम ने 27.9 करोड़ से अधिक ईमेल खतरे का पता लगाने, 25 करोड़ दुर्भावनापूर्ण संदेशों और ब्रांड प्रतिरूपण के एक अरब से अधिक उदाहरणों को देखा।

क्लाउडफ्लेयर के सीईओ मैथ्यू प्रिंस ने कहा, 'फ़िशिंग एक महामारी है जो इंटरनेट के हर कोने में फैल गई है। यह सीईओ से लेकर सरकारी अधिकारियों से लेकर रोजमर्रा के उपभोक्ता तक सभी को शिकार बना रही है।' पाए गए खतरों में से एक-तिहाई (30 प्रतिशत) में नए पंजीकृत डोमेन शामिल थे। बिजनेस ईमेल में सेंध (बीईसी) के कारण घाटा 50 अरब डॉलर से ऊपर हो गया है। कॉर्पोरेट संगठन इसके एकमात्र पीड़ित नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि फ़िशिंग का वास्तविक प्रभाव फॉर्च्यून 500 और वैश्विक कंपनियों से परे, छोटे और स्थानीय संगठनों के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र तक भी फैला हुआ है।

# चीन मूंगा चट्टानों की पारिस्थितिक व्यवस्था के संरक्षण में दे रहा है जोर

**बीजिंग,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। मूंगा चट्टानें समुद्र तल के दो हजारवें हिस्से से भी कम को कवर करती हैं, लेकिन करीब तीस प्रतिशत समुद्री प्रजातियों को आवास प्रदान करती हैं। मूंगा चट्टानें समुद्री पारिस्थितिक स्थिति के बैरोमीटर के रूप में जानी जाती है। जलवायु परिवर्तन और मानव गतिविधि के कारण कुछ क्षेत्रों में मूंगा चट्टानों की पारिस्थितिक व्यवस्था को नुकसान पहुंचा। हाल के वर्षों में चीन ने कई तटीय क्षेत्रों में प्राकृतिक बहाली और कृत्रिम पुनर्स्थापना के सहारे मूंगा चट्टानों की पारिस्थितिक व्यवस्था का संरक्षण बढ़ाया। दक्षिण चीन के हाईनान प्रांत के सानया शहर स्थित वुचीचो द्वीप में चीन का पहला उष्णकटिबंधीय समुद्री खेत मौजूद है। स्थानीय कर्मचारियों ने समुद्र में मूंगा का प्रत्यारोपण और मछली चट्टान में समायोजन किया। पांच साल से अधिक समय तक अब वुचीचो द्वीप के समुद्री क्षेत्र में 35 हजार से ज्यादा मूंगा का प्रत्यारोपण किया गया और करीब 50 हजार वर्ग मीटर मूंगा चट्टानों की बहाली हुई। इससे मूंगा चट्टान, मछली, झींगा, शंख और अन्य समुद्री जानवरों से गठित संपूर्ण समुद्री जीवमंडल स्थापित हो चुका है।





# 53 वर्ष की हुई मनीषा कोइराला

**मुंबई,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री मनीषा कोईराला आज 53 वर्ष की हो गयी। नेपाल के काठमांडू में 16 अगस्त 1970 को जन्मी मनीषा कोइराला के दादा विशेश्वर प्रसाद कोइराला के दादा नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके है। मनीषा कोईराला ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1989 में प्रदर्शित नेपाली फिल्म फेरी भेटुला से की इस फिल्म में मनीषा ने छोटी सी भूमिका निभायी थी। वर्ष 1991 में प्रदर्शित फिल्म सुभाष घई की फिल्म सौदागर से मनीषा कोइराला ने बतौर अभिनेत्री बॉलीवुड में पर्दापण किया।इस फिल्म में मनीषा और विवेक मुसरान पर इलू इलू गीत फिल्माया गया था। इसके बाद मनीषा इंडस्ट्री में इलू इलू गर्ल के रूप में मशहूर हो गयी।

वर्ष 1994 में मनीषा कोईराला को विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म 1942 ए लव स्टोरी में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गयी । वर्ष 1995 में प्रदर्शित फिल्म बांबे मनीषा कोइराला के करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है।

मणिरत्नम के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये मनीषा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर क्रिटिक्स पुरस्कार से सम्मानित की गयी। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी मनीषा के करियर की एक और उल्लेखनीय फिल्म साबित हुयी।संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस फिल्म के लिये मनीषा कोइराला को एक बार फिर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्म फेयर क्रिटिक्स पुरस्कार दिया गया।

वर्ष 1998 में मनीषा कोईराला को एक बार फिर से मणिरत्नम के साथ फिल्म दिल से में काम करने का अवसर मिला। इस फिल्म में मनीषा का किरदार ग्रे शेड्स लिये हुये थे। इस फिल्म के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित की गयी। वर्ष 2010 में मनीषा कोइराला की शादी बिजनेसमैंन सम्राट दहाल से हुई थी। लेकिन यह शादी ज्यादा दिन नहीं टिक सकी, और 2012 में इस जोड़ी ने तलाक ले लिया। वर्ष 2012 में मनीषा कोइराला को गर्भाशय का कैंसर होने का पता लगा लेकिन मनीषा ने कैंसर को मात दे दी। मनीषा कोईराला के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में यलगार, मिलन, दुश्मनी, अकेले हम अकेले तुम, अग्निसाक्षी, गुप्त,लाल बादशाह, कारतूस, मन, छुपा रूसतम, मार्केट, कंपनी, जानी दुश्मन, लज्जा, चैम्पियन, खौफ़, बाग़ी, भूत रिर्टन्स, डियर माया प्रमुख है।

# आईपीएस अधिकारी की पहल, लावारिस बच्चों के लिए 'रेल पुलिस पाठशाला' की शुरूआत

**मुजफ्फरपुर,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में एक आईपीएस अधिकारी ने लावारिस बच्चों को साक्षर बनाने की अनोखी पहल करते हुए रेल पुलिस पाठशाला की शुरुआत की है। आईपीएस अधिकारी के इस पहल की सर्वत्र चर्चा हो रही है। दरअसल, मुजफ्फरपुर जंक्शन पर घूमने वाले लावारिस बच्चों के लिए मुजफ्फरपुर रेल एसपी कुमार आशीष की पहल पर रेल पुलिस पाठशाला की शुरुआत की गई है। इस अनोखी पहल में विभिन्न प्लेटफार्म भटकने वाले लावारिस और जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। कहा जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रेल पुलिस मुजफ्फरपुर ने करीब दो दर्जन बच्चों को अज्ञानता और संभावित अपराध की दुनिया से आज़ादी देने की कोशिश की है।



इस पाठशाला के उद्घाटन के बाद रेल एसपी खुद बच्चों को पढ़ाने में जुटे हुए हैं। छोटे-छोटे बच्चों को उन्होंने ए बी सी डी सिखाया। उन्होंने बताया कि लावारिस भटक रहे बच्चों की सबसे पहले सूची तैयार की गई, जिसके बाद सभी को बैग, किताब, कॉपी, स्लेट, पेंसिल, पेन इत्यादि दिया गया है।कुछ दिन लगातार इनको पढ़ाने के बाद नजदीकी सरकारी स्कूलों में इनका बाकायदा नामांकन करवा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि रेल पुलिस पाठशाला भी स्कूल के समय बाद के समय में चलती रहेगी ताकि उन्हें शेष बच्चों के समकक्ष बनाया जा सके।

रायपुर, गुरूवार 17 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लाल किले का कद घटाते नरेन्द्र मोदी

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जिस लहज़े में सम्बोधित किया वह उनकी प्रवृत्ति व तेवर के बहुत विपरीत तो नहीं था लेकिन ज्यादातर लोग मानकर चल रहे थे कि अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम स्वतंत्रता दिवस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख होने के नाते वे अमृत काल के समापन अवसर पर दिये जाने वाले उद्‌बोधन के जरिये राष्ट्र को गरिमामय तरीके से कोई अभिनव दिशा देंगे। आशा की गई थी कि बदहाली से विचलित व व्यथित देश की अवाम और हाल की अनेक घटनाओं से पीड़ित लोगों के ज़ख्मों पर मरहम लगाकर मोदी बतलाएंगे कि पूरा देश एक स्पंदित समाज है जिसके पास परस्पर सुख-दुख में एक-दूसरे को सम्भालने की ताकत है और जो उदार और संवेदनशील भी है।

मोदी ने एक बार फिर से सभी को निराश किया, जैसा कि वे इसी स्थान पर खड़े होकर पिछले 9 वर्षों से करते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी संदेश दे दिया कि उनके पास कहने के लिये मौलिक कुछ भी नहीं है। इतिहास को कोसने और सारी योजनाओं का प्रतिफल कहीं दूर भविष्य में उपलब्ध करने वाला मोदी का यह भाषण उनके पिछले किसी भी अन्य उद्‌बोधन से कतई अलहदा नहीं था। 15 अगस्त का उल्लेख करने वाले उनके वाक्यों को हटा दिया जाये तो यह फर्क करना मुश्किल होगा कि मोदी ये बातें अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कर रहे हैं या संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे हैं। प्रतिपक्ष की आलोचना करने, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का इज़हार करने और हवाई किले बनाने की उनकी प्रवृत्ति स्थान और प्रसंग विशेष का भेद मिटा देती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जश्ने-आज़ादी-2023 का उनका वक्तव्य केवल उनके अपने पद की ही प्रतिष्ठा में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज करने के लिये याद नहीं किया जायेगा बल्कि वह राष्ट्र के सबसे पवित्र पर्व एवं सर्वोच्च मंच की गरिमा दोनों को ही धूल-धुसरित करने वाले ऐसे एकालाप के रूप में दाखिल हो गया है जिसका प्रदर्शन वे अपने दो बार के कार्यकाल में अनगिनत बार कर चुके हैं। चूंकि चुनाव जीतने और सत्ता बनाये रखने में 24×7 व्यस्त रहने वाले मोदी का सारा विमर्श परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की घिसी-पिटी बातों तक सीमित था अत: उनके पास देशवासियों को देने के लिये कुछ था ही नहीं।

यह अवसर तमाम क्षुद्रताओं व संकार्णताओं से उठकर कुछ नया कहने और करने की प्रेरणा देने वाला होता है। पिछले सारे प्रधानमंत्रियों ने यही किया है। कई पीएम ऐसे हुए जिनका कद न जवाहरलाल नेहरू जितना था, न ही लालबहादुर शास्त्री सा; और न ही इंदिरा गांधी जैसा। हर कोई समकालीन परिस्थितियों, अपनी विशिष्ट कार्य शैली और विचारधारा के अनुरूप देशवासियों से मुख़ातिब हुआ। सभी प्रधानमंत्री प्राचीर की सीढ़ियों के नीचे दलगत सियासत और निजी विचारों को छोड़कर उद्‌बोधन के लिये ऊपर चढ़ते थे।

वैसे तो मोदी के पहले के सारे वक्तव्यों में भी प्रकारांतर से विरोधियों को ललकारने, कोसने, नीचा दिखाने जैसे तत्व पाये जाते रहे परन्तु मंगलवार का सम्बोधन उनके वर्तमान कार्यकाल का आखिरी था जिसे उन्होंने यूं लिया मानों वे अपने राजनैतिक विरोधियों से हिसाब अंतिम रूप से चुकता कर रहे हों। उनका सर्वाधिक अभद्र प्रदर्शन वह था जब उन्होंने साफ कर दिया कि अगले साल यहां वे ही तिरंगा फहरायेंगे। ऐसा कहना एक तरह से सम्पूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही अपमान है। आखिर कोई पीएम यह दावा कैसे कर सकता है कि अगले साल के मध्य में होने जा रहे आम चुनावों में जनता उनकी पार्टी को ही बहुमत से जिताएगी। दूसरे, भारत में प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था तो है नहीं, जैसी कि अमेरिका में है जहां राष्ट्रपति प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचित होता है। यहां सबसे बड़े विजेता दल के द्वारा संसदीय दल में अपना नेता चुना जाता है जो सामान्य तौर पर उस पार्टी के द्वारा भी स्वीकृत होता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो उसके बारे में लोकप्रिय मान्यता यह है (जो काफी हद तक सही है) कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसे तय करता है उसे ही भाजपा कार्यकारिणी अनुमोदित करती है। मोदी के मामले में भी यही हुआ था। अगर मोदी अगले साल भी झंडा फहराने की बात करते हैं तो क्या यह समझा जाये कि उन्हें भाजपा व संघ की अनुमति या स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है? क्या वे इन दो संगठनों से बड़े हो गये हैं? अगर ऐसा है तो यह भाजपा-संघ दोनों के लिये चिंताजनक है।

गौतम अदानी के साथ उनके संबंधों को लेकर हुए खुलासों के साथ ही उनके नेतृत्व में भारत में फैली परस्पर नफ़रत, सामाजिक ध्रुवीकरण के कुत्सित प्रयासों से ऊपजी हिंसा (हालिया मणिपुर, मेवात, जयपुर-मुंबई ट्रेन में मुस्लिमों पर गोलीचालन आदि की घटनाएं), मानवाधिकार के हनन जैसे मुद्दों के कारण उनका चेहरा काफी दागदार हो गया है। इसके अलावा सतत मजबूत होते विपक्षी गठबन्धन ने मोदी की जमीन को खिसका दिया है। देश के भीतर व बाहर उनकी जबर्दस्त किरकिरी हुई है। अपनी इसी दरकती ज़मीन को बचाने के लिये मोदी ने लाल किले का इस्तेमाल एक ओर तो अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिये किया तो वहीं अपनी दावेदारी भी पेश की है। मोदी का यह भाषण जनमत को नीचा दिखाना तो है ही, समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली का अपमान भी है। मोदी ने इस ऐतिहासिक अवसर एवं स्थान का जैसा इस्तेमाल किया है वह न केवल भौंडा है, बल्कि अनैतिक व अलोकतांत्रिक भी है। मोदी ने अपने पद की गरिमा ही नहीं गिराई, विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से भारतीय गर्व के प्रतीक लाल किले का कद भी घटाया है।

# अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

दक्षिणपंथी सोच के लोग आजादी की लड़ाई के वक्त से गांधी-नेहरू से खौफ खाते थे। अंग्रेजों के खिलाफ जब देश के लाखों लोग गांधी, नेहरू, पटेल, बोस, आजाद और भगत सिंह के नक्शे कदमों पर चलकर हंसते-हंसते कुर्बानी देने तैयार हो जाते थे, तब हिंदू महासभा जैसे संगठनों के अनुयायी अपने को बचाने, अंग्रेजों के वफादार बनने और इन स्वाधीनता सेनानियों के प्रयासों को विफल करने में जुटे रहते थे। हालांकि इनकी कोशिशें कामयाब नहीं हुईं। देश स्वाधीनता सेनानियों और लाखों-करोड़ों हिंदुस्तानियों की त्याग और तपस्या के बूते आजाद हो गया। दक्षिणपंथी लोगों की निगाह में देश की आजादी से अधिक जरूरी हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को खाद-पानी देना था। गांधीजी इस कोशिश में उन्हें बाधक की तरह दिखे तो बेझिझक गांधी की हत्या कर दी गई। लेकिन नेहरू उनके लिए बड़ी चुनौती बने रहे। आजादी के बाद जिस तरह पं. नेहरू ने देश को संभाला, आगे बढ़ाया, दुनिया के मानचित्र में भारत को प्रतिष्ठा दिलाई, दसियों देशों की आजादी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने, उससे नेहरू को लेकर संघ का डर और बढ़ता गया। संघ ने पांच-छह दशकों का लंबा इंतजार किया कि उसे किसी तरह नेहरू से बदला लेने का मौका मिले। नेहरू के बारे में बेबुनियाद, झूठी खबरें अफवाही तंत्र ने बहुत फैलाई और अब इस नापाक साजिश में और तेजी आ चुकी है। अब देश से नेहरू के नाम को मिटाने वाले फैसले लिए जा रहे हैं। नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया है। ये फैसला जून में ही लिया जा चुका था, लेकिन इसे 15 अगस्त के मौके पर ही अमल में क्यों लाया गया, ये गंभीरता से सोचने वाली बात है। कांग्रेस ने इस फैसले पर पलटवार किया है। लेकिन कांग्रेस को अब बातों से बढ़कर एक्शन में दिखने की जरूरत है। क्योंकि नेहरू के साथ अब आजादी के आंदोलन को खारिज करने की कोशिश भी शुरु हो गई है।

इलेक्ट्रानिक मीडिया के (कु) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली। साफ तौर पर समझ आता है कि देश में नए किस्म का इतिहास लिखने की तैयारी हो रही है। 1947 के पहले के इतिहास में भारत के लिए दक्षिणपंथियों का कोई योगदान दर्ज नहीं है, तो इसे छिपाने के लिए इतिहास ही बदला जा रहा है। कुछ दिनों से प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह क्विट इंडिया के नारे को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से जोड़ रहे हैं, वो भी ऐसी ही कोशिश है। इस कोशिश को श्री मोदी लालकिले से भी दोहराते नजर आए। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लगातार दसवीं बार प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। इस तरह डॉ.मनमोहन सिंह की बराबरी उन्होंने कर ली। लेकिन इस महत्वपूर्ण मौके की गरिमा बनाए रखने की जगह श्री मोदी ने चुनावी रैली की तरह लालकिले से भाषण दिया। उन्होंने ये तक कह दिया कि अगले साल भी वो ही आएंगे। उनके पहले जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सभी में कोई न कोई कमी रही होगी, लेकिन आत्ममुग्धता से कोई भी प्रधानमंत्री ऐसा ग्रसित नहीं रहा, जैसा मोदीजी दिखाई दिए।

इलेक्ट्रानिक मीडिया के ( कु ) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली।

प्रधानमंत्री के भाषण में देश से अधिक सत्ता की चिंता नजर आई। लालकिले पर खड़े होकर भी उन्होंने विपक्ष को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में देशवासियों को 'परिवारजन' कहकर संबोधित किया। जबकि इससे पहले अपने भाषणों में विपक्ष को परिवारवाद के नाम पर ही घेरने की कोशिश श्री मोदी करते रहे हैं और लालकिले से भी उन्होंने ऐसा ही किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' और कांग्रेस पर भी बिना नाम लिए तंज़ कसते हुए कहा, ''देश के लोकतंत्र में एक बीमारी आई है- परिवारवादी पार्टी. इनका एक ही मंत्र है- परिवार को, परिवार के लिए, परिवार के द्वारा।'' वहीं श्री मोदी ने देश की तीन बुराइयां बतलाईं भ्रष्टाचार, परिवारवाद,और तुष्टिकरण। जब से इंडिया का गठन हुआ है श्री मोदी इन्हीं तीन विषयों को हर मंच से उठाते रहे हैं। लालकिले से उन्होंने घमंडिया और परिवारवाद क्विट इंडिया जैसी बातें नहीं की, लेकिन जो कुछ कहा उसका मतलब इसी के इर्द-गिर्द ही घूम रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की खास बात ये रही कि उन्होंने शुरुआत में ही मणिपुर की बात की, जबकि पिछले साढ़े तीन महीनों से मोदी मणिपुर पर बोलने से वे बचते ही रहे हैं। संसद में भी उन्होंने मणिपुर पर केवल 2 मिनट दिए, लेकिन लालकिले से मोदी ने कहा कि ''पिछले समय से मणिपुर में हिंसा का जो दौर चला. कई लोगों को हिंसा को शिकार होना पड़ा. मां- बेटियों के साथ अत्याचार हुआ लेकिन कुछ दिनों से शांति की ख़बरें आ रही है।'' उन्होंने कहा कि 'देश मणिपुर के साथ है। केंद्र सरकार, राज्य के साथ मिलकर समाधान के प्रयास कर रही है और करती रहेगी'। वहीं मणिपुर की घटना को देश की एकता के साथ जोड़ते हुए श्री मोदी ने कहा घटना मणिपुर में होती है तो दर्द महाराष्ट्र में होता है। ये बात शायद राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के जवाब के लिए थी। लेकिन केवल दो लाइनों की बात चार हजार किमी की पदयात्रा का मुकाबला नहीं कर सकती।

खैर भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री ने मणिपुर से की तो आखिरी में अगले साल फिर से लाल क़िले से भाषण देने की बात कही। जनता से अगले साल भी आने के लिए आशीर्वाद की अपील करना अलग बात है, ये काम चुनावी मंच से होना चाहिए। मगर नरेन्द्र मोदी ने जनता के सामने ऐलान कर दिया कि वे अगले साल भी आएंगे, इसका मतलब ये है कि उन्होंने भारत की लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रणाली को ठेंगा दिखला दिया। जनता को ये तय करने का अधिकार नहीं दिया कि अगले साल वह किसे प्रधानमंत्री चुनना चाहती है, बस अपना फैसला सुना दिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इतनी अलोकतांत्रिक बात जनता किस तरह स्वीकार करेगी, इस पर मंथन बेहद जरूरी है। सवाल ये भी है कि क्या श्री मोदी राहुल गांधी के बढ़ते कद की वजह से डर रहे हैं। पहले इंडिया और अब भारत माता के नाम की चुनौती उनके सामने पेश हो रही है।

राहुल गांधी ने स्वतंत्रता दिवस पर ट्वीट किया कि 'भारत माता हर भारतीय की आवाज है! वहीं भारत जोड़ो यात्रा और भारत माता की आवाज के बारे में एक खुली चिट्ठी में राहुल गांधी ने लिखा- 'पिछले साल मैंने एक सौ पैंतालीस दिन उस ज़मीन पर घूमते हुए बिताए जिसे मैं अपना घर कहता हूं। मैंने समुद्र के किनारे से शुरुआत की और गर्मी, धूल और बारिश से गुज़रा। जंगलों, कस्बों और पहाड़ियों से होते हुए, जब तक कि मैं मेरे प्यारे कश्मीर नहीं पहुंच गया।'

मेरी भारत माता, जमीन का टुकड़ा-भर नहीं, कुछ धारणाओं का गुच्छा-भर भी नहीं है, न ही किसी एक धर्म, संस्कृति या इतिहास-विशेष का आख्यान, न ही कोई खास जाति-भर। बल्कि हरेक भारतीय की आवाज है भारत माता, चाहे वह कमजोर हो या मजबूत। उन आवाजों में गहरे पैठी जो खुशी है, जो भय और जो दर्द है, वही है भारत माता।

भारत माता की यह आवाज सब जगह है। भारत माता की इस आवाज को सुनने के लिए आपकी अपनी आवाज को, आपकी इच्छाओं को, आपकी आकांक्षाओं को चुप होना पड़ेगा। भारत माता हर समय बोल रही हैं। भारत माता किसी अपने के कान में कुछ न कुछ बुदबुदाती है, मगर तभी-जब उस अपने का आत्म पूरी तरह से शांत हो, जैसे एक ध्यानमग्न मनुष्य का मौन।

सब कुछ कितना सरल था। भारत माता की आत्मा का वह मोती जिसे मैं अपने भीतर की नदी में खोज रहा था, सिर्फ भारत माता की सभी संतानों के हहराते हुए अनंत समुद्र में ही पाया जा सकता है।

भारत माता को देवी स्वरूप में प्रतिष्ठित कर उनकी जय-जयकार करने वालों को राहुल गांधी की ये बातें शायद ही समझ आएं। मगर देश को भारत माता के बारे में श्री गांधी के इन विचारों पर गौर करना चाहिए। वर्ना इतिहास का अधकचरा ज्ञान देश की आजादी को लील जाएगा।

# मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को सीधी लड़ाई लड़नी होगी

## कथा

■ कल्याणी शंकर

मणिपुर संकट का असर नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया के पक्ष में हो सकता है? क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसका उपयोग उसी तरह कर सकेंगे जैसा कि एक अन्य विपक्षी नेता ममता बनर्जी ने 2011 के विधानसभा चुनावों में जीत के लिए पश्चिम बंगाल के सिंगूर और नंदीग्राम मामले में किया था? ये महत्वपूर्ण क्षण दुर्लभ और अविस्मरणीय हैं।

राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा।

मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया। अब राहुल के लिए अपने लिए, अपनी पार्टी और विपक्ष के लिए बदलाव लाने का एक अनूठा मौका है।

राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा। मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया।

2004 और 2014 के बीच, राहुल गांधी को डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में मंत्री बनने का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने यह पद नहीं लिया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रमुख के तौर पर वह कांग्रेस को जीत नहीं दिला सके।

2014 में राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवेश के बाद से कांग्रेस बुरी स्थिति में है, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस एक दशक तक सत्ता से बाहर रही। 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव जीतना कांग्रेस के लिए नियंत्रण हासिल करने और उसकी बढ़ती बेचैनी को शांत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

लोकसभा सदस्य के रूप में राहुल की वापसी से उनका, उनकी पार्टी और विपक्ष का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने खुद को मोदी के राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में पेश किया और जनता की सहानुभूति हासिल की। संसद से उनकी बर्खास्तगी को गरिमापूर्ण तरीके से निपटाने और अंतत: सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण उनकी बहाली ने बड़ी परिपक्वता का प्रदर्शन किया।

राहुल को अपनी गलतियों का अहसास है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली उनकी सफल भारत जोड़ो यात्रा ने एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा अर्जित की। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने निराश कांग्रेस समर्थकों को एकजुट किया। उन्होंने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने में सक्षम है। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा और अन्य क्षेत्रीय नेताओं ने कांग्रेस समर्थकों के अलावा, आम जनता के बीच उनकी बढ़ती स्वीकार्यता पर ध्यान दिया।

राहुल को इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए परिपक्वता दिखाने और एक नया आख्यान विकसित करने की जरूरत है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम सभी चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। आम आदमी के नारे ने 2004 से 2014 तक पार्टी की सफलता और सत्ता बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आम आदमी से संबंधित रोजी-रोटी के मुद्दों को उठाना महत्वपूर्ण है। ये चुनाव जीतना राहुल के राजनीतिक कॅरियर में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

राहुल को शरद पवार (एनसीपी), ममता बनर्जी (टीएमसी), नीतीश कुमार (जद यू), एमके स्टालिन (द्रमुक) और अखिलेश यादव (सपा) जैसे वरिष्ठ विपक्षी नेताओं का समर्थन हासिल करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल की अयोग्यता के बाद, विपक्ष ने एकजुटता की दिशा में काम किया और अपने मतभेदों के बावजूद गठबंधन के साथ आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें कांग्रेस भी शामिल थी। इसने छोटे क्षेत्रीय दलों की जरूरतों को समायोजित किया तथा उनके साथ समान व्यवहार किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के यह कहने के बाद कि कांग्रेस प्रधानमंत्री पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रही है, राहुल अब गठबंधन सहयोगियों के लिए अधिक स्वीकार्य हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत के लक्ष्य के बावजूद कांग्रेस पार्टी जोर पकड़ रही है। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की अखिल-राष्ट्रीय प्रकृति के कारण गांधी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। यह भारत जोड़ो यात्रा और गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले के बाद राहुल के संसद से निष्कासन और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण बहाली के बाद और भी अधिक है।

2019 में राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, वह अभी भी पार्टी के लिए निर्णय लेते हैं। उन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए और पर्दे के पीछे से काम करने के बजाय खुलकर काम करना चाहिए। मुख्य विपक्षी दल के नेता के रूप में राहुल को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए।

मतदाताओं तक पहुंचने के लिए, जीवनयापन की बढ़ती लागत, मुद्रास्फीति और भोजन और दूध जैसी आवश्यकताओं की सामर्थ्य जैसे जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जहां राहुल का कांग्रेस की विचारधारा पर जोर देना महत्वपूर्ण है, वहीं लोगों की बुनियादी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक नई कहानी भी उतनी ही जरूरी है।

पार्टी को पुनर्गठित करना और जमीनी स्तर पर मजबूत बूथ समितियां स्थापित करना आवश्यक है। गांधी को सही व्यक्ति को सही काम सौंपना चाहिए। गठबंधन की ताकत के हिसाब से इंडिया गठबंधन से भाजपा के खिलाफ हर सीट पर मजबूत उम्मीदवार उतारना जरूरी है। इस प्रयास के लिए सहयोग और लचीलापन आवश्यक है।

राहुल गांधी ने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया है, जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की है कि भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा भाग शीघ्र ही शुरू किया जायेगा।

## पावन प्रसंग

# वर्तमान को साधें

समाज में अधिकांश व्यक्ति ऐसे ही होते हैं, जो वर्तमान का महत्व नहीं समझते। उपलब्ध परिस्थितियों का सदुपयोग न कर पाने और अनुपलब्ध की कामना करते रहने वाले, पाते कुछ नहीं, गंवाते ही अधिक हैं। जीने का आनंद और लाभ तब है, जब हम वर्तमान में जिएं। भविष्य की कल्पना में वर्तमान को छोड़ बैठने की भांति कितने ही व्यक्ति भूत का जीवन जीते हैं। वे ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसका अस्तित्व बहुत समय पूर्व समाप्त हो गया था।

भविष्य में क्या सफलताएं पाकर क्या-क्या आनंद उठाया जाएगा। इसके सुंदर सपने कई व्यक्ति इस प्रकार संजो लेते हैं कि वे यथार्थ जैसे लगते हैं। शेखचिल्ली की कहानी प्रख्यात है, जिसने तेल ढोने की मजदूरी मिलने के पूर्व ही उससे मुर्गी, बकरी, बीवीबच्चे प्राप्त होने का सपना इतना गहरा गढ़ लिया था, जिसमें तन्मय होकर वह सिर पर रखे घड़े को ही गंवा बैठा और मालिक द्वारा प्रताड़ना सहता फिरा। इसका कोई निश्चय नहीं कि भविष्य में क्या होगा? प्रयत्न करने पर परिस्थितियां मनचाही बन जाएं, यह कोई ठीक नहीं। चाहना ही सब कुछ नहीं है। परिस्थितियां कहीं से कहीं मोड़ ले सकती है और जैसा सोचा गया था, उससे सर्वथा पृथक प्रकार का जीवनयापन करना पड़ सकता है। सोचना एक बात है और पाना दूसरी बात। ऐसी दशा में अवास्तविकताओं के कल्पना लोक में विचरण करते रहने से किसी का क्या प्रयोजन सिद्ध हो सकता है।

महत्व वर्तमान का ही है। भूत के अनुभवों का मात्र इतना ही लाभ है कि जो सीखा गया है, उससे वर्तमान को अधिक सुव्यवस्थित बनाया जाए। भविष्य चिंतन की उपयोगिता इतनी ही है कि उसके आधार पर वर्तमान की गतिविधियों को सुनियोजित किया जाए। वर्तमान के सुनियोजन न कर पाने और कुछ विशिष्ट बनने की कल्पना करते रहने वालों के हाथ से समय निकल जाता है। अंतत: उस किशोर की भांति पश्चाताप की अग्नि में जलना पड़ता है, जो जीवनपर्यन्त भटकता रहा। एक निश्चित लक्ष्य के अभाव में कुछ नहीं बन सका और सारा जीवन व्यर्थ चला गया। ऐसी स्थिति में कितने ही युवक-युवतियों की होती है। अपनी क्षमताओं का और उपलब्ध परिस्थितियों का ठीक प्रकार से एक निश्चित लक्ष्य में नियोजन नहीं कर पाते। दुनिया के रंग-बिरंगे आकर्षणों में उनका मन भटकता रहता है। फलत: वर्तमान छूटता जाता है ौर अंतत: यह भूल उन्हें वहां ले जा पकटती है, जहां कि पश्चाताप में सिर पीटने के अतिरिक्त कुछ शेष नहीं रहता। हरव्यक्ति को वर्तमान में जीना और उसी को ठीक प्रकार संजोने तक संभालने में दत्तचित रहना चाहिए। आगे-पीछे की बात सोचने में हर्ज नहीं, पर उनकी मर्यादा उतनी ही रहनी चाहिए, जो वर्तमान से तालमेल खाती है। आज जो संभव है, उसी को अधिक अच्छा बनाने का प्रयत्न किया जाए। अपनी बुद्धिमता, तत्परता और जागरुकता को उसी पर केंद्रित किया जाए। वर्तमान को परिष्कृत और श्रेष्ठ बनाने में ही बुद्धिमता है। किसी विचारक का कथन है 'जो बूत के साथ गुंथे रहते हैं, वे वृद्ध हैं, जो मात्र भविष्य की कल्पनाएं गढ़ते रहते हैं, वे बच्चे हैं तथा जो वर्तमान का सदुपयोग करते हैं, वे युवक हैं. बाल और वृद्ध की स्थिति से निकलकर हर व्यक्ति को अपनी युवा मनोभूमि का परिचय देना चाहिए। वर्तमान के सदुपयोग का अर्थ है- अपनी परिस्थितियों, योग्यताओं और साधनों को सुनियोजित करना।'

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# कहां खड़े हैं आज हम ?

भारत ने वैश्विक पहचान हासिल करने के लिए ढेर सारी चुनौतियों को पार करते हुए दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक बनने के लिए छोटे कदम उठाए। भारत ने आजादी के बाद से एक लंबा सफर तय किया है, कई सही और गलत फैसलों से परहेज किया है, जो कई ऐसे स्थलों को पीछे छोड़ता है जो विभाजन की पीड़ा से एक मजबूत, शक्तिशाली और विकासशील राष्ट्र की यात्रा को परिभाषित करते हैं। हाल ही के दशकों में भारत धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्थान पर ऊपर चढ़ता जा रहा है और इसके कारण विश्व की एक प्रमुख महाशक्ति के रूप में इसका वैश्विक प्रभाव भी नजर आने लगा है. पिछले चार दशकों में एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभरकर सामने आया है और भारत ने भी काफ़ी ऊंचाइयां हासिल कर ली हैं। इसके कारण विश्व की आर्थिक शक्ति का केंद्र यूरोप और उत्तरी अमेरिका से हटकर एशिया की ओर स्थानांतरित होने लगा है। उदीयमान प्रबल शक्ति के बावजूद भारत अक्सर वैचारिक ऊहापोह में घिरा रहता है। यही कारण है कि देश के उज्ज्वल भविष्य और वास्तविकता में अंतर दिखाई देता है। हालांकि भारत महाशक्ति बनने की प्रक्रिया में प्रमुख बिंदुओं पर खरा उतरता है, लेकिन व्यापक अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में घरेलू मुद्दों के कारण वह कमजोर पड़ जाता है। हालांकि भारत के कई नेता गति को आगे बढ़ाने और सामाजिक राजनीतिक संकट से बचने में विफल रहे, यह भी राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता की कमी का मामला था। भारत में विविधता के कारण, कहीं न कहीं आना मुश्किल है। हालांकि, अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) यानी एक समान नागरिक संहिता लगने के प्रयासों को रूढ़िवादी वर्गों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने दावा किया कि इससे सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा होगा।

पानी की तरह किलोमीटर पर भारत में भाषा बदल जाती है। इसलिए, हिंदी केवल आधिकारिक भाषा के रूप में लाना मुश्किल था और 1965 में तमिलनाडु के हिंदी-विरोधी आंदोलन जैसे हिंसा और गरमागरम बहस देखी गई। जनसंख्या नियंत्रण कानून 2019 का जनसंख्या नियंत्रण विधेयक, जिसे 2022 में वापस ले लिया गया था। दो संतान नीति को आजादी के बाद से 35 बार संसद में पेश किया गया है। इन मसौदे की आम जनता द्वारा भारी आलोचना की गई थी। कृषि अर्थशास्त्री और अन्य हितधारक दशकों से कृषि बाजार में सुधार की वकालत कर रहे हैं। इसने संकट से बचने के लिए तीन प्रमुख कृषि सुधार कानून जिन्हें निरस्त कर दिया गया को फिर से चुपके मोड में आगे बढ़ाने के बारे में सरकार को झिड़क दिया। लेबर कोड पर नियम आज तक टाले गए। कोड के परिणामस्वरूप कम टेक-होम पे और आसान छंटनी होगी। नि:संदेह सरकार को सुधार के मार्ग पर बहुत सावधानी से चलना होगा।

लोकतंत्र की सफलता में पहला है मतदान को अनिवार्य बनाना, जैसा कि कम से कम 30 लोकतंत्रों में किया गया है, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। देश जितना हिन्दू-मुसलमान सोशल मीडिया पर दिखाई देता है उतना है नहीं। आज का भारत किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है। बदलते भारत के लोगों में अपने विवेक के आधार पर निर्णय करके देश को प्राथमिकता देने जैसी बातें प्रमुखता से सामने आईं। बिना साक्षरता के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसे में सभी शिक्षित हों तभी सारी समस्याओं से आजादी पाई जा सकती है। साक्षरता के साथ-साथ देश भर में बढ़ती बेरोजगारी युवाओं को गुलामी का अहसास देती है, आखिर वो कब इससे आजाद होगा? अमृत महोत्सव के जश्न में डूबे, कहां खड़े हैं आज हम? सोचना होगा।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

# खेल जगत

## मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा : पथिराना



**कोलंबो,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका के युवा तेज़ गेंदबाज़ मथीशा पथिराना ने एक गेंदबाज के रूप में उनके विकास में भूमिका के लिये चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रशंसा की है। पथिराना ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई के लिये पदार्पण किया और अपने पहले ही सीज़न में वह टीम के डेथ ओवर विशेषज्ञ गेंदबाज रहे। पथिराना ने चेन्नई में अपने अनुभव पर कहा, एक युवा खिलाड़ी के रूप में अगर कोई आपको इस तरह का आत्मविश्वास देता है तो यह आपके करियर को आगे बढ़ाता है। जब उस स्तर के खिलाड़ी ने मुझ पर विश्वास दिखाया तो मुझे विश्वास हुआ कि मैं उस पल में कुछ भी कर सकता हूं। पथिराना ने धोनी के साथ आईपीएल में बिताये गये समय पर कहा, मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा है। पहली चीज़ विनम्रता है और इसीलिए वह बहुत सफल हैं।

# मेजबान ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में इंग्लैंड



**सिडनी,** 16 अगस्त (एजेंसियां) इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में बुधवार को मेज़बान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार फाइनल का टिकट कटा लिया। स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर इंग्लैंड का पहला गोल एला टून ने 36वें मिनट में किया। सैम कर ने 63वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के लिये बराबरी का गोल किया, लेकिन लौरेन हेम्प (71वां मिनट) और एलिसा रूसो (86वां मिनट) ने इंग्लैंड का दूसरा और तीसरा गोल जमाकर मेज़बान टीम का चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। इंग्लैंड अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्पेन का सामना करेगा, जबकि तीसरे स्थान के लिये ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला स्वीडन से होगा।

पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना लेकर उतरीं दोनों टीमों ने मैच की आक्रामक शुरुआत की, हालांकि कुछ देर बाद ही इंग्लैंड ने अपने खिलाड़ियों के मज़बूत समन्वय से मैच पर दबदबा बना लिया। इंग्लैंड ने कई मौकों पर गोल करने का अंदेशा दिया, हालांकि ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस ने विपक्षी टीम को खाता खोलने का मौका नहीं दिया। रूसो ने टून की सहायता से 19वें मिनट में गोलपोस्ट पर एक निशाना भी लगाया लेकिन उनका कोण सही न होने के कारण वह ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को परेशान नहीं कर सकीं।

इंग्लैंड ने अंततः 36वें मिनट में बढ़त बनायी जब रूसो ने पेनल्टी बॉक्स में चौकसी दिखाते हुए टून को गेंद पास की। टून ने गेंद को गोलपोस्ट के शीर्ष कोने में खेला और ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर की पकड़ से बचकर इंग्लैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी।

इंग्लैंड ने पहले हाफ में गेंद पर 67 प्रतिशत कब्ज़ा रखने के अलावा ऑस्ट्रेलिया की प्रतिभाशाली फॉरवर्ड सैम कर को भी खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया था। दूसरे हाफ में हालांकि कर ने एली कार्पेंटर और हेली रासो के साथ मिलकर मौके बनाना शुरू किये। ऑस्ट्रेलिया के लगातार प्रयासों का नतीजा उसे 63वें मिनट में मिला जब कर ने 30 गज़ की दूरी से सटीक निशाना लगाकर अपनी टीम के लिये स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

कर के पास चार मिनट बाद एक और गोल जमाने का मौका था, हालांकि इस मौके पर वह इंग्लैंड के डिफेंस को नहीं भेद सकीं। दूसरी ओर, हेम्प ने मिली ब्राइट की लॉन्ग बॉल की सहायता से इंग्लैड का दूसरा गोल जमाकर ऑस्ट्रेलिया को फिर संकट में डाल दिया।

मेज़बान टीम ने मुकाबले में वापसी का प्रयास किया लेकिन रूसो ने निर्धारित समय समाप्त होने से सिर्फ चार मिनट पहले इंग्लैंड का तीसरा गोल जमाकर ताबूत में आखिरी कील ठोक दी। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम क्षणों में स्थानापन्न खिलाड़ी मैदान पर उतारकर स्कोर बराबर करने का हर संभव प्रयास किया लेकिन इंग्लैंड ने अपने सुसंगठित डिफेंस की बदौलत खामोश पड़े स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में मेज़बान टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

इंग्लैंड की लूसी ब्रॉन्ज़ ने जीत के बाद कहा, यही एक चीज़ है जो मैं हमेशा से चाहती थी, विश्व कप के फ़ाइनल में होना। मुझे विश्वास नहीं हो रहा। हम सभी ने फाइनल में पहुंचने का सपना देखा है, परिवार और दोस्त फाइनल तक हमारे साथ रहे, उन सभी ने हम पर विश्वास किया और हमारा समर्थन करने के लिये यहां सभी का होना अविश्वसनीय है।

# शीर्ष सात में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज होने चाहिए : शास्त्री

**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सुझाव दिया है कि भारत अपने लाइन-अप में विविधता लाने के लिए आगामी एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपने शीर्ष सात बल्लेबाजी स्थानों में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों को शामिल करने पर विचार करे।

शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए इशान किशन को विकेटकीपर के रूप में सुझाया, जो काफी समय से भारतीय वनडे टीम में शामिल हैं। इसके अलावा, प्रबंधन तिलक वर्मा या यशस्वी जायसवाल में से किसी एक युवा को शामिल करने पर भी विचार कर सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपके द्वारा बताए गए शीर्ष चार के अलावा, तीन अन्य क्रम हैं जहां दो बाएं हाथ के खिलाड़ियों को आना होगा। अब यह वह जगह है जहां चयनकर्ताओं की भूमिका आती है क्योंकि वे देख रहे हैं। वे जानते हैं कि कौन सा लड़का फॉर्म में है। शास्त्री ने कहा, तिलक वर्मा आकर्षक हैं, उन्हें अंदर लाएँ। अगर आपको लगता है कि जायसवाल आकर्षक हैं तो उन्हें लाएँ।

शास्त्री ने कहा, तो अगर आप पिछले छह से आठ महीनों से इशान किशन के साथ बने हुए हैं और वह विकेटकीपिंग करने जा रहा है, तो वह किसी भी स्थिति में आता है। लेकिन दो बाएं हाथ के खिलाड़ी लें। जड्डू सहित, शीर्ष सात में तीन बाएं हाथ के खिलाड़ी होने चाहिए। इशान किशन पिछले 15 महीने से कीपिंग कर रहे हैं, तो कहीं और क्यों जाएं? शास्त्री ने तिलक वर्मा की सराहना करते हुए कहा कि भारत आगामी मेगा आयोजनों के लिए मध्य क्रम में एक स्थान के लिए इस युवा खिलाड़ी पर विचार कर सकता है।

हालाँकि तिलक ने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट में भाग नहीं लिया है, लेकिन उनकी पहली टी20 श्रृंखला उल्लेखनीय थी, और उन्होंने अपने सधे हुए शॉट चयन और प्रभावशाली संयम के लिए शास्त्री और अन्य लोगों से प्रशंसा प्राप्त की। शास्त्री ने कहा, तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं। और मुझे बाएं हाथ का खिलाड़ी चाहिए। अगर मैं बाएं हाथ के खिलाड़ी की तलाश में हूं, तो मैं वास्तव में उसी दिशा में देखूंगा।



## अगर विराट को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है, तो वह करेंगे

चौथे नंबर पर कोहली के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए, जहां स्टार बल्लेबाज ने 55.2 की प्रभावशाली औसत से 1767 रन बनाए, शास्त्री ने बताया कि उनका इरादा शीर्ष चार स्थानों पर अनुकूलनशीलता सुनिश्चित करना था। अगर विराट को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है, तो वह टीम के हित में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। आप जानते हैं, कई बार मैंने इसके बारे में सोचा था। यहां तक कि पिछले दो विश्व कप में भी, जब मैं 2019 में कोच था, तो मैंने सोचा था कि मुझे एमएसके प्रसाद के साथ भी उस शीर्ष भारी क्रम को तोड़ने के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में चर्चा करनी होगी। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, क्योंकि अगर हम शीर्ष पर दो या तीन विकेट गंवा बैठे, तो हम चले गए और यह साबित हो गया। सिर्फ उस अनुभव के लिए... और अगर आप विराट कोहली के रिकॉर्ड को देखें, तो वह चौथे नंबर पर काफी अच्छे हैं। नंबर 4 की स्थिति की दुविधा भारतीय क्रिकेट में बार-बार आने वाली समस्या है, 2019 वनडे विश्व कप के दौरान भी उन्हें इसी चुनौती का सामना करना पड़ा था। भारत ने 2019 विश्व कप के अंत के बाद से वनडे में नंबर 4 स्थान पर 11 खिलाड़ियों को खिलाया है।

# क्लब मैच में बल्लेबाजी करते दिखे पंत



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स की ओर से सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाले वीडियो साझा किया गया है, जिसमें विकेटकीपर ऋषभ पंत बेंगलुरु में एक क्लब मैच में बल्लेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले साल दिसंबर में एक भयानक दुर्घटना का शिकार होने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया से गुज़र रहे पंत दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिये बेंगलुरु के पास एक मैदान में पहुंचे थे।

समारोह के दौरान पंत ने लोगों से खेलों का आनंद लेते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, एक बार जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आप खेल से प्यार करना बंद कर देते हैं। इसका एक कारण यह है कि आपके ऊपर बहुत दबाव होता है, आप जीवन में सफल होना चाहते हैं और कुछ न कुछ करना चाहते हैं, लेकिन जीवन का आनंद लेना कभी नहीं छोड़ना चाहिये।

गौरतलब है कि गत दिसंबर में पंत की कार दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक सड़क डिवाइडर से टकरा गयी थी। इस दौरान कार डिवाइडर से टकराने के बाद आग की लपटों में घिर गई थी, लेकिन पंत ऐन वक्त पर अपनी मर्सिडीज से बाहर निकल गए थे।

इस साल फरवरी में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में पंत की मुंबई में सर्जरी हुई। डॉ. पारदीवाला ने पंत के दाहिने घुटने के तीन लिगामेंट का इलाज किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पंत इंग्लैंड के विरुद्ध जनवरी 2024 में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के ज़रिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

# इमरान के समर्थन में उतरे वसीम, पीसीबी से वीडियो डिलीट करने को कहा

**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (एजेंसियां) दिग्गज तेज़ गेंदबाज और कमेंटेटर वसीम अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की पाकिस्तानी क्रिकेट के इतिहास से जुड़ी वीडियो में इमरान खान के नहीं होने पर अचंभा ज़ाहिर करते हुए कहा है कि पीसीबी को वीडियो डिलीट कर माफी मांगनी चाहिये। उल्लेखनीय है कि पीसीबी ने 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें 1952 से लेकर 2022 टी20 विश्व कप तक पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास की झलकियां दिखाई गयी थीं। इस वीडियो में पाकिस्तान की 1992 विश्व कप की जीत की तस्वीरों को भी शामिल किया गया, हालांकि टीम के तत्कालीन कप्तान इमरान खान उनमें नज़र नहीं आये।

वसीम ने अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए बुधवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, लंबी उड़ानों और घंटों की यात्रा के बाद श्रीलंका पहुंचकर मुझे अपने जीवन का सबसे



बड़ा झटका तब लगा जब मैंने पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास पर पीसीबी की छोटी क्लिप में महान इमरान खान को नहीं देखा। गौरतलब है कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान को तोशखाना मामले में तीन साल की सज़ा हुई है और पांच साल के लिये चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। पीसीबी की कमान इस समय ज़का अशरफ़ के हाथों में है, जिन्हें इमरान के बाद प्रधानमंत्री बने शहबाज़ शरीफ़ ने नियुक्त किया है और वह पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ़ ज़रदारी के खास भी हैं।

वसीम ने कहा, राजनीतिक मतभेद एक तरफ, लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने अपने समय में पाकिस्तानी क्रिकेट को एक मजबूत टीम के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। वसीम इमरान की अगुवाई में 1992 विश्व कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे और उन्होंने टूर्नामेंट के 10 मैचों में 18.78 की औसत से 18 विकेट चटकाये थे। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गये फाइनल में वसीम ने तीन विकेट लेने के अलावा 33 रन भी बनाये थे, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था।

# एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर में मनदीप मोर भारत की पुरुष टीम के कप्तान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 16 अगस्त (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर मनदीप मोर आगामी एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम तथा मिडफील्डर नवजोत कौर में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगे। एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 29 अगस्त से 3 सितंबर तक तथा महिला क्वालीफायर में 25 से 28 अगस्त तक ओमान में होगा। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों की घोषणा हॉकी इंडिया ने यहां की। एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच जनार्दन सीबी ने कहा कि हमारी टीम एकदम संतुलित है। हमारी टीम में बहुत प्रतिभा है। हमारी टीम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को बेताब है। हमारी टीम एशियन हॉकी 5 में बढिया प्रदर्शन कर हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने को प्रतिबद्ध है। वहीं एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर 2023 के लिए भारतीय महिला टीम की कोच सौंदर्या येंडला ने कहा कि मुझे इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। हमारी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारी खिलाड़ी विश्वास से भरी हैं। हमारी टीम में खासी अनुभवी खिलाडियों के साथ कई नौजवान खिलाड़ी भी हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी टीम इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब रहेंगी।



### एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय पुरुष टीम

**गोलरक्षक :** सूरज करकेरा। **रक्षापंक्ति :** मनदीप मोर (कप्तान), जुगराज सिंह, डिप्सन टिर्की, मंजीत। **मध्य पंक्ति :** मनिंदर सिंह, मोहम्मद रहील मुदीन (उपकप्तान)। **अग्रिम पंक्ति :** पवन राजभर, गुरजोत सिंह। स्टैंड बाय: प्रशांत चौहान, सुखविंदर, आदित्य सिंह, अरुण साहनी। **कोच :** जनार्दन सीबी।

### एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय महिला टीम

**गोलरक्षक :** बांसुरी सोलंकी। **रक्षापंक्ति :** अक्षता अबासो ढेकले, महिमा चौधरी। सोनिया देवी क्षेत्रीमायुम। **मध्य पंक्ति :** नवजोत कौर(कप्तान), अजमीना कुजूर। **अग्रिम पंक्ति :** मरियाना कुजूर, ज्योति (उपकप्तान), दीपि मोनिका टोपो। **स्टैंडबाय :** कु रमापू राम्या, निशी यादव, प्रियंका यादव, रितिन्या साहू।

# घुटने की चोट के कारण वनडे कप से बाहर हुए शॉ

**नॉर्थम्पटन,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। युवा भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड में जारी रॉयल लंदन वनडे कप के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गये हैं। नॉर्थम्पटनशर के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने एक बयान में कहा, अपने छोटे से कार्यकाल में पृथ्वी ने इस क्लब पर बहुत गहरा प्रभाव डाला है। यह बहुत शर्म की बात है कि वह इस प्रतियोगिता के शेष भाग के लिये हमारे साथ नहीं रहेंगे। वह एक अत्यंत विनम्र युवक है, वह बहुत सम्मानित है और नॉर्थम्पटनशर का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिये बहुत आभारी रहा है। उन्होंने कहा, मैदान पर उनके प्रदर्शन के साथ-साथ हमारे ड्रेसिंग रूम में भी उनका बहुत बड़ा प्रभाव था। कोई भी उनसे ज्यादा मैच जीतने की ललक नहीं रखता था और उन्होंने ऐसा करने में योगदान दिया है। हम उनके स्वस्थ होने की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हम उन्हें जल्द ही फिर से रन बनाते हुए देखेंगे।

शॉ ने पिछले हफ्ते नॉर्थम्पटनशर के लिये खेले गये तीसरे मैच में 153 गेंदों में रिकॉर्डतोड़ 244 रन बनाकर अपनी टीम को समरसेट पर 87 रन से जीत दिलाई थी। इसके बाद उन्होंने डरहम के खिलाफ शानदार शतक जड़ा था। वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के अलावा चयनकर्ताओं ने एशियाई खेलों के लिये चुनी गयी टीम में भी शॉ की अनदेखी की थी।

## सार संक्षेप

### वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

लाहौर। पाकिस्तान के अनुभवी वामहस्त गेंदबाज़ वहाब रियाज़ ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वहाब ने अपने 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को विराम देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, एक अद्भुत सफर के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पीसीबी, मेरे परिवार, कोच, मेंटर, टीम के साथियों, प्रशंसकों और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों का बेहद धन्यवाद। वहाब ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दो दिसंबर 2020 को खेले गये एक टी20 मैच में आखिरी बार पाकिस्तान का प्रनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि संन्यास लेने का निर्णय पाकिस्तानी क्रिकेट की युवा प्रतिभाओं पर उनके अटूट विश्वास का प्रमाण है और अब वह दुनियाभर की फ्रेंचाइजी लीगों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। वहाब ने कहा, मैं अपने संन्यास के बारे में बीते दो वर्षों से बात कर रहा हूं कि 2023 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरे संन्यास का समय होगा। मैं इस समय इस बात से पूरी तरह संतुष्ट हूं कि मैंने अपनी पूरी क्षमता के अनुसार अपने देश और राष्ट्रीय टीम की सेवा की। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और विशेषाधिकार की बात रही है। इस अध्याय को खत्म करते हुए मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट के नये सफर की शुरुआत करने के लिये रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं से मुकाबला करते हुए दर्शकों का मनोरंजन और उन्हें प्रेरित कर पाऊंगा। वहाब ने पाकिस्तान के लिये 27 टेस्ट खेलकर 34.50 की औसत से 83 विकेट लिये। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान के लिये 91 एकदिवसीय मैच (120 विकेट) और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच (34 विकेट) भी खेले।

### अल्काराज़ ने दर्ज की साल की 50वीं जीत

मेसन। स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने बुधवार को सिनसिनाटी ओपन 2023 के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को हराकर इस साल की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज़ ने मंगलवार को शुरू हुए वर्षाबाधित मैच में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया, हालांकि उनकी अर्द्धशतकीय जीत की खुशी उनके औसत दर्जे के प्रदर्शन के नीचे छुप गयी।

# इंग्लैंड वनडे टीम में हुई बेन स्टोक्स की वापसी

**लंदन,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध होने वाली चार मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये चयनित टीम में बेन स्टोक्स को शामिल किया है। इंग्लैंड के मुख्य चयनकर्ता ल्यूक राइट ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा, बेन स्टोक्स की मैच-जिताऊ क्षमता और उनकी नेतृत्व की खूबियों के साथ उनकी वापसी सिर्फ हमारी मज़बूत टीम में सुधार ही करती है। मुझे यकीन है कि सभी प्रशंसक उन्हें दोबारा इंग्लैंड की एकदिवसीय शर्ट पहने देख खुश होंगे।



> अगर बड़े मौकों के लिये कोई खिलाड़ी है, तो वह बेन स्टोक्स है। इंग्लैंड के लिये उनकी वापसी से ज़्यादा बेहतर क्या होगा। वह बड़े मौकों को पसंद करते हैं। उनका लौटना हमारे खिलाड़ियों को संबल देगा: **ल्यूक राइट, मुख्य चयनकर्ता ईसीबी**

उन्होंने कहा, अगर बड़े मौकों के लिये कोई खिलाड़ी है, तो वह बेन स्टोक्स है। इंग्लैंड के लिये उनकी वापसी से ज़्यादा बेहतर क्या होगा। वह बड़े मौकों को पसंद करते हैं। उनका लौटना हमारे खिलाड़ियों को संबल देगा। उल्लेखनीय है कि स्टोक्स ने जुलाई 2022 में कार्यभार प्रबंधन का हवाला देते हुए एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, हालांकि इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने हाल ही में उन्हें विश्व कप के लिये भारत ले जाने की मंशा ज़ाहिर की थी। द टेलिग्राफ की ओर से सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया था कि अगर गत विश्व चैंपियन इंग्लैंड के सीमित ओवर कप्तान जॉस बटलर पूछते हैं तो स्टोक्स वनडे विश्व कप 2023 के लिये संन्यास वापस लेने के लिये तैयार हैं।

स्टोक्स की वापसी के साथ युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम से बाहर हो गये हैं। ईसीबी ने कहा कि सब कुछ सही रहने पर न्यूज़ीलैंड सीरीज के लिये चुनी गयी टीम ही विश्व कप खेलने भारत आयेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड पांच सितंबर तक विश्व कप के लिये अपनी टीमों की घोषणा कर सकते हैं, जबकि 28 सितंबर तक उन टीमों में बदलाव किया जा सकता है।

एकदिवसीय विश्व कप 2023 की शुरुआत पांच अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच मुकाबले के साथ होगी। विश्व कप 2019 का फाइनल भी इन्हीं दो टीमों के बीच खेला गया था जहां स्टोक्स ने 84 रन की मैच-जिताऊ नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को विश्व चैंपियन बनाया था।

इस बीच, इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध चार मैचों की टी20 सीरीज के लिये भी टीम की घोषणा की। ईसीबी ने टीम में जॉश टंग, गस एट्किंसन और जॉन टर्नर को शामिल किया है, जो इस श्रृंखला में इंग्लैंड के लिये टी20 पदार्पण कर सकते हैं। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज 30 अगस्त को, जबकि वनडे सीरीज आठ सितंबर को शुरू होगी।

**इंग्लैंड वनडे टीम :** जॉस बटलर (कप्तान), मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम करन, लायम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, जेसन रॉय, बेन स्टोक्स, रीस टोपली, डेविड विली, मार्क वुड, क्रिस वोक्स।

**इंग्लैंड टी20 टीम :** जॉस बटलर (कप्तान) रेहान अहमद, मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, विल जैक्स, लायम लिविंगस्टोन, डेविड मालन, आदिल राशिद, जॉश टोंग, जॉन टर्नर, ल्यूक वुड।

### सुडोकू 6288 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 9 | 1 | 7 | 3 | 5 |
| 1 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 5 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |
| 6 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 9 | 8 |

# स्वंत्रता दिवस पर अमेरिका में हुई इंडिया डे परेड में दिखी छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। नॉर्थ अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन (नाचा) ने अमेरिका के शिकागो में भारतीय स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित च्इंडिया डे परेडज्ज के दौरान भारत की समृद्ध आदिवासी सामुदायिक संस्कृति का प्रदर्शन किया। इंडियन कम्युनिटी आउटरीच द्वारा आयोजित परेड में नाचा के सदस्यों ने छत्तीसगढ़ की आदिवासी परंपराओं, लोक जीवन और संस्कृति को दर्शाया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ के आदिवासियों की पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वेशभूषा दुर्ग जिले के लोक कलाकार रिखी क्षत्रीय द्वारा तैयार की गई।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमेरिका में बसे सभी भारतीयों को भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि अपनी माटी की महक और संस्कृति के सात समुंदर पार तक विस्तार से देश-दुनिया भारत की विशेषकर छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत से परिचित हो सकेगी। इसके लिए नाचा के सदस्य बधाई के पात्र हैं।

नाचा के अध्यक्ष गणेश कर ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पिछले छह वर्षों से यह परेड छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को विश्व स्तर पर बढ़ावा देने में सहायक रही है। परेड में जनजाति संस्कृति के प्रदर्शन से शिकागो में रहने वाले भारतीय समुदाय के साथ-साथ अमेरिकी नागरिकों को भी बस्तर की संस्कृति को गहराई से अनुभव करने का अवसर मिला, जिसको भरपूर सराहना मिली।

उन्होंने बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के किसी अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत के आदिवासी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने का यह पहला उदाहरण है। कैलिफोर्निया, यूके, डेट्रॉइट और टोरंटो में 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रमों में भी नाचा इसी तरह छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति का प्रचार करेगा।

गौरतलब है कि नाचा, छत्तीसगढ़ के अनिवासी भारतीयों का एक संघ है। नाचा की उत्तरी अमेरिका छत्तीसगढ़ एसोसिएशन और एनआरआई एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के नाम से 19 देशों में उपस्थिति है। यह छत्तीसगढ़ की विरासत, संस्कृति, भाषा और कला को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देता है। भारत के बाहर छत्तीसगढ़ राज्य को बढ़ावा देने के लिए विश्व स्तर पर नाचा को कई सामुदायिक पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।ज्ज

## हसदेव नदी में डूबने से दो छात्रों की मौत, गांव में पसरा मातम

**जांजगीर-चांपा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। जिले से इस वक्त बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है यहां जिले में स्थित हसदेव नदी में बने कुदरी बैराज में डूबने से दो स्कूली छात्रों की जल समाधी बन गई। कक्षा 12वीं के छात्र ऋषभ ध्रुव और देवेंद्र शर्मा स्वतंत्रता दिवस की शाम अपने साथियों के साथ हसदेव नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान दोनों गहराई में समा गए और उनकी मौत हो गई। बैराज के सभी गेट बंद कर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों की लाश को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मना रहा था। उस वक्त जांजगीर जिले के चांपा में दो छात्रों की मौत से उनका पूरा परिवार मातम में डूब गया। हसदेव नदी में नहाने के दौरान कुदरी बैराज में डूबने से कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले छात्रों की मौत हो गई। मृतक का नाम ऋषभ ध्रुव और देवेंद्र शर्मा अपने साथियों के साथ नदी में नहाने के लिए गए हुए थे।

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...







श्रीमती डॉ. रश्मि चन्द्राकर
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी
महासमुद

डॉ. विजय चन्द्राकर
ग्राम- बेमचा

## बलरामपुर पुलिस का नाम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में हुआ दर्ज

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। अंबिकापुर स्वतंत्रता दिवस के दिन बलरामपुर पुलिस ने ग्राम खेल समितियों के माध्यम से वालीबाल मैच कराकर विश्व रिकार्ड बनाया है। बलरामपुर पुलिस द्वारा ध्वजारोहण के बाद एक साथ 325 गांवों में वालीबाल मैच का आयोजन किया गया। इसमें 650 टीमों के बीच मैच हुआ। कुल 3900 खिलाड़ियों ने इन मैचों में हिस्सा लिया। यह आयोजन गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो गया है। गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रतिनिधि ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दिया है। इस आयोजन की तैयारी बलरामपुर पुलिस द्वारा पिछले कई दिनों से की जा रही थी।



जिले के सभी थाना व पुलिस चौकी क्षेत्र के कुल 325 गांव में ग्राम खेल समिति का गठन किया गया था। इन समितियों में प्रत्येक ग्राम के 15 से 20 युवाओं को जोड़ा गया था। इन समितियों को खेल सामग्री का वितरण बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह ने किया था। वालीबाल,नेट,गणवेश का वितरण किया गया था। इसके अलावा 50 गांव ऐसे थे जहां फुटबाल के प्रति रुझान था,उन्हें फुटबाल और उससे जुड़ी खेल सामग्री प्रदान की गई बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह स्वयं अलग ङ्क अलग थाना क्षेत्र में जाकर ग्राम खेल समितियों को खेल सामग्री का वितरण कर चुके थे। स्वतंत्रता दिवस के दिन ध्वजारोहण के बाद गांवों में मैच हुए। पुलिस ग्राम खेल समिति के माध्यम से 325 ग्राम से 650 टीम के कुल 3900 खिलाड़ियों ने इन मैचों में हिस्सा लिया। सभी जगह से फ़ोटो ,वीडियो भी आए।

गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के प्रतिनिधियों ने भी गांव-गांव में जाकर आयोजन को देखा। एक ही दिन एक ही समय में एक साथ वालीबाल मैचों के कारण यह आयोजन गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हुआ है।पुलिस अधीक्षक बलरामपुर डा लाल उमेद सिंह ने वर्ल्ड रिकॉर्ड को बलरामपुरवासियों को समर्पित किया है। पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्राम खेल समिति के सभी खिलाड़ीए व बलरामपुरवासियों को बधाई दी है। रक्षित केंद्र बलरामपुर के परेड ग्राउंड में कलेक्टर बलरामपुर आर एक्का, सीईओ जिला पंचायत रैना जमील, पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह के साथ पुलिस तथा अधिकारी-कर्मचारियों के बीच भी वालीबाल मैच खेला गया।

वालीबाल मैच में शामिल होकर गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड का खिताब सोनल शर्मा के द्वारा बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डा. लाल उमेद सिंह को सौंपा गया।

**NECC**

| 17.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.48 | 75 | 160 |
| चिल्हर | 5.50 | 90 | 185 |

डिलीवरी 463 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



प्रकाश आजमानी
अध्यक्ष, फल-फूल वितरण
सोसायटी महासमुन्द







प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पिंकी- तेरे भाई ने क्या किया जो उसे पुलिस घसीटते हुए ले जा रही है?
चिंकी- बेचारे ने तो एक दुकान खोली थी।
पिंकी- पर दुकान खोलने के लिए पुलिस ने क्यों पकड़ लिया?
चिंकी- अरे... हथौड़े से खोली थी न!



# बस्तर जिले में गरिमापूर्वक मनाया गया 77वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने किया ध्वजारोहण**

**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर जिले में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमापूर्वक मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम जगदलपुर के लालबाग परेड मैदान में आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि आदिम जाति कल्याण, स्कूली शिक्षा तथा सहकारिता विभाग के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनता के नाम जारी संदेश का वाचन किया। प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों के विस्तृत जानकारी जनता के सामने रखने का प्रयास किया। इस दौरान कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मीणा उपस्थित थे।

स्वतंत्रता पर्व की 77 वीं वर्षगांठ के अवसर पर परेड कमांडर उप पुलिस अधीक्षक सुश्री दीपमाला कुर्रे और परेड टू आईसी उप निरीक्षक गुनेश्वरी नरेटी के नेतृत्व में 14 प्लाटूनों ने बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट किया। शस्त्र रहित मार्चपास्ट में एनसीसी सीनियर कन्या क्रमांक-02 की प्लाटून को प्रथम पुरस्कार, शस्त्र सहित मार्चपास्ट में सीआरपीएफ की सेड़वा स्थित 241 बस्तरिया बटालियन (महिला) की प्लाटून को पहला स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर नक्सल हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों से भेंटकर मुख्य अतिथि द्वारा शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 58 अधिकारी-कर्मचारी को भी सम्मानित किया गया। साथ ही सुराजी गांव योजना के तहत गोठान समिति नानगुर को शॉल श्रीफल के साथ 25 हजार प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और व्यायाम प्रदर्शन किया गया, जिसमें विद्या ज्योति स्कूल के बच्चों की प्रस्तुति को सराहते हुए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सभापति कविता साहू, पद्मश्री धर्मपाल सैनी, कुलपति प्रोफेसर मनोज श्रीवास्तव, मुख्य वन संरक्षक मोहम्मद शाहिद, सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, वनमंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के संचालक धम्मशील गणवीर सहित गणमान्य नागरिकगण और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# सुकमा में आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने किया ध्वजारोहण



**शहीद जवानों के परिजनों को किया सम्मानित**

**सुकमा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। सुकमा जिले में देश की आजादी का अमृत महोत्सव पर 77 वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। आजादी की 76 वीं वर्षगांठ पर सुकमा के मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेश के आबकारी एवं उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कलेक्टर हरिस. एस और पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के साथ परेड की सलामी ली। मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में जिला पंचायत के अध्यक्ष हरीश कवासी, जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ सदस्य करणदेव सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, नपा उपाध्यक्ष आयशा हुसैन, डीआईजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ डीआइजी अरविंद राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सहित गणमान्य नागरिक, स्कूली बच्चे तथा आमजन उपस्थित थे।

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की परेड में सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, बस्तर फाईटर, नगर सेनानी, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल सुकमा एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा के बालक एवं बालिका एनसीसी कैडेट्स सहित आईएमएसटी सुकमा और डीएवी की टुकड़ी शामिल रही। परेड की निरीक्षण और सलामी के पश्चात मुख्य अतिथि ने शान्ति और प्रेम के प्रतीक सफेद कपोत और हर्ष व उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े और सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनांए दी। इसके उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति और स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोक प्रस्तुति >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट एनसीसी के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में संचालित एनसीसी की दो विंग 1 सीजी गर्ल्स बटालियन परचनापाल की सीनियर विंग तथा 10 सीजी स्वतंत्र कंपनी की जूनियर विंग संचालित है जिन्होंने स्वतन्त्रता दिवस: परेड लालबाग में शामिल होकर। सस्त्र रहित परेड में 10 सीजी के एनसीसी कैडेट द्वारा प्रथम पुरूष्कार तथा 1सीजी गर्ल्स बटालियन ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरूष्कार प्राप्त किया और संस्था को गौरवान्वित किये। निर्देशन 1 सीजी गर्ल्स बटालियन के अधिकारी विशिस्ट सेवा मैडल कर्नल संजय चावल, 10 सीजी स्वतंत्र कंपनी के कर्नल डी.वी. भास्कर एवं संस्था के प्राचार्य सुधा परमार जी का रहा। मार्गदर्शन एनसीसी अधिकारी कैप्टेन हेमपुष्प लता ध्रुव, जैमवती ठाकुर के द्वारा किया गया।

# शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, कुलपति ने किया ध्वजारोहण



**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर जगदलपुर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलपति प्रोफेसर मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

कुलपति ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि 76 वर्ष पूर्व 15 अगस्त को भारत ब्रिटिश साम्राज्य से स्वतंत्र हुआ था। अंग्रेजों ने 17 वीं सदी में भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के माध्यम से देश में औपनिवेशिक साम्राज्य की शुरुआत की और लगभग 200 वर्ष तक भारत को ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन रहना पड़ा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्यों एवं अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अथक प्रयास एवं अनेक लोगों की देश हित में शहादत पश्चात भारत को आजादी मिली। भारत की स्वतंत्रता पश्चात देश को सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत करने और विकास की दिशा में निरंतर प्रगति कर रहा है। आज भारत विश्व के पांच प्रमुख आर्थिक महाशक्ति देशों की सूची में शामिल है। भारत एक विकासशील देश के रूप में काफी तेजी से प्रगति कर रहा है। भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने का लक्ष्य रखा है। भारत पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास को ध्यान में रखते हुए आर्थिक गतिविधियों को संपादित कर रहा है। देश में आजादी के समय की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति की तुलना में आज की स्थिति में उल्लेखनीय खास हुआ है। भारत ने उच्च शिक्षा के विकास के लिए अनेक समितियों एवं नीतियों के सुझाव पर अमल करते हुए वर्तमान में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कार्य किया जा रहा है, जिसमें युवाओं को व्यवहारिक ज्ञान देते हुए उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में शिक्षा देने पर बल दिया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने विगत एक वर्ष में विश्वविद्यालय में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अन्य को दी गई, जिसमें मुख्य रुप से उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उन्होंने सराहना की और अन्य लोगों को भी प्रेरित होकर विश्वविद्यालय के विकास में कार्य करने के लिए आह्वान किया।

कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई, डॉ. शरद नेमा, डॉ. आनंदमूर्ति मिश्रा, डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. संजीवन कुमार, बी. एल. केंवट, सहायक कुलसचिव सी. एल. टंडन, देवचरण गावड़े, केजू राम ठाकुर सहित विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा

- कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये
- अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लें कार्यकर्ता : शिवनारायण



**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की पुण्यतिथि पर आज बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें याद किया। भाजपा जिला कार्यालय में नगर मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्व.बाजपेयी के छायाचित्र में माल्यापर्ण व दीप प्रज्ज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वक्ताओं ने अपने संबोधन में अटल बिहारी के जीवन में प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं से उससे प्रेरणा लेने की बात कही।

मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिवनारायण पाण्डेय ने कहा कि अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण राजनीतिक जीवन प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिये ऐसी पुस्तक है, जिससे राष्ट्र की सतत सेवा, संगठन के लिये समर्पण व जनता जनार्दन के लिये निस्वार्थ सेवाकार्य का पाठ भाजपा कार्यकर्ता आत्मसात करें। श्रंद्धाजलि सभा को पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री किरण देव, भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी, नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन नगर महामंत्री संग्राम सिंह राणा व आभार प्रदर्शन महामंत्री आर्येन्द्र सिंह आर्य ने किया। आयोजन में प्रमुख रुप से श्रीनिवास राव मद्दी, कमल चंद्र भंजदेव, योगेंद्र पांडे, रामाश्रय सिंह, वेद प्रकाश पांडे, रजनीश पानीग्रही, नरसिंह राव, अवधूत जोशी, राजेंद्र बाजपेई, सुब्रतो बिस्वास, बी जयराम, शशि नाथ पाठक, आशुतोष पाल, प्रकाश झा, राजपाल कसेर, आलोक अवस्थी, रिंकू पांडे, नरेंद्र पाणिग्रही, राजेश श्रीवास्तव, अतुल सिम्हा, गणेश काले, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, ममता पोटाई, शेखर शर्मा, रितेश सोनी, किशोर महावर, अनिल राव, मनोज पटेल, रूपेश कुमार जैन, सूर्य भूषण सिंह, प्रकाश झा, शेख सिद्दीकी, अनिमेष चौहान, दिनेश पांडे, योगेश शुक्ला, मनोज ठाकुर, योगेश पाणिग्रही, रमन चौहान, विनोद पांडे, अमरनाथ झा, विक्रम सिंह यादव, सुरेश कश्यप, सविंद्र सेठिया, रेदू नाग, रूपेश समरथ, रमेश ठाकुर, भारत सिंह ठाकुर, विमल पांडे, तुलाराम सेठिया, जीवनाथ मौर्य, महेश सेठिया, यजेंद्र सिंह, राकेश ठाकुर, चंद्रकांत भंडारी, ओमप्रकाश गुप्ता, बलराम मौर्य, प्रेम यादव आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मंत्री कवासी लखमा ने किया कलेक्टर प्रागंण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति का अनावरण



**मंत्री कवासी लखमा ने महात्मा गांधी के आर्दशों पर चलने का दिया संदेश**

**सुकमा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रागंण सुकमा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति का अनावरण मंत्री कवासी लखमा के कर कमलों से हुआ। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों से रूबरू हुए और उन्होंने महात्मा गांधी के आदर्शो, सत्य एवं अहिंसा के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। भारत को सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर आजादी दिलाने वाले महापुरुष को उपस्थित जनों ने इस अवसर पर नमन किया। मूर्ति अनावरण के दौरान नगर पालिका परिषद सुकमा अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ सदस्य करणदेव सिंह, नपा उपाध्यक्ष आयशा हुसैन, कलेक्टर हरिस. एस, डीएफओ अशोक कुमार पटेल, एसडीएम सुकमा प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर अजय मोड़ियम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी एवम् कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विकार, नशा-व्यसन और बुरी आदतों से मुक्त बनना सच्ची स्वतंत्रता : भगवान भाई



**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र वृन्दावन कॉलोनी में 76 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर तिरंगा फैराया गया। इस अवसर पर माउंट आबू से आए बी के भगवान भाई ने स्वतन्त्रता का सही अर्थ बताते हुए कहा कि जब हम अपने आंतरिक बुराइयों को नशा व्यसन विकारों से मुक्त नहीं बनेगे तब तक सही आजादी का आनंद नहीं आयेगा। हमें अपने देश को स्वयं के परिवर्तन के साथ दुसरों की भी सेवा कर उन्हें भी बुराइयों से आजाद करना है। उन्होंने 76 वां स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभ कामनायें दिया। बी के मंजूषा बहन ने अपनी शुभ भावना देते हुए कहा कि रोज मेडिटेन करने से हम विकारों से भी स्वतंत्र बन सकेंगे। उन्होंने भी अपनी शुभ कामनायें दिया। बी के रामा बहन जी भी इस वर्ष के स्वतंत्र दिवस की अपनी शुभ कामनायें दिया। सभी भाई बहनों ने तिरंगा के नीचे प्रतिज्ञा किया गया। हम नशा व्यसन मुक्त रहेगे, अपने ही तन मन धन से भारत को स्वर्णिम बनाने की मेहनत करेगे। हर कार्य भारत के भलाई के लिए करेंगे, आपस में भाई चारे से रहेंगे। सभी को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम सम्पन्न किया।

# कोंडागांव में कुश्ती एकेडमी, सुकमा में अगले वर्ष से कृषि महाविद्यालय

## बस्तर संभाग के युवाओं से भेंट मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने युवाओं को दी अनेक सौगात



**नारायणपुर में सेन्ट्रल लाइब्रेरी तथा आउटडोर स्टेडियम, जगदलपुर के दंतेश्वरी गर्ल्स कालेज में बनेगा हास्टल, चारामा में पीजी कालेज**

**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के युवाओं के साथ भेंट मुलाकात करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को जगदलपुर के शासकीय काकतीय पीजी कालेज मैदान धरमपुरा पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं से चर्चा की, उनकी आकांक्षाएं जानीं और उनके हित में अनेक घोषणाएं मौके पर ही की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कोंडागांव में कुश्ती एकेडमी के साथ ही अनेक घोषणाएं भी की। सुकमा में अगले वर्ष से कृषि महाविद्यालय आरंभ होगा। साथ ही सुकमा के शासकीय महाविद्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए भी उन्होंने 4 करोड़ रुपए की घोषणा की। भेंट मुलाकात के दौरान नारायणपुर के युवाओं ने आउटडोर स्टेडियम तथा सेंट्रल लाइब्रेरी की माँग की, इसे भी पूरा किया गया। नारायणपुर में पीएमटी गर्ल्स कालेज में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 किये जाने की घोषणा भी की गई। छात्राओं की सुविधा के लिए जगदलपुर दंतेश्वरी गर्ल्स कालेज में हास्टल को भी स्वीकृति दी गई। बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम कालेज में भवन, हास्टल और बाउंड्रीवाल निर्माण की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की। कांकेर के चारामा में डीसीए और पीजीडीसीए की माँग आ रही थी। साथ ही उन्होंने चारामा में पीजी कालेज खोलने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले साल से यह कोर्स आरंभ हो जाएंगे।

नारायणपुर से वनीता नेताम ने मेरे सपनों का छत्तीसगढ़ पर अपनी बात रखी और इसमें राज्य सरकार की उपलब्धियों को सराहा। मुख्यमंत्री ने इसकी खूब प्रशंसा की। अन्य युवाओं ने भी गढ़बो छत्तीसगढ़ की अपनी कल्पना मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। क्राइस्ट कालेज की छात्रा कुमारी भूमिका ने बादल एकेडमी के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस एकेडमी के माध्यम से बस्तर की कला संस्कृति को सहेजने में बड़ी मदद मिल रही है। इस मौके पर लोकसभा सांसद दीपक बैज, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक विक्रम मडावीं, चंदन कश्यप, सावित्री मंडावी, अनूप नाग, महापौर जगदलपुर सफीरा साहू, छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, इन्द्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा भी मुख्य मंच में उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर युवा हितों में लिये गये बड़े फैसलों की जानकारी भी युवाओं को दी। उन्होंने कहा कि महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित किया जाएगा। शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को घर से महाविद्यालय तक आने बस की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में लंबी कूद, 100 मीटर दौड़ एवं कुश्ती के खेल में 18 से 40 वर्ष के आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया जाएगा। यह प्रावधान इसी वर्ष से लागू किये जायेंगे। दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं परीक्षाओं की तैयारी आनलाइन विकासखंड मुख्यालयों में हो सकेगी।

**नेशनल चैंपियन रीना ने किया आग्रह, मुख्यमंत्री ने स्वीकारा, कोंडागांव में स्थापित होगी कुश्ती एकेडमी:** भेंट मुलाकात के दौरान कोंडागांव की युवती रीना राजपूत ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती खिलाड़ी हैं। 10 नेशनल और 35 स्टेट लेवल कांपिटिशन में हिस्सा लिया है। अब मैं यहां कुश्ती के टैलेंटेड लोगों को तैयार कर रही हूँ। जिस तरह यहां स्पोर्ट्स एकेडमी की घोषणा आपने की। उसी तरह से कुश्ती एकेडमी भी बन जाए तो कुश्ती के लिए अच्छा माहौल बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल अधोसंरचना को बेहतर बनाने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना शासन की प्राथमिकता है। हम यहां कुश्ती एकेडमी बनाएंगे। शहीद महेंद्र कर्मा शासकीय विश्वविद्यालय जगदलपुर की छात्रा कु घृतिका निषाद ने कहा कि हमारे जिले में आर्चरी, क्रीड़ा परिसर, इंडोर स्टेडियम, प्रियदर्शिनी स्टेडियम आदि बनाया गया है। इससे खेलों के लिए बहुत बढ़िया माहौल बना है।

**भाजियों को मिड डे मील में शामिल करें:** उत्तर बस्तर कांकेर से कुमारी श्रेया वर्मा एमबीबीएस की छात्रा हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ भाजियों के लिए मशहूर है। यहां इतनी तरह की भाजियां हैं और सबमें बहुत से विटामिन हैं। इन्हें मिड डे >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दंतेवाड़ा में स्वतंत्रता दिवस की रात चार नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस की रात पुलिस को दंतेवाड़ा में बड़ी कामयाबी मिली। हैदराबाद से विस्फोटक लेकर आ रहे चार नक्सलियों को दंतेवाड़ा बस स्टैंड में धर दबोचा गया। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से 25 किलो के 9 विस्फोटक स्टीक और 84 हजार नगद सहित पिट्ठू तथा दैनिक उपयोग की कई सामग्री बरामद की। ये विस्फोटक को लेकर मिरतूर जाने की तैयारी में थे। चारों नक्सल संगठन में विगत तीन वर्षो से जुड़े हुए थे।

सीआरपीएफ डीआईजी विकास कठेरिया और एसपी गौरव राय ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसका खुलासा किया। पुलिस के मुताबिक सीआरपीएफ 231वीं बटालियन को यह सूचना मिली थी कि हैदराबाद से लौटने वाली बस में चार संदेही विस्फोटक लेकर दंतेवाड़ा आ रहे हैं। इस सूचना के बाद दंतेवाड़ा पुलिस ने बस स्टैण्ड में घेराबंदी की। वहां पर तीन व्यक्ति पीठ में पिट्ठू बैग लेकर खड़े थे, जबकि चौथा ट्राली बैग के साथ वहां पर मौजूद था। पुलिस को देखकर ये भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान इन्होंने अपना नाम क्रमशः सुभाष कड़ती, मनोज ओयाम और रमेश ओयाम बताया। ये फूलगटा और बेचापाल के रहने वाले हैं। इनमें से चौथा नाबालिग है। इनकी जब तलाशी ली गई तो इनके कब्जे से 25 किलो विस्फोटक सामग्री वाले 9 स्टीक तथा एक नक्सली से 21 हजार 350 रूपए, दूसरे से 35 हजार 650 रूपए और तीसरे से 27 हजार रूपए नगद मिले। इनके चार



- हैदराबाद से 25 किलो विस्फोटक लेकर बस स्टैंड पहुंचे थे
- टल गई बड़ी वारदात, जा सकती थी सैकड़ों जानें

मोबाइल भी जप्त कर लिये गए हैं। इनसे पूछताछ जारी है। एसपी गौरव राय ने बताया कि बेचापाल पंचायत सरकार अध्यक्ष शंकर के लिए ये विस्फोटक ला रहे थे। हैदराबाद में ये पिछले तीन महीने से मजदूरी करने के नाम पर रह रहे थे। इनसे बरामद विस्फोटक स्टीक में नेलगोंडा तेलंगाना का उल्लेख है। मिरतूर जाने के लिए ये बस स्टैंड में खड़े थे, इसी समय पुलिस ने इन्हें धर दबोचा।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्त में आया नक्सली रमेश बेचापाल पंचायत मिलिशिया सदस्य, मनोज बेचापाल पंचायत सीएनएम सदस्य और सुभाष कड़ती मिरतूर डेगमेटा डीकेएमएस सदस्य है। ये तीन वर्षो से नक्सल संगठन में काम कर रहे हैं। इन विस्फोटकों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही चुनावी हिंसा में भी किया जा सकता था। इसकी बरामदगी से एक बड़ी घटना टल गई और सैकड़ों लोगों की जान बच गई। सीआरपीएफ डीआईजी और एसपी ने बताया कि गिरफ्त में आए नक्सलियो के खिलाफ दंतेवाड़ा थाने में विस्फोटक अधिनियम धारा 4, 5 एवं 13 (1) 38 (2) 39 (2)विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है। तीन नक्सलियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया, जबकि नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश गया है।

पत्रकार वार्ता में बताया गया कि अभी पूछताछ में और खुलासे होंगे। विवेचना प्रारंभिक चरण में है। विस्फोटक इससे पहले भी नक्सलियों द्वारा हैदराबाद से लाए गए हैं ? किस फैक्ट्री से लाए गए हैं ? सप्लाई चैन में कौन-कौन है ? नक्सलियों द्वारा बच्चों का इस्तेमाल राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में किस तरह किया जा रहा है ? इन तमाम सवालों के जवाब आने वाले समय में मिल सकेंगे। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा डीआईजी कमलोचन कश्यप, सीआरपीएफ कमांडेंट 231वीं बटालियन सुरेन्द्र सिंह, डिप्टी कमांडेंट प्रताप सिंह बेहरा, एडिशनल एसपी आरके बर्मन और एसडीओपी राहुल उइके के निर्देशन में जिले में जारी नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी कामयाबी मिल रही है। चार नक्सलियों की गिरफ्तारी में दंतेवाड़ा टीआई विजय पटेल, एसआई हेम शंकर, एएसआई सुनीता साहू, रणवीर सिंह, भूरेलाल शर्मा, प्रधान आरक्षक तेज लाल भोई, सोमन मरकाम, आरक्षक केशव पटेल, घनश्याम दुग्गा तथा सीआरपीएफ 231वीं बटालियन जावंगा का विशेष योगदान रहा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी को दिया श्रदांजलि



**कोण्डागांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। 16 अगस्त को अटल सदन जिला भाजपा कार्यालय कोण्डागांव में भाजपा के पितृ पुरुष पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर कोण्डागांव भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्व.अटल बिहारी बाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रधांजलि दिया। इस दौरान सड़क हादसे में मृत हुए शंकर मार्कण्डे कोण्डागांव भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रधांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्यरूप से दयाराम पटेल, ओमप्रकाश टावरी, जितेंद्र सुराना, जैनेन्द्र ठाकुर, कुलवंत चलह, सुभाष पाठक, अश्वनी पांडे, ललित देवांगन, तेज देवांगन, नागेश देवांगन, बंटी नाग, बिट्टू पाणिग्रही, रौनक पटेल, गौरव ठाकुर, टिंकू साहू, संतोष नाग, बालसिंह बघेल, धनसुदास, गोविंद रामटेके एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। कंगोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में स्वतंत्रता का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण डॉ. हेमंत कुमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय एवं बी.एड. कॉलेज के भैया बहनों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि महोदय के करकमलों से पुरस्कार वितरण हुआ, जिसमे उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. हेमंत कुमार मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। साथ ही संस्था के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा, व्यवस्थापक डॉ. प्रतीक लागू, बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य ईश्वर प्रसाद तिवारी, कंगोली विद्यालय की प्राचार्य भारती देवांगन सहित विद्यालय एवं महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अंत वंदे मातरम गीत के साथ हुआ।

## स्वतंत्रता दिवस पर दंतेवाड़ा में सी-मार्ट की शुरूआत

**दंतेवाड़ा,** 15 अगस्त (देशबन्धु)। अपने दंतेवाड़ा प्रवास में संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने चितालंका स्थित नवीन सी-मार्ट भवन का भी शुभारंभ किया। इस सी-मार्ट दुकान में स्व सहायता समूहों के महिलाओं के द्वारा निर्मित सामग्री, रीपा के उत्पाद के अलावा बाजार में उपलब्ध अन्य कंपनियों के घरेलू एवं दैनिक उपयोग में आने वाली सभी प्रकार की सामग्री आम जनता के लिए उपलब्ध रहेगी।



- संसदीय सचिव रेख चंद ने उद्घाटन के साथ खरीदी सामग्री
- उपलब्ध रहेगी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्री

विशेष तौर पर यह सभी सामग्री बाजार दर से कम राशि में लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा। इस सी-मार्ट में स्व सहायता समूहों द्वारा इमली सॉस, आर्गेनिक चावल, दाल, वनोपज उत्पाद जैसे टोरा तेल, महुआ के लड्डू, तीखुर, मसाले, अचार, गोबर पेंट तो उपलब्ध रहेंगे ही। इसके साथ-साथ शासकीय कार्यों में प्रयुक्त होने वाली स्टेशनरी सामग्री भी सी-मार्ट रखी गयी है। जिला प्रशासन द्वारा सी-मार्ट संचालन हेतु 10 महिला स्व सहायता समूहों को जोड़ा गया है और परोक्ष रूप 150 महिलाओं को रोजगार प्राप्त होगा। इस मौके पर संसदीय सचिव ने सी मार्ट से सामग्रियां भी खरीदी।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती देवती महेन्द्र कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, सदस्य जिला पंचायत सुश्री सुलोचना कर्मा, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि छविन्द्र कर्मा अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर विनीत नंदनवार, डीएफओ सागर जाधव, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरजंन, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री का जगदलपुर एयरपोर्ट में आत्मीय स्वागत



**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के लिए जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुँचे। मुख्यमंत्री पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित भेंट मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम में शामिल होंगे। उनके साथ बस्तर सांसद दीपक बैज भी पहुँचे। इस अवसर संसदीय सचिव रेखचन्द जैन, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम सभापति कविता साहू, अक्षय ऊर्जा अभिकरण के अध्यक्ष मिथलेश स्वर्णकार, इन्द्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## नियम विरुद्ध सागौन की कटाई पर डीएफओ को सर्व आदिवासी समाज ने ज्ञापन सौंपा

**कोण्डागांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष पनकुराम नेताम ने डीएफओ कार्यालय में पहुंचकर वन विभाग के अधिकारियों द्वारा भेदभावपूर्ण रवैया अपनाते हुए अवैध कटाई के आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाकर एक ज्ञापन सौंपा है। पनकु नेताम ने वन विभाग के अधिकारियों के कार्य प्रणाली पर संदेह जताते कहा कि विभाग भेदभावपूर्ण रवैया अपनाता नजर आ रहा है, एक और अंदरूनी क्षेत्र में छोटे-छोटे मामलों में आदिवासी भाइयों की गाड़ियों को जप्त कर राजसात की कार्यवाही वन विभाग करती है, वहीं दूसरी ओर केंद्रीय विद्यालय भवन निर्माण परिसर में सागौन के पेड़ों को जेसीबी से रौंदने वाले वाले ठेकेदार पर वन विभाग मेहरबान नजर आ रहा है, श्री नेताम ने कहा कि जिला मुख्यालय में एजुकेशन हब के लिए वन विभाग से जमीन आवंटित करवाया गया है जिसमे केंद्रीय विद्यालय भवन भी प्रस्तावित था जिसे कड़े नियमों के साथ वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने आच्छादित सागौन के वृक्षों को बगैर किसी नुकसान करने की शर्त पर आवंटित तो कर दिया है, लेकिन भवन निर्माण कर रहा ठेकेदार नियमों को ताक में रख अपनी मनमानी कर सागौन के पेड़ों को जेसीबी उखाड़ रहा है। वहीं मामले में शिकायत के बावजूद वन विभाग केवल खाना पूर्ति करता नजर आ रहा है। पनकुराम नेताम ने कहा कि भेदभावपूर्ण तरीके से कार्यवाही करने वाला वन विभाग अगर केंद्रिय विद्यालय भवन निर्माण क्षेत्र के सागौन वनों को काटकर नुकसान पहुंचाने वाले आरोपियों पर कार्यवाही नहीं करता है, तो सर्व आदिवासी ब्लॉक इकाई उग्र प्रदर्शन हेतु बाध्य होगा।



अवैध सागौन कटाई के आरोपी को संरक्षण दे रहा, वन विभाग : पनकु नेताम

## रोटरी क्लब ने गोदग्राम धुरगुड़ा में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**जगदलपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। रोटरी क्लब द्वारा गोदग्राम धुरगुड़ा में आजादी का उत्सव मनाया गया। कार्यकम की शुरूवात धुरगुड़ा स्कूल में रोटरी क्लब के अध्यक्ष दिनेश कागोत द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अपने उदबोधन मे दिनेश कागोत ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। क्लब से संग्राम सिंह राणा और विवेक जैन ने अपने भाषण में बच्चों को जीवन में अपने अपने फील्ड में अच्छे कार्य कर देश को मजबूत करने की बात कही।



- डिमरापाल अस्पताल में मरीजों के बीच दी सेवाए
- सोमानी चैरिटेबल का किया सम्मान

उसके बाद बच्चों द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस आजादी के अवसर पर क्लब द्वारा बच्चों को मिठाई स्कूली पाठ्य सामग्री और खेलकूद सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य और शिक्षकों को साल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। उसके बाद क्लब सदस्यों द्वारा डिमरापाल अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को रोटरी क्लब और सोमानी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से चलने वाले प्रॉजेक्ट आहार में भोजन कराया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट आहार में विशेष सहयोग हेतु सोमानी चैरिटेबल ट्रस्ट के श्याम सोमानी को सम्मानित किया गया इस मौके पर हनुमंत राव, भवर बोथरा, पुस्पी अग्रवाल, प्रकाश चावड़ा, दीपेश राजपुरिया, श्रीधर मद्दी, कमलेश गोलछा, चंद्रेश छाजेड़, क्लब सचिव मनोज थॉमस सहित बड़ी संख्या में रोटरी और रोट्रैक्ट क्लब के सदस्य उपस्थिति थे। कार्यक्रम का संचालन विवेक सोनी ने किया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### सुकमा में आबकारी एवं...

भी दी गई।

समारोह में मंत्री श्री लखमा ने नक्सल हिंसा में शहीद हुए जिले के जवानों के बलिदान को याद करते हुए उनके परिजनों को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। इसके साथ विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सम्मानित किया गया।

### कोंडागांव में कुश्ती एकेडमी...

मील में शामिल किया जाए तो बच्चों के पोषण में बहुत वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपका सुझाव बहुत अच्छा है। इस संबंध में हम लोग काम कर रहे हैं। भाजियों के पौष्टिक गुणों के संबंध में वन विभाग के औषधि पादप बोर्ड द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया था। मैं बस्तर संभाग में भेंट मुलाकात में गया और हर जगह अलग किस्म की स्वादिष्ट भाजियां खाईं जो बहुत शानदार अनुभव रहा। अभी लोग मिड डे मील में मिलेट्स को जोड़ रहे हैं। इसकी शुरुआत कांकेर से की गई है और शीघ्र ही इसे विस्तारित किया जाएगा।

**जल्द होगी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की भर्ती**

भेंट मुलाकात के दौरान कृषि महाविद्यालय जगदलपुर के छात्र निखिल तिवारी ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पदों पर भर्ती का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी स्वीकृति वित्त विभाग से हो चुकी है। जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया आरंभ होगी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि लगभग 41 हजार पदों पर भर्ती हो चुकी है और प्रक्रिया चल रही है। कोण्डागांव की प्रियंका सोरी ने बताया कि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है और एनएसएस की कैडेट भी हैं। ऐसे में कृपया एनएसएस के छात्र-छात्राओं को भर्ती परीक्षाओं में बोनस अंक प्रदान करने की कृपा करें। प्रियंका ने कहा कि हम आपकी योजनाओं को एनएसएस द्वारा गांव स्तर तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। हमारे जिले में अब कॉलेज की संख्या 3 से बढ़कर 8 हो गई है। इसके लिए हम आपका धन्यवाद देते हैं। एमएससी बॉटनी और फिज़िक्स हमारे कालेज में नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हें शीघ्र ही संचालित किया जाएगा।

## बस्तर के 12 सीटों पर कांग्रेस का रहेगा कब्जा : लखमा

**सुकमा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। चुनाव आयोग ने प्रत्येक बूथ स्तर पर बीएलओ बनाने के निर्देश दिए हैं जिसको ध्यान ने रखते हुए आज पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उन्हें आगामी चुनाव के लिए विधानसभा स्तर पर जिला स्तर, ब्लॉक स्तर, जोन, सेक्टर, बूथ स्तर में बीएलओ तक की जिम्मेदारी सौंपी गई और सभी को उनकी जिम्मेदारी अनुरूप ट्रैनिंग दी गई है। जबसे भूपेश सरकार बनी है तबसे गांव गांव तक सड़क, बिजली, पानी और राशन दुकान की सुविधाएं उपलब्ध कराई है जिसका नतीजा है कि लोग वोट के महत्व को समझ रहे हैं और इतने वर्षों बाद पोलिंग बूथ में वृद्धि देखने को मिली है। उक्त बातें मंत्री कवासी लखमा ने विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक पश्चात प्रेसवार्ता करते हुए कहा। बैठक में बड़ी संख्या में जिले के सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**भाजपा-सीपीआई की अपेक्षा कांग्रेस बेहतर स्थिति में : लखमा**

श्री कवासी ने कहा कि इस चुनाव में पोलिंग बूथ में वृद्धि हुई है और बीएलओ नियुक्त करने को कहा गया जिसको लेकर आज हमने बैठ किया है पर भाजपा सीपीआई लोग आज तक बीएलओ की नियुक्ति नही किए हैं और न ही पूरे मतदान केंद्रों में बीएलओ की नियुक्ति करपाएँगे। कोन्टा विधानसभा कांग्रेस का गढ़ है जिसका नतीजा है कि हम लगातार 24 साल से अधिक सत्ता में है। आज इतने ग्राम पंचायतों में उप-चुनाव के दौरान भाजपा सीपीआई अपना उम्मीदवार तक नही मिला।



मंत्री कवासी लखमा ने ली विस स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक

**अगली सरकार में संविदाकर्मियों को करेंगे रेगुलर : लखमा**

श्री लखमा ने संविदाकर्मियों को लेकर किए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमारे पास बजट की कमी है उसी में सारे विकास कार्य किए जा रहे हैं। भारत सरकार हमे जीएसटी का पैसा दे तो हम जरूर करेंगे। कुछ माह बाद हमारी सरकार फिर से आ रही है तो अगली सरकार में संविदाकर्मियों को सबसे पहले प्राथमिकता देते हुए रेगुलर किया जाएगा। इस कार्यकाल में हमने किसानों पर विशेष ध्यान दिया उसी प्रकार अगली बार सरकार में आने से सबसे पहले संदिकर्मियों का ध्यान रखा जाएगा। एक ओर पंद्रह वर्ष की सरकार में आदिवासियों को अपने घर से बेघर होकर शिविर में रहना पड़ता था वहीं हमारी सरकार ने कोरोना काल के बावजूद बंद पड़े स्कूलों को खोला, सड़के बनाई, बिजली और पानी की सुविधाएं मुहैया कराया जिसका नतीजा देखने को मिलेगा की आने वाले चुनाव में बस्तर के विधानसभा 12 सीटों में कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी होंगे। बस्तर में जितना विकास भूपेश सरकार में हुआ उतना आजादी के इतने वर्षों में कभी नही हुआ। पूर्व मंत्री के क्षेत्र में 4 तहसील खोलने का काम हमारी सरकार ने किया। सुकमा जिले में तहसील कार्यालय खुल गए। कई पहुंचविहीन जगहों तक पुल पुलिया और सड़क निर्माण का कार्य किया गया। पिछली सरकार में सुकमा के लोग और स्वंय मै खुद बाहर इलाज कराने को मजबूर था। आज सुकमा जिला अस्पताल में बाहर राज्य के लोग इलाज करने आ रहे हैं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच दंतेवाड़ा में शान से लहराया तिरंगा



- संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली
- आकर्षक मार्च पास्ट के साथ स्कूली बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति
- विधायक देवती समेत कई जन प्रतिनिधि मुख्य समारोह में शामिल

**दंतेवाड़ा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में कड़ी सुरक्षा के बीच स्वतंत्रता दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। मुख्य समारोह में जगदलपुर विधायक और संसदीय सचिव रेख चंद जैन ने ध्वजारोहण कर पारम्परिक परेड की सलामी थी। श्री जैन ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया, जिसमें प्रदेश की विकास गतिविधियो की जानकारी दी गई थी। समारोह जिला मुख्यालय शासकीय हाई स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था। इस समारोह में कलेक्टर विनीत नंदनवार और पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् मुख्य अतिथि द्वारा हर्ष एवं उल्लास के प्रतीक तिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये और शांति के प्रतीक श्वेत कबूतर उड़ाये गये। कार्यक्रम में श्री जैन द्वारा नक्सली उन्मूलन अभियान में शहीद जवानों के परिजनों को शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सीआरपीएफ, छ.ग सशस्त्र बल 9वी वाहिनी, जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, महिला एवं पुरुष बस्तर फाइटर्स, नगर सैनिक, एनसीसी, स्काउट गाइड, द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट परेड का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्तर्गत शासकीय कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चितालंका, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम, निर्मल निकेतन कारली, एवं डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति सर्वधर्म, समभाव तथा राष्ट्रीय एकता से ओत प्रोत नृत्य गान प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

इसी मार्च पास्ट परेड के लिए महिला बस्तर फाईटर्स को प्रथम पुरस्कार, पुरुष बस्तर फाईटर्स द्वितीय पुरस्कार और तृतीय स्थान महिला पुलिस बल को मिला। इस प्रकार शालेय छात्रों में पहला स्थान गाइड एवं दूसरा स्थान कस्तूरबा विद्यालय का रहा। आस्था विद्या मंदिर बैंड की धुन के लिए विशेष पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार छात्र-छात्राओं के के सांस्कृतिक प्रदर्शन में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पातररास को प्रथम तथा निर्मल निकेतन हाई स्कूल कारली को द्वितीय स्थान मिला। जबकि तृतीय स्थान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गीदम छात्र-छात्रा रहे। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय कर्मचारियों को प्रशस्ति दिया गया।

इस अवसर पर विधायक श्रीमती देवती महेन्द्र कर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री तुलिका कर्मा, सदस्य जिला पंचायत सुश्री सुलोचना कर्मा, पीसीसी मेंबर छविन्द्र कर्मा, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित डीएफओ सागर जाधव, सीईओ जिला पंचायत कुमार बिश्वरजंन, न्यायिक विभाग से अधिकारीगण, अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम शिवनाथ बघेल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# कभी करते थे बहिष्कार, अब तिरंगे को दी सलामी

## नक्सल प्रभावित बुरगुम, बड़े गादम, तुमरीगुंडा में आजादी का जश्न

**दंतेवाड़ा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वंतत्रता दिवस के मौके पर दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावित गांवों बुरगुम, तुमरीगुंडा एवं बड़ेगादम में उम्मीदों का एक नया दीप जला है। यहां आजादी के बाद पहली बार दंतेवाड़ा पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर तिरंगा लहराया । इस मौके पर खास बात ये रही कि समर्पण करने वाले नक्सलियों ने भी तिरंगे को सलामी दी और वे भी आजादी के जश्न में शामिल हुए।



दंतेवाड़ा जिले के तीनों गांव नक्सल गतिविधियों के कारण अतिसंवेदनशील श्रेणी में आते हैं। इन गांवों में नक्सली हमेशा से ही स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार करते आए हैं । आजादी के पर्व के दिन नक्सली अंदरूनी क्षेत्रों में काला झंडा फहराकर विरोध प्रदर्शित करते हैं । ये गांव उन्हीं गांव में से थे, जहां नक्सली कुछ साल पहले काला झंडा फहराते थे। दंतेवाड़ा जिले में शासन की विश्वास विकास सुरक्षा की नीति के चलते ग्रामीणों का नक्सलवाद से मोहभंग हो रहा है । ग्रामीण समाज की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। इसके साथ ही स्थानीय नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रेरित भी कर रहे हैं। तुमरीगुंडा जो इंद्रावती नदी के दूसरी ओर स्थित है वहा पर जाकर दंतेवाड़ा पुलिस के द्वारा तिरंगा लहराया गया। डीआईजी कमलोचन कश्यप एवं एसपी गौरव राय के निर्देशन में दन्तेवाड़ा जिले के घोर नक्सल प्रभावित गांव बुरगुम, तुमरीगुण्डा एवं बड़ेगादम में आजादी की 77 वीं वर्षगांठ में जिला पुलिस बल डीआरजी एवं बस्तर फाइटर्स के जवानों द्वारा ग्रामीणों की ग्रामीणों की उपस्थिति में तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे भी शामिल हुए, जिसे देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि नक्सलगढ़ में लाल आतंक की जड़ कमजोर हो रही हैं और वो दिन भी दूर नहीं जब ग्रामीण नक्सलवाद के भय से मुक्त होकर आजादी का खुलकर जश्न मना पाएंगे। वर्तमान में इन गांवों के आसपास के लोग जो नक्सलियों के बहकावें में आकर नक्सली संगठन में शामिल हुए थे वे शासन द्वारा चलाये जा रहे नक्सल पुनर्वास नीति व लोनवर्राटू अभियान के तहत् आत्मसर्मपण कर योजनाओं का लाभ लेते हुए सामान्य जीवन व्यतीत कर रहें है। दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान के तहत पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। अभी तक कुल 615 नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है, जिसमें 159 इनामी नक्सली शामिल हैं। वे नक्सली जो कभी लाल आतंक का साथ दिया करते थे वही अब भारत माता की जय के नारे लगा रहे हैं।

# मोर माटी मोर देश के तहत जैतपुरी के शहीदों को किया गया नमन



**कोण्डागांव** 16 अगस्त (देषबन्धु)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज ग्राम पंचायत जैतपुरी में मोर माटी मोर देश अभियान के तहत अमर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए शपथ ग्रहण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जैतपुरी के शहीद पीलू नेताम एवं गणेश राम नेताम को याद करते हुए ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों ने पंच प्राण शपथ ली तथा शहीदों के परिजनों द्वारा झण्डा रोहण किया गया। इस दौरान भूतपूर्व सैनिकों ने भी सभी ग्रामीणों स्कूली बच्चों के साथ कंधों से कंधा मिला कर मोर माटी मोर देश अंतर्गत वृक्षारोपण किया। सभी ने शहीदों के बलिदान को याद किया।

# उप डाकघर में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**कोण्डागांव** 16 अगस्त (देषबन्धु)। देश की आजादी को 76 वर्ष पूरे होने पर 15 अगस्त को पूरे देश भर में स्वतंत्रता दिवस मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में उप डाकघर कोंडागांव में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक आर.एस.मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उपडाकपाल शत्रुघन निषाद ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जिस प्रकार आज हम सब स्वतंत्र हैं, उसी प्रकार स्वतंत्र रहकर अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विभाग द्वारा दिये गए दायित्वों का निर्वहन करें। हर घर तिरंगा अभियान के तहत दूरस्थ क्षेत्रों में झंडा उपलब्ध कराने वाले समस्त ग्रामीण डाक सेवकों की प्रशंसा की गई। इस मौके पर उप संभागीय निरीक्षक सीरेंद्र देवांगन, प्रीतम गुप्ता आईपीपीबी मैनेजर, सतेंद्र साव, दयाराम ध्रुव, चेतमन मरकाम, संदीप राव, अनिल दीवान, नईम खान, राधे मोहन नाग, डिकेश मिर्झा, संयत नेताम, सूर्यप्रसाद दीवान, रामलाल पटेल, बालमुकुंद बंजारे, योगेंद्र जांगड़े, पीयूष सिन्हा, गीतेश्वर राव, पुरुषोत्तम, नितेश देहारी, भूपेंद्र महिलांगे, अजय सोडी, संतोष साहू, निशा यादव, अंजलि बर्मन, अनीशा, गोपीका साहू, मुस्कान, निशा राय सहित समस्त डाक कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव के वरिष्ठों ने किया झंडारोहण



**कोण्डागांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। बाबा साहेब सेवा संस्था कोंडागांव के वरिष्ठों द्वारा कार्यालय में तिरंगा झंडारोहण किया। कोंडागांव अंबेडकर चैक कोर्ट के सामने बाबा साहब सेवा संस्था कार्यालय में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सुबह 07 बजे संस्था के वरिष्ठों संरक्षक पंचू सागर, पी.पी.गोंडाने, बनाउराम नाग एवं प्रमोद भारती के द्वारा संयुक्त रूप से तिरंगा झंडा रोहण किया गया और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर संस्था के मुकेश मारकंडेय, रमेश पोयाम, ओमप्रकाश नाग, पुष्करसिंह मंडावी, मंगला गोंडाने, भुवनलाल मारकंडेय, पुरुषोत्तम डेहरिया, सिद्धार्थ महाजन, संदीप कोर्राम, बीरज नाग, बीरेंद्र टंडन आदि संस्था के पदाधिकारी और नगर के गणमान्य नागरिकगण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में छग महतारी की प्रतिमा का अनावरण



**दंतेवाड़ा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुसार स्वतंत्रता दिवस पर संयुक्त जिला कलेक्ट्रेट परिसर के सामने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण विधायक एवं संसदीय सचिव रेख चंद जैन ने किया।

### सहकारी बैंक में कृषक प्रतिनिधियों ने फहराया तिरंगा



**दंतेवाड़ा,** 15 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवम लैम्प्स समितियों में कृषकों तथा लैम्प्स के प्राधिकृत अधिकारियो के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सहकारी बैंक दंतेवाडा में अनिल गावड़े, कारली में एनपी यादव, दंतेवाडा समिति में सत्य नारायण ठाकुर, गीदम में विजय तिवारी, नकुलनार में पोदिया राम, फरसपाल में राकेश कर्मा, अनिल कर्मा, केशापुर में रमेश भवानी ने ध्वजारोहण किया । ध्वजारोहण के समय सीएल यादव, एमएस शोरी, एनपी यादव, अरुण कुमार वर्मा, चंद्र प्रकाश पाण्डे, भूषण सिंह मंडावी, रामलाल सेठिया, परमानंद पांडे, घंसू राम नेताम, सोमारू राम, प्रभु यादव, दयमन यादव, विजय, प्रेमसिंह ठाकुर, आलोक ठाकुर, घसिया राम यादव, बलीराम बघेल, खगेश्वर ठाकुर, जगदीश किरणापुरे, श्रीमती अल्का चतुर्वेदी एव सहकारी समिति के कृषक सदस्य उपस्थित थे।

### ध्वजारोहण कर शहीदों को किया याद

**पलारी,** 16 अगस्त। आजादी के 76 वीं वर्षगांठ पर नगर सहित पुरे अंचल में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया नया नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने नगर पंचायत कार्यलय, वीर शहीद भगत सिंह चौक, हाट बाजार, सोसायटी कार्यालय, में ध्वजारोहण किए इनके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों के ध्वजारोहण मे शामिल हुए, जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौक पर योगेश चंद्राकर द्वारा, वीर शहीद युगल किशोर वर्मा जी चौक पर उनके पिता शिव वर्मा जी ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में अध्यक्ष सुनील कुर्रे राष्ट्र पिता महात्मा गांधी चौक पर भगवती सेन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में वामन टिकरिहा ठाकुर देव चौक पर गैंदलाल कनौज ने ध्वजारोहण किया

# केजरीवाल के जन्मदिन पर आप के कार्यकर्ताओं ने बाजार परिसर में लगाया झाड़ू

**कोण्डागांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी कोण्डागांव जिला इकाई ने 16 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविन्द केजरीवाल के जन्मदिन अवसर पर भ्रष्टाचार के विरोध में झाड़ू अभियान चलाया गया। इस अवसर पर आप पार्टी जिला अध्यक्ष शंकरलाल नेताम के नेतृत्व में कोण्डागांव के बाजार परिसर में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर यह संदेश दिया कि पहले दिल्ली, फिर पंजाब, अब छत्तीसगढ़ में भी भ्रष्टाचार विरोधी सरकार लानी है।



16 अगस्त को बाजार परिसर में आयोजित झाड़ू अभियान चला रहे आप पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि पहले 15 साल भ्रष्टाचार करने वाली भाजपा और फिर 5 साल तक भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस सरकार को छत्तीसगढ़ से हटाना है। जिला अध्यक्ष शंकरलाल नेताम ने कहा पहले दिल्ली और फिर पंजाब में यह साबित कर दिया है कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार विरोधी पार्टी है, जिसके नेतृत्व में दोनों राज्यों से भ्रष्टाचार समाप्त हो चुका है। अब छत्तीसगढ़ की पारी है। यहां कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है, जिसे समाप्त करने के लिए आप ने बीड़ा उठाया है। कोण्डागांव जिले में मोहन मरकाम विगत 10 सालों से विधायक हैं, उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहने का मौका भी मिला और अब मंत्री के पद पर भी हैं, लेकिन कोण्डागांव की बात करें तो यहां तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग की स्थानीय भर्ती में युवाओं को प्राथमिकता ना देना, नगर पालिका में करोड़ों के भ्रष्टाचार से लिप्त रहना, फर्जी जाति प्रमाण पत्र के माध्यम से नौकरी पाए लोगों पर कार्यवाही ना करना, जिला निर्माण समिति के नाम से भ्रष्टाचार करना, ग्रामीण-पीड़ितों की समस्या का समाधान ना कर पाना जैसे कारनामों को अंजाम दिए गए हैं। इन सबके विरुद्ध आप अभियान छेड़ चुकी है। आम आदमी पार्टी बाजार परिसर में झाड़ू लगाते हुए संदेश दे रही है कि भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस सरकार को भी झाड़ू लगाकर हटाना है और प्रदेश में एक स्वच्छ एवं जनता हितैषी सरकार का गठन करना है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शंकरलाल नेताम के साथ मुख्य रूप से रमाशंकर पाण्डेय, गुप्तेशर दीवान, संतोष बघेल, पीलासिंह पोयाम, आकाश सोरी, सनोबाई कोर्राम, रखमती पोयाम, दुर्गाप्रसाद मंडावी, रामधार मरावी, भगवती मंडावी, समनाथ नेताम, धनीराम नेताम, राकेश विश्वकर्मा, पवन नेताम, हेमचंद पाण्डेय, मंगल नेताम, लुकमन नेताम एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वाधीनता दिवस पर दंतेवाड़ा को मिलेट कैफे की सौगात

- संसदीय सचिव ने किया उद्घाटन
- चखा मिलेट खाद्यान्न का स्वाद

**दंतेवाड़ा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस पर विधायक एवं संसदीय सचिव रेख चंद जैन के द्वारा जिले के पहला मिलेट् कैफे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कैफे में मिलने वाले उत्पादों के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात स्वयं कैफे में बैठ कर रागी केक, कोदो पुलाव, कुटकी खीर का स्वाद चखा। अब जिले के लोगों को कैफे मिलट्स से बने स्वास्थ्यवर्धक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक आहार मिलेगा।



उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिला पुर्ण जैविक जिला की ओर अग्रसर हो रहा है। इसके साथ जिला प्रशासन द्वारा मोटे अनाज को बढावा दिया जा रहा है। अब जिले वासी रागी,कुटकी आदि से बने अन्य स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लें पाएंगे। मिलेट्स कैफे का संचालन साथी परियोजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा के द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। राज्य शासन के मंशा अनुरूप साथी परियोजना के तहत संचालित मिलेट्ट कैफे में लघु धान्य फसल जैसे कोदो, कुटकी, रागी व अन्य मोटे अनाजों से बने व्यंजन तथा मोटे अनाजों को प्रसंस्कृत कर विभिन्न प्रकार के उत्पाद की बिक्री की जाएगी। दंतेवाड़ा जिला मोटे धान्य फसलों के लिए जाना जाता है। इस कैफे का उद्देश्य जिले में कृषकों के उत्पादन किए हुए मोटे अनाजों को खरीद कर उसे प्रसंस्कृत कर एक बाजार मुहैया कराना है। जिससे मोटे अनाजों की गुणवत्ता पोषक का उपयोग करते हुए किसानो के आय का एक अच्छा साधन बनेगा तथा मोटे अनाजों को बढ़ावा मिलने के साथ ही लोगों को पौष्टिक आहार मिलेगा।

# कलेक्टोरेट में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण



**दंतेवाड़ा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर विनीत नंदनवार ने जिला कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया व अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। इसके पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर उन्हें नमन किया। कलेक्टर श्री नंदनवार ने ध्वजारोहण के बाद इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर संजय कन्नौजे, संयुक्त कलेक्टर सुरेन्द्र सिंह ठाकुर सहित जिला कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोण्डागांव न्याय सदन में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कोण्डागांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध व निवारण अधिनियम 2013, के संबंध में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के न्याय सदन में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। 14 अगस्त 2023 को सालसा के गाईड लाईन के अनुसार उत्तरा कुमार कश्यप जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन जिला न्यायालय परिसर के न्याय सदन में स्वयं उपस्थित होकर मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध व निवारण अधिनियम 2013 के संबंध में कार्यशाला आयोजित किया गया। जहां विभिन्न शासकीय, अर्द्ध शासकीय विभाग व फर्म से आए अधिकारी, कर्मचारी/स्टेकहोल्डर्स को जिला न्यायाधीश के द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न जैसी घटनाओं से रूबरू होना पड़ता है, कई बार महिलाएं ऐसी घटनाओं का शिकार होकर अपनी मजबूरी एवं लज्जावश या अन्य कारणों से कहीं शिकायत नहीं कर पाती हैं और पीड़ित होती रहती हैं, इसकी रोकथाम आवश्यक है। इसके संबंध में ही माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा सिविल अपील क्र.2482/2014 एरेलियनो फर्नाडीज बनाम गोवा राज्य व अन्य में एक महत्वपूर्ण निर्णय दिनांक 12-5-2023 में पारित आदेश कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की रोकथाम, निषेध व निवारण अधिनियम 2013 बना है। जिला न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों के द्वारा भी उक्त कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में उपस्थित महिलाओं को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में कार्य कर रही महिला या अन्य महिलाओं को इसकी जानकारी हो इस उद्देश्य से प्रत्येक विभाग/फर्म जहां दस से अधिक व्यक्ति कार्य कर रही हों वहां पर एक शिकायत समिति का गठन करने, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने, यौन उत्पीड़न की घटनाओं से निपटने, इनके समाधान और दोषी व्यक्ति को सजा दिलाने के संबंध में, कार्यस्थल पर काम का सुरक्षित वातावरण मुहैया कराने तथा यौन उत्पीड़न के बारे में कर्मचारियों को संवेदनशील बनाने व घटनाओं की तुरंत और प्रतिशोध के डर के बिना रिपोर्ट करने के महत्व, शिकायतकर्ताओं को प्रोत्साहित करने के संबंध में इस अधिनियम का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यशाला एवं कार्यक्रम का आयोजन करने के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं श्रीमति अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव ने कार्यशाला एवं मंच का सफल संचालन करने में अपनी अहम भूमिका निभाया। कार्यषाला में श्रीमती प्रिशिला पॉल होरो अपर जिला न्यायाधीश कोण्डागांव, कमलेश कुमार जुर्री विषेश न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. (पॉक्सो) कोण्डागांव, श्रीमति यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, शिवप्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव, श्रीमती अम्बा शाह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के साथ समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं फर्म के विभिन्न विभागों के आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष, सदस्य तथा स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।



**कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न की रोकथाम निषेध व निवारण अधिनियम 2013**

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



## कार्यपालन अभियंता

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

सुकमा

# 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



## कृषि विज्ञान केन्द्र

सुकमा

समस्त क्षेत्रवासियों को

## स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



श्रीमती सुनीता भास्कर

अध्यक्ष, जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा



जय दयाल नागेश

उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा

सरपंच ग्राम पंचायत धुरली

सरपंच ग्राम पंचायत भांसी

सरपंच ग्राम पंचायत पाढ़ापुर



विनीत : समस्त जनपद सदस्य जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा, जिला-दन्तेवाड़ा



मा. भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री छग शासन



मा. टी.एस. सिंहदेव

स्वास्थ्य मंत्री छग शासन




मा. कवासी लखमा

आबकारी मंत्री छग शासन



मा. हरीश कवासी

अध्यक्ष, जिला पंचायत सुकमा



### स्वतंत्रता दिवस पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

### छत्तीसगढ़ का सुकमा जिला होगा मोतियाबिंद से मुक्त

**कारण**

● उम्र का बढ़ना ● डायबिटीज ● अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन ● सूर्य के प्रकाश का अत्यधिक एक्सपोजर ● मोतियाबिंद का पारिवारिक इतिहास उच्च रक्तदाब ● मोटापा ● आंखों में चोट लगना या सूजन ● पहले हुई आंखों की सर्जरी ● कार्टिस्टेरॉइड मोडिकेशन का लंबे समय तक इस्तेमाल ● धुम्रपान

**लक्षण**

● दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता ● बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी ● रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव क्योंकि लेंस एक फ़िल्टर की तरह काम करता है ● रात में ड्राइविंग में दिक्कत आना जैसे कि सामने से आती गाड़ी की हैडलाइट से आँखें चैंधियाना ● दिन के समय आँखें चैंधियाना ● दोहरी दृष्टि (डबल विज़न) ● चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

**रोकथाम**

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं
- सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणें मोतियाबिंद विकसित करने में सहायता कर सकती हैं। जब भी बाहर धूप में निकलें सनग्लासेस लगाएं यह यूवी किरणों को ब्लॉक कर देता है
- अगर आपको डायबिटीज या दूसरी स्वास्थ्य समस्याएं हैं जिससे मोतियाबिंद का खतरा बढ़ जाता है उनका उचित उपचार कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें। इनमें बहुत सारे एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं जो आंखों को स्वस्थ्य रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं
- धुम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

### सुकमा जिले में मलेरिया अभियान लक्ष्य पूर्ण की ओर







**एनिमिया के कारण**

- आयरन की कमी से
- विटामिन की कमी से
- सिकल सेल एनिमिया

**एनिमिया के बचाव**

- आयरन-आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे मीट, बींस, दाल, गहरे हरे पत्तेदार सब्जिया और सूखे मेवे लेने चाहिए

**एनिमिया के लक्षण**

- थकान
- दुर्बलता
- पीली त्वचा
- अनियमित दिल की धड़कन
- सांस लेने में तकलीफ
- चक्कर आना
- छाती में दर्द
- ठंडे हाथ और पैर
  सिर दर्द






## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं एनआरएचएम, सुकमा

उल्टा पुल्टा

दादा जी पोते से बोले, फौरन मेरे दांत लेकर आ
**पोता बोला-** अभी तो रोटी भी नहीं बनी, दांत का क्या करोगे?
**दादा जी-** रोटी को मार गोली, पड़ोसन स्माइल दे रही है। मुझे भी उसको कातिलाना स्माइल देनी है।

**विधानसभा चुनाव**

# कांग्रेस टिकट के लिए आज से आवेदन

## राजीव भवन में देर रात चली बैठक, पहली सूची अगले महीने संभावित

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा प्रत्याशी चयन के लिए कांग्रेस ने प्रक्रिया तय कर लिया है। इस कड़ी में टिकट के दावेदार कल से ब्लॉकों अपने आवेदन दे सकते हैं। टिकट के लिए ऑनलाईन भी आवेदन लिए जाएंगे। संभावना है कि कांग्रेस की पहली सूची सितंबर के आखिरी तक जारी हो सकती है। प्रत्याशी चयन के लिए चुनाव समिति की पहली बैठक मंगलवार को राजीव भवन में देर रात तक चली। बैठक में प्रदेश प्रभारी सैलजा, सीएम भूपेश बघेल, डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव समेत चुनाव समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। बैठक में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया तय की गई। और पिछले चुनाव की तरह इस बार भी ब्लॉकों से आवेदन बुलाने का फैसला लिया गया। टिकट के दावेदार 17 तारीख से 22 अगस्त तक टिकट के लिए आवेदन ब्लॉक में दे सकते हैं। ब्लॉक अध्यक्ष, दावेदारों की लिस्टिंग कर जिले को भेजेगी।

बताया गया कि जिले की समिति स्कूटनी कर प्रदेश को भेजेगी। कुल मिलाकर जिले तक की प्रक्रिया 31 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। दावेदार ऑनलाईन भी आवेदन दे सकते हैं। कहा जा रहा है कि छानबीन समिति बैठककर अधितकतम पांच नामों का पैनल तैयार करेगी। कहा गया कि सिंतबर के पहले पखवाड़े में कांग्रेस प्रत्याशियों की पहली सूची जारी हो जाएगी।

**नए चेहरों पर दांव ?**

चुनाव समिति की बैठक में फिर से नए चेहरों को टिकट देने पर भी चर्चा हुई है। यह कहा गया कि पिछली बार 54 नए लोग जीतकर आए थे। इस बार सर्वे रिपोर्ट में खराब परफार्मेंस वाले विधायकों की जगह नए चेहरे को आगे लाने पर सहमति बनी है। बैठक में दूसरी पार्टी छोड़कर आने वाले नेताओं, रिटायर्ड अफसरों को टिकट नहीं देने की बात भी कही गई है। मूल रूप से कांग्रेसी नेताओं को ही टिकट देने का निर्णय लिया गया है।



**सिफारिशों पर नहीं मिलेगी टिकट, पहले दिखाना होगा काम : सैलजा**

, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने दो टूक में कह दिया है कि किसी भी प्रत्याशी के आवेदन पार्टी के बड़े नेता या फिर चुनाव समिति के सदस्यों से स्वीकार नहीं किए जाएंगे, बल्कि उम्मीदवारो को 17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ही टिकट के लिए आवेदन करना होगा।

कुमारी सैलजा ने कहा है कि आवेदन केवल और केवल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ही लिए जाएंगे बैठक के बाद प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो पिछले चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष थे और टीएस सिंहदेव जो नेता विपक्ष रहे है, उन्होंने अपना अनुभव साझा किया। क्योंकि इस समय कांग्रेस सत्ता में है और मौजूदा हालात में किस तरह काम करना है, इस पर बैठक में चर्चा की गई है। वहीं उम्मीदवारो के लिए तय किए गए क्राइटेरिया को लेकर सैलजा ने कहा कि सभी की राय यही थी कि दो चीजें होनी चाहिए पार्टी और नेतृत्व के प्रति निष्ठा और दूसरा जीतने वाला कैंडिडेट होना चाहिए।

**जितने वाले को मिलेगा टिकट : सिंहदेव**

चुनाव समिति की बैठक में शामिल उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि टिकट के मामले में नेताओं का कोई कोटा नहीं रहेगा। इससे पहले भी केवल एक ही क्राइटेरिया रखा गया था कि विनिंग कैंडिडेट हो। वो कौन और किस नेता से जुड़ा है ये मायने नहीं रखता। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि किसी उम्मीदवार को केवल इसलिए टिकट नहीं दी जानी चाहिए कि वह टीएस सिंहदेव से जुड़े हुए हैं बल्कि उन्हें दिया जाना चाहिए जो जीत सकते हैं।

**प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में लिए गए निर्णय**

टिकट दावेदारों के आवेदन केवल ब्लॉक में ही लिए जाएंगे। किसी भी बड़े नेता या चुनाव समिति के सदस्यों से सीधे आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

17 से 22 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में आवेदन लिए जाएंगे। दावेदारों से आवेदन की कोई फीस नहीं ली जाएगी। आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड किया जाएंगे, जिसे भरकर देना होगा। 24 अगस्त तक सभी ब्लॉक कांग्रेस में नामों को लेकर मीटिंग पूरी कर ली जाएगी। ब्लॉक कमेटी 1 से 5 नामों का पैनल बनाकर दे सकती हैं, हांलाकि कमेटी के पास आए सारे आवेदन उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे।

26 अगस्त तक ब्लॉक कमेटी के पाए आए आवेदन और उनके प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी को देने होंगे।

29 अगस्त तक हर हाल में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक होनी चाहिए।

जिला कांग्रेस कमेटी 3 नामों का पैनल बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास सौंपेगी। जिसमें सारे आवेदन और प्रस्ताव दोनों ही शामिल होंगे।



# वेतन विसंगति को लेकर प्रदर्शन

## सहायक शिक्षकों ने निकाली आक्रोश रैली

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। वेतन विसंगति को लेकर राजधानी में आज सहायक शिक्षकों ने सरकार के खिलाफआक्रोश रैली निकाली इस दौरान पुलिस और शिक्षकों के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई आक्रोश रैली तूता धरना स्थल से निकली थी जिसे पुलिस ने रेलवे ब्रिज के पास रोक दिया।

**पुलिस और शिक्षकों के बीच जमकर हुई धक्का-मुक्की**

सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया वेतन विसंगति को दूर करने के लिए लगभग 2 साल पहले कमेटी गठित की गई थी 90 दिन के भीतर कमेटी को रिपोर्ट देना थ आज 2 साल हो गया रिपोर्ट नहीं आई है उन्होंने बताया प्रत्येक सहायक शिक्षकों को लगभग प्रतिमाह 12 से 15000 का नुकसान हो रहा है हमारे समक्ष अन्य विभाग के कर्मचारियों को हमसे ज्यादा वेतन मिल रहा है चरणबद्ध तरीके से आंदोलन कर रहे हैं बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे रहेंगे।

पेंशन को लेकर कहा मनीष मिश्रा ने कहा आजीवन शिक्षा को लेकर काम करने वाले शिक्षकों को रिटायर होने के बाद पेंशन भी नहीं मिलता दूसरा काम किया नहीं जा सकता।

# सीजीपीएससी मेंस का रिजल्ट जारी

- 625 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए चुना गया
- डिप्टी कलेक्टर डीएसपी के 21 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने मुख्य परीक्षा 2022 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। 210 पदों के लिए हुई परीक्षा में 625 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए चयनित किया गया है। बुधवार को परीक्षा परिणाम सीजीपीएससी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए। यह परीक्षा 19 अलग.अलग विभागों के 210 पदों के लिए ली गई थी। जिसमें डिप्टी कलेक्टर डीएसपी जैसे पदों पर भर्ती होनी है। जानकारी के मुताबिक 15 से 18 जून के बीच में परीक्षा ली गई थी। जिसमें कुल 3095 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इंटरव्यू के लिए आयोग की वेबसाइट पर अलग से जानकारी दी जाएगी। इंटरव्यू में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स को 1 दिन पहले अपने सभी दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। जो कैंडिडेट डॉक्यूमेंट सत्यापन नहीं करवा पाएंगे उन्हें इंटरव्यू में शामिल होने की अनुमति नहीं होगी।

# इंदिरा गांधी कृषि विवि के कुलपति व कुलसचिव खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर एनएसयुआई थाने में सौंपा ज्ञापन

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु) एनएसयूआई ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गरीश चंदेल और रजिस्टार जीण्के निर्माम के खिलाफ तेलीबांधा में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है विश्वविद्यालय प्रबंधन पर राष्ट्रगान के अनादर का आरोप लगाया गया है बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रगान के बीच कुलपति और रजिस्टार का हाथ मिलाते वीडियो वायरल हुआ था एनएसयुआई ने 48 घंटे के भीतर कुलसचिव से इस्तीफे की मांग की है मांग पूरी नहीं होने पर



उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि राष्ट्रगान का अपमान करना दण्डिनीय अपराध है इस तरह की घटनाएं शर्मिंदा करने वाली हैं जिसमें देश के तिरंगे का सम्मान कुलपति. कुलसचिव जैसे सम्मानित पद में पदाधिकारी अगर नहीं करेंगे तो यह निंदनीय ह इससे छात्रों को आगे चलकर क्या सीख मिलेगी शर्मा ने कहा हम हम 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हैं अगर 48 घंटे में कुलपति कुलसचिव माफी नहीं मांगते हैं और इस्तीफा नही देते है तो इसके खिलाफ एनएसयूआई उग्र प्रदर्शन करेगी उपरोक्त शिकायत पर एफ.आई.आर पंजिबद्ध कर कार्रवाई करने की मांग को लेकर तेलीबंधा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा गया तेलीबांधा थाना प्रभारी फैजुल होड्डा शाह ने बताया की ज्ञापन सौंपा गया हैण् पूरे मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई है मामले में शिकायत के बाद जांच की जा रही है।

# प्रवीण सोमानी अपहरणकर्ताओं को उम्रकैद

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु) प्रवीण सोमानी के अपहरण में शामिल 12 आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 8 जनवरी 2020 को प्रवीण सोमानी का अपहरण राजधानी से हुआ था।

अपहरण के बाद से ही राजधानी पुलिस लगातार अपहरणकर्ताओं की तलाश कर रही थी। घटना के 13 दिनों बाद कारोबारी को सकुशल रिहा कराने में पुलिस को कामयाबी हासिल हुई थी। इस चर्चित अपहरणकाड में शामिल डॉक्टर सहित 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। 8 जनवरी 2020 में व्यवसायी प्रवीण सोमानी का अपहरण सिलतरा इलाके से हुआ था।



सिलतरा स्थित अपनी फैक्ट्री से घर के लिए निकले थे। इसी दौरान अपराधियों ने उनका अपहरण कर लिया था। इस अपहरण कांड में चंदन सोनार गैंग का नाम सामने आया था। ये गिरोह मूलत: बिहार से हैए और देश के कई बड़े व्यापारियों के अपहरण कांड में इनकी भूमिका भी रही है।

व्यवसायी के अपहरण की घटना के बाद से ही 2020 में डीजीपी रहे डीएम अवस्थी के निर्देश पर एसएसपी आरिफशेख के नेतृत्व में 60 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की एक विशेष टीम तैयार की गयी थी। घटना के बाद से ही पुलिस व्यवसायी की खोज करते हुये उत्तरप्रदेश बिहार गुजरात सहित पांच राज्यों में छापेमारी की गई थी। इस छापेमारी से घबराकर अपहरणकर्ता व्यवसायी प्रवीण सोमानी को उत्तरप्रदेश के फैजाबाद में छोड़कर फरार हो गये थे।

रापुर पुलिस ने इस मामले में गैंग के सदस्य अनिल चौधरी मुन्ना कालिया और प्रदीप बाबू सहित 1 दर्जन शातिर आरोपियों को यूपी बिहार और ओडिया से गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपियों ने अपहरणकाह में मुख्य आरोपी पप्पू चौधरी को होना बताएगा था। पप्पू चौधरी मुंबई के व्यापारों के अपहरण मामले में गुजरात की जेल में बंद है।

# पटवारी ने नाबालिग के साथ किया अनाचार

## मजदूरी के पैसे देने के बहाने बुलाकर लूटी अस्मत, वारदात के बाद आरोपी फरार

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु) राजधानी रायपुर में एक पटवारी ने नाबालिग से दुष्कर्म किया । पीड़िता पटवारी के खेत में काम करती थी। आरोपी ने उसे मजदूरी देने के लिए बुलाया और उसके साथ रेप किया। फिलहाल आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। मामला धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलियारी चौकी इलाके का है। जानकारी के मुताबिक सिलियारी के पास मलौद गांव में पटवारी राम अवतार लहरी 35 साल पोस्टेड है। घटना 12 अगस्त की शाम 6 बजे की है। पटवारी ने अपने खेत में काम करने वाली लड़की को मजदूरी देने के बहाने अपने घर पर बुलाया।



16 वर्षीय नाबालिग को भी पटवारी की गंदी नीयत का अंदाजा नहीं लग सका। नाबालिग जैसे ही आरोपी के घर पहुंची वो उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता ने शोर मचाना शुरू किया लेकिन आसपास कोई मौजूद नहीं था।

इसके बाद पटवारी ने नाबालिग से रेप किया और किसी से भी घटना का जिक्र नहीं करने के लिए धमकाया। इधर नाबालिग जैसे.तैसे अपने घर पहुंची और परिजनों को मामले की जानकारी दी। परिजन तुरंत नाबालिग के साथ सिलियारी चौकी पहुंचे और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

इधर आरोपी पटवारी को जैसे ही केस दर्ज होने का पता चलाए वो फरार हो गया। धरसींवा थाना प्रभारी शिवेंद्र राजपूत ने बताया कि आरोपी पटवारी राम अवतार लहरी की तलाश की जा रही है।

# 15 अगस्त को व्यापमं ने हटाया अधिवक्ता पांडेय को

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। 14 अगस्त को शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से बतौर सरकारी वकील के तौर व्यावसायिक परीक्षा मंडल के वकील सौरभ पांडेय ने सीबीआई से जांच करने की मांग हाईकोर्ट से की और ठीक इसके अगले दिन, यानी 15 अगस्त को व्यापमं ने उसे हटा दिया। पांडेय पिछले 10 सालों से व्यापमं के लिए बतौर स्टैंडिंग काउंसिल का काम कर रहे थे।

उल्लेखनीय है कि साल 2016 में पीएमटी भर्ती परीक्षा और पीडब्ल्यूडी विभाग की इंजीनियरिंग भर्ती परीक्षा में सवालों की गड़बड़ी को लेकर अलग-अलग अभ्यर्थियों ने कोर्ट में मामला दायर किया था।



इन मामलों में सौरभ पांडेय ने व्यापमं का पक्ष रखा और दोनों ही मामलों में केस जीत लिए। इसके बाद व्यापमं ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अधिवक्ता सौरभ पांडेय एक ओर व्यापमं के लिए अदालती लड़ाई का मुख्य हिस्सा रहे। तो दूसरी ओर ईडी की कार्रवाईयों में राज्य प्रशासन के खिलाफ अदालत में पक्ष रख रहे है। 14 अगस्त को दायर की गई इनकी रिट पिटीशन में कहा गया है कि स्टेट की पुलिस ने शराब घोटाला के आरोपियों के मामले में आंखें मूंद रखी थी और उन्हें बड़े आर्थिक घोटाले को करने दिया गया। उन्होंने आरोपियों के प्रशासनिक संरक्षण का जिक्र भी करते हुए मामले की जांच सीबीआई को देने की गुजारिश की है। आने वाले सप्ताह में सुनवाई भी हो सकती है।

# अब मोबाईल पर मिलेगा मिसल बंदोबस्त 1929-1945 तक के रिकार्ड हुए ऑनलाइन

रायपुर, 16 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर जिले वासियों को अब मिसल बंदोबस्त रिकार्ड एक क्लिक पर मोबाईल पर मिल जाएगा। जिला प्रशासन ने रायपुर जिले का मिसल बंदोबस्त ऑनलाइन पोर्टल शुरू कर दिया है। इस पोर्टल से अब लोग आसानी से अपने जमीनों का रिकार्ड मोबाईल पर ही देख सकते है और उसे डाउनलोड कर सकेंगे।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज यहां बताया कि लोगों को अपनी कई दस्तावेजी जरूरतों के लिए वर्ष 1929-1945 के पुराने मिसल बंदोबस्त रिकार्ड की जरूरत पड़ती है और उन्हें इसके लिए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते है, परन्तु अब यह रिकार्ड ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध है। लोग इसे अब अपने मोबाईल पर ही देख और डाउनलोड कर सकते है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि डाउनलोड किए गए दस्तावेज प्रिंट भी लिए जा सकते है। मोबाईल पर ऐसे मिलेंगे मिसल रिकार्ड- मिसल बंदोबस्त रिकार्ड पोर्टल का लिंक https://revenue.cg.nic.in/missal/ है जिसमें प्रदान की गई व्यवस्था में रिकॉर्ड खोजे ग्राम वार एवं रिकॉर्ड खोजे नाम वार के माध्यम से सामान्य जन अपने कंप्यूटर या मोबाइल के माध्यम से वर्ष 1929-1945 के अपने रिकॉर्ड आसानी से प्राप्त कर सकते है। मिसल बंदोबस्त रिकार्ड ऑनलाइन चेक करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https://revenue.cg.nic.in/missal/ पर जाएँ।

होम पेज पर आपको पूछी गयी जानकारियों जैसे- जिला, तहसील, राजस्व नंबर, प.ह.नं, गांव, अभिलेख का चुनाव करें। सभी पूछी गयी जानकारियों को दर्ज कर के खोजें पर क्लिक कर दें। अब आपकी स्क्रीन पर मिसल बंदोबस्त रिकार्ड लिस्ट खुल जाती है। खुले हुए पेज में नाम ढूंढे और उसके आगे सलेक्ट लिखा होगा वहां क्लिक करें। लाभार्थी लिस्ट को डाउनलोड भी कर सकते हैं व प्रिंट के ऑप्शन पर जा कर प्रिंटआउट भी निकाल सकते हैं।

# सत्ता से विदाई देख 'घोषणावीर मुख्यमंत्री' बन गए भूपेश : केदार

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फिर घोषणा करने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में कॉपी पेस्ट की सरकार चल रही है। मुख्यमंत्री बघेल के पास छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर कोई विजन नहीं है। इसलिए अन्य राज्यों में जो योजनाएं चलती हैं, उन्हें वे अपने प्रदेश में लागू करने का काम करते हैं। मुख्यमंत्री बघेल द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर इस फैसले का ऐलान करने पर गुप्ता ने तंज कसा और सवाल किया कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं की सुरक्षा करने में प्रदेश की कांग्रेस की सरकार विफल क्यों हुई? क्या आरोपियों को कांग्रेस का संरक्षण मिल रहा है?

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता ने कहा कि सत्ता से विदाई का समय नजदीक आता देख मुख्यमंत्री बघेल घोषणावीर मुख्यमंत्री बन गए हैं। दिया बुझने से पहले फड़फड़ाता है, उसी तरह कांग्रेस की सरकार की सत्ता में वापसी के लिए मुख्यमंत्री घोषणा-पर-घोषणा करते जा रहे हैं, लेकिन ये घोषणाएँ पूरी कब होंगीं, यह किसी को मालूम नहीं है। बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में प्रेस ब्रीफ में पत्रकारों से चर्चा करते हुए गुप्ता ने राजस्थान सरकार की लड़कियों से



छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोपियों को सरकारी नौकरी नहीं देने की घोषणा की सच्चाई यह है कि यह कानून लागू करने के बाद भी राजस्थान में महिलाओं से दुराचार की घटनाएँ बढ़ी हैं। अभी एक बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म करके उसे कोयले की जलती भट्ठी में फेंककर जिंदा जला दिया गया था।

केदार गुप्ता ने पूछा कि कांग्रेस शासनकाल में छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ बलात्कार के अपराध क्यों बढ़े हैं? प्रदेश की राजधानी में पेट्रोल डालकर पूर्वी झा को जला दिया गया, जगदलपुर में 13 अगस्त को पूनम मिश्रा को मेडिकल कॉलेज में एक व्यक्ति ने पीटा। बाद में बीच-बचाव कर उसे छुड़ाया गया तो रात में उसके घर में जबरिया घुसकर पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। प्रदेश के मंत्री शिव डहरिया द्वारा बलरामपुर के दुष्कर्म की घटना को छोटी बताने का हवाला देकर श्री गुप्ता ने कहा कि घटना का विरोध करने के बजाय बलात्कार के मामलों की तुलना की जा रही है! भाजपा प्रवक्ता गुप्ता ने सवाल किया कि क्यों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज न कर पीड़िताओं को आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया? क्यों आये दिन छत्तीसगढ़ की मासूम बच्चियों के खिलाफ दुष्कर्म की खबरें आ रही है और सरकार इस पर कोई भी सख्त कदम क्यों नहीं उठा रही है? जो प्रशासन जनता की सुरक्षा के लिए होता है, कांग्रेस सरकार में वह प्रशासन महिलाओं के साथ मारपीट क्यों कर रहा है? सूरजपुर में पुलिस की ज्यादती का हवाला देते हुए गुप्ता ने कहा कि सूरजपुर में पुलिस द्वारा महिलाओं पर जमकर लाठियां बरसाते और धक्का मुक्की करते हुए वीडियो को पूरे छत्तीसगढ़ ने देखा।

# आज से 23 तक कई लोकल ट्रेनें रद्द

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। आज 16 से 23 अगस्त तक कई ट्रेनों को रद्द किया गया है। ट्रेनों के अचानक से रद्द हो जाने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कई स्टेशनों में ट्रेनों के रफ्तार बढ़ाने के लिए सुरक्षा संबंधी सुधार और मेंटेनेंस का काम होना है। इस वजह से रेलवे विभाग ने स्थ्वष्टक्रसे चलने वाली नौ ट्रेनों को रद्द करने का फैसला किया है। सात दिनों तक अलग-अलग तारीख पर लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी।

इनमें रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, रायपुर-दुर्ग मेमू, गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर-शहडोल मेमू पैसेंजर आदि शामिल हैं। पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है। इन ट्रेनों में नौकरी करने वाले, डेली अप-डाउन करने वाले, अधिकतर मध्यम वर्गीय ट्रैवल करते हैं। इन ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों काफी परेशानी होगी।

**11 को स्थगित सामान्य सभा की कार्वाई आज**

**रायपुर**, 16 अगस्त। नगर निगम रायपुर के अध्यक्ष (स्पीकर) प्रमोद दुबे द्वारा विगत 11 अगस्त को सामान्य सभा की कार्वाई 17 अगस्त को प्रात: 11 बजे तक के लिये स्थगित कर दी गयी, जिसकी सूचना समस्त पार्षद मनोनीत पार्षद पदेन पार्षद को सदन में ही दे दी गयी।

# राजधानी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**रायपुर, 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के 76वें वर्षगांठ में पूरे देश सहित प्रदेश एवं राजधानी रायपुर में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। राजधानी में शहर के चौक-चौराहों सहित सभी शासकीय कार्यालयों एवं व्यवसायिक संगठनों ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत का गायन कर एक-दूसरे को बधाईयां दी एवं मिठाई खिलाकर पर्व की वर्षगांठ को और मीठा किया। शहर मं अनेक स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति गीतों का गूंज सुनाई देती रही।**

## केमिस्ट भवन और मेडिकल काम्प्लेक्स में ध्वजारोहण

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ के उपाध्याक्ष अश्विनी विग, सचिव संजय रावत, कोषाध्यक्ष वासु देव जोतवानी ने बताया स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दवा संघ के कार्यालय केमिस्ट भवन, ओल्ड मेडिकल काम्प्लेक्स परिसर और न्यू मेडिकल काम्प्लेक्स परिसर में ध्वजारोहण किया गया।उपस्थित सदस्यों ने राष्ट्र गान किया और जय घोष के नारे लगाये। देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शहीदों को याद किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मेडिकल काम्प्लेक्स को तोरण और गुब्बारों से सजाया गया था ।बड़ी संख्या में बच्चे हाथो में तिरंगा लिये जय घोष कर उपस्थित लोगों के उत्साह में वृद्धि कर रहे थे। कार्यक्रम में भगवाना रेलवानी, वरिष्ट केमिस्ट राम विलास गुप्ता, श्री चिमनानी, बसंत तलेरिया, विनय कृपलानी, नीरज चौधरी, जगदीश पटेल, विजय भोजवानी, दौलत परयानी, राम, दिनेश डागा, राजेश कोमरा, राजपाल, सुनील कृष्णानी, श्याम चांडक, अर्जुनदास, बंटी लखोटिया, पुरोहित, श्री नाथ नायक, राजकिशोर नथानी, राजकुमार चांडक, राजेश डागा, सुशील चांडक, विनोद दुलहनी, नितेश जैन,उज्जवल जैन, सिद्धार्थ शर्मा, चंदर जैन, अमृत लाल गुप्ता आदि उपस्थित थे।



इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार-अमर गिदवानी, दीपक बल्लेवार, जितेंद्र दोशी, परमानंद जैन (राईस मिल), सुरिन्दर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष- विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, प्रदेश प्रभारी आईटी सेल- कैलाश खेमानी, नरेश गंगवानी, कपिल दोशी, पुर्व कोषाध्यक्ष- प्रकाश अग्रवाल,, अमृत लाल पटेल,नरेन्द्र हरचंदानी, पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, मनोज कुमार जैन, भरत जैन, जय नानवानी, महेंद्र कुमार बगरोडीया, - शंकर बजाज, राजेन्द्र खटवानी, राकेश (जनक) वाधवानी, जयराम कुकरेजा, दिलीप इसरानी, विक्रांत राठौर, आलोक शर्मा, कांति पटेल,विपुल पटेल, हिमांशु वर्मा, लखमशी पटेल , जीवत बजाज, लोकेश जैन, सी.ए. मुकेश मोटवानी, परमिंदर खनूजा, नागेंद्र तिवारी, मनोज गुप्ता, पीताम्बर कोडवानी, संजय जयसिंघ, वासु माखीजा, दीपक विधानी,नरेश ठक्कर सहित अनेक व्यापारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## कैट प्रदेश कार्यालय में 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रदेश कार्यालय में 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अथिति कैट के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड़ इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी थे। श्री पारवानी ने कहा कि आज हम यहाँ पर अपने देश का 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के उपलक्ष में एकत्रित हुए है। आजादी के बाद भारत देश अब तक बहुत उन्नति कर चुका है। उन्होनें आगे कहा कि आओं झुककर करें सलाम उनकों जिनके हिस्से में ये मुकाम आता है। खुशनसीब होतें है वों लोग जिनका लहू इस देश के काम आता है। जयहिन्द । कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने सर्वप्रथम भारत माता के तस्वीर पर माल्यापर्ण कर ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात् ध्वजारोहरण कार्यक्रम में उपस्थित कैट के पदाधिकारियों एवं व्यापारियो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम देश की 76वीं स्वंतत्रता दिवस मना रहे है। 15 अगस्त भारत देश के गर्व और सौभाग्य का दिवस है ध्वजारोहण कार्यक्रम में अमर पारवानी, अमर गिदवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अजय अग्रवाल, अजय तनवानी, महेन्द्र बागरोड़िया, कैलाश खेमानी, जय नानवानी, नरेश पाटनी, संजय जयसिंह, जयराम कुकरेजा, राकेश अग्रवाल, परविन्दर सिंह, विक्रांत राठौर, आशीष सोनी कान्ति पटेल, राकेश अग्रवाल, मोहन वर्ल्यानी, संदीप गुप्ता, शंकर बजाज, सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## चेम्बर भवन में किया गया ध्वजारोहण

छग चैंबर आफ कामर्स भवन में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी द्वारा प्रात:ठीक 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया।ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं भारत माता का जयघोष किया गया। सभी पदाधिकारियों,व्यापारी सदस्यों एवं उद्योगपति बंधुओं को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी गई।

## जय हिंद मंच ने राष्ट्रगान कर मनाया स्वतंत्रता दिवस

सामाजिक संस्था जय हिंद मंच द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर मरीन ड्राइव स्थित झंडे के नीचे राष्ट्रगान कर मनाया स्वतंत्रता दिव।, इस अवसर पर संस्था द्वारा छोटे बच्चों को बिस्कुट मिठाइयां बांटी गई संस्था के अध्यक्ष दीपक ऐशानी, सीमा शर्मा, कोषाध्यक्ष अतुल वोहरा, मधु वोहरा, अनिल मोटवानी, दिव्या मोटवानी, मनीष जैन, मनोज जैन, शंकर धनवानी, रवि दंडगे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## ध्वजारोहण के साथ माहेश्वरी समाज ने किया विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माहेश्वरी भवन डुनडा मे अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा द्वारा ध्वजारोहण किया गया । पूरे समाज ने राष्ट्रगान के साथ झंडे को सलामी दी । परंपरागत तरीके से तिलक लगाकर राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया । सभापति द्वारा तीन समाज उपयोगी योजनाओं के शुभारंभ की घोषणा की गई । स्टार्टअप एवं व्यापार सृजन, भावी पीढ़ी योग्य एवं दक्ष बने, विवाह पूर्व और विवाहोत पारिवारिक संबंधों को तनाव रहित रखने हेतु परामर्श केंद्र की स्थापना की शुरुआत हुई । योजनाओं के बेहतर क्रियान्वन पर कार्यशाला रखी गई जिसमे राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रकाश डाला ।प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मुँधडा ने प्रादेशिक गतिविधियों पर उधबोधन दिया एवं माहेश्वरी समाज की शैक्षणिक, मेडिकल योजनाओं की जानकारी दी ।समाज के अंतिम छोर तक हर बंधु लाभान्वित हो इस पर मंथन किया गया । पूरे प्रदेश से लगभग पाँचसौ समाजजन कार्यक्रम मे उपस्थित थे । अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति संदीप काबरा,अजय काबरा, विजय राठी, नारायण राठी,दिनेश राठी, स्थानीय माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष संपत काबरा,उपस्थित थे ।सुप्रसिद्ध बच्चों के विशेषज्ञ रमेश परतानी एवं स्टार्टअप विषय पर हितेश पोरवाल ने प्रस्तुतीकरण दिया ।छ.ग माहेश्वरी सभा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का आथित्य माहेश्वरी सभा रायपुर का था ।

## छग राज्य ग्रामीण बैंक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण व समर्पण



**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के नया रायपुर स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में भारत की 77वीं स्वाधीनता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक परिवार एवम पूरे देशवासियों को स्वंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री आई के गोहिल ने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि बैंक के युवा उनसे प्रेरणा लेकर कठोर परिश्रम व सार्थक दिशा में कार्य कर उच्चतम लक्ष्य को पूर्ण करे जिससे छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक निरंतर प्रगति के पथ पर बढ़ता रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री विजय अग्रवाल ने कहा की आजादी हमे आसानी से प्राप्त नहीं हुई है। इसमें वर्षों का संघर्ष और भारतमाता के वीर सपूतों का बलिदान शामिल है। उन्होंने देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का नमन किया।। महाप्रबंधक श्री ए के निराला ने अपने उधबोधन में कहा हम जिस क्षेत्र में है उसमे अपना पूरा योगदान करना चाहिए।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने भाजपा कार्यालय में फहराया तिरंगा



**रायपुर**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में तिरंगा झंडा फहराया। प्रदेशवासियों को साव ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि पूरा देश इस पावन पर आजादी की वर्षगांठ मना रहा है। हम सभी लोगों ने आजादी का अमृत महोत्सव बड़े ही धूमधाम से उत्साह पूर्व मनाया। देश अपने अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है। यह हमारे संकल्प लेने का अवसर है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया है कि जब हमारे देश के आज़ादी को सौ साल पूरे हों, तब हमारा देश आत्मनिर्भर भारत, खुशहाल भारत एक शक्ति सम्पन्न भारत, समृद्धशाली भारत के रूप दुनिया के सामने आये। विश्व की आज ये अपेक्षा है भारत उनका नेतृत्व करे। दुनिया भी यह मान रही है कि 21वीं सदी भारत की है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने सबसे यह अपेक्षा किया है कि आज से संकल्प लेकर अमृतकाल में हम प्रवेश करें। स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों के अनुरूप अपने राष्ट्र को बनाने का प्रयास करें।

# स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से छग में स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ सकती है समस्याएं

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष टार्जन गुप्ता के निर्देशन में छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन के बैनर तले 21 अगस्त से अनिश्चित कालीन हड़ताल में जाने की तैयारी कर ली है ,विगत दिनों 11 अगस्त को हेल्थ फेडरेशन के 12 संगठन सांकेतिक हड़ताल के लिए 40000अधिकारी कर्मचारी तूता धरना स्थल में जुटे थे जिसके बाद से ही अनिश्चित कालीन आंदोलन की तैयारी संगठन के अधिकारियों द्वारा तैयार कर ली गई थी , अनिश्चित कालीन हड़ताल में स्वास्थ्य विभाग के महत्वपूर्ण कैडर के साथ भेदभाव के कारण ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (ए एन एम/एमपीडब्ल्यू) ,डॉक्टर , नर्सिंग कैडर एनएचएम, वाहन चालक एवम् विभिन्न कैडर बेमुद्द हड़ताल के लिए बाध्य है ,ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रो में 5200 उप स्वास्थ्य केंद्रों में कार्य करने वाले ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको की मुख्य मांगो में ग्रेड पे संशोधन है जिसके लिए पूर्व में 2018 में 47 दिन 2022 में 11 दिन का अनिश्चित कालीन आंदोलन किया जा चुका है.



जिस पर वर्तमान मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी के ठोस आश्वासन के बाद हड़ताल स्थगित किया गया था लेकिन मांगे पूरी नही होने पर स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने विधानसभा के मानसून सत्र से पूर्व सभी 90 विधायकों से मुख्यमंत्री के नाम समर्थन पत्र प्राप्त किया था ,26 जून को बस्तर में संघ का अधिवेशन हुआ था जिसमे प्रदेश सरकार के मंत्री कवासी लखमा जी द्वारा मुख्यमंत्री से चर्चा कर अनुपूरक बजट में हमारी मांगो को पूरा करवाने की सहमति दी थी ,लेकिन अनुपूरक बजट में भी मांगे नही पूरी होने से प्रदेश के 18000 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजको में भारी आक्रोश है जिसके लिए 21 अगस्त से अनिश्चित कालीन आंदोलन में जाने का फैसला किया है।

# 15 अगस्त के दिन रेल्वे स्टेशन, संदिग्ध बैग मिलने से मचा हड़कंप

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त को सीसीटीवी में कार्यरत आरक्षक चंद्रमणि के द्वारा एक लावारिस बैग को प्लेटफार्म नंबर 5.6 में स्थित अमूल स्टाल के बगल में पोल नंबर 17 के पास लावारिस अवस्था में देखा गया उस बैंग का कोई मालिक आसपास नहीं दिखा तब सीसीटीवी में कार्यरत आरक्षक चंद्रमणि के द्वारा टास्क टीम में कार्यरत आरक्षक देवेश सिंह को उक्त लावारिस ट्राली बैग के बारे में सूचना दी सूचना पाकर उक्त आरक्षक पोल नंबर 17 अमूल स्टाल के पास जाकर आसपास के यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी भी यात्री के द्वारा ट्राली बैग अपना होना नहीं बताया सके बाद लावारिस बैग ने स्कैनिंग कर बैग को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर में समय 22.00 बजे लाकर सुरक्षित रखा दिया आज दो व्यक्ति उक्त ट्राली बैंग को खोजते हुए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट में समय करीब 11.00 बजे पहुंचे कल प्लेटफार्म 5.6 पर बैग छूट जाने की सूचना दी इसके बाद बैग को दिखाए जाने पर उन्होंने पहचान कर बताया कि यह वही ट्राली बैग है जो उनकी भांजी रुबीना बेगम पति जमीर खान उम्र 23 वर्ष साकीन. ग्राम परछ थाना मौदहा जिला. हमीरपुर ;उत्तर प्रदेश का है जो कल गाड़ी संख्या 18203 बेतवा एक्सप्रेस से रायपुर से रगौल जाने हेतु सपरिवार रायपुर स्टेशन आए थे उनके साथ उनके ससुराल के 7.8 और लोग थे गाड़ी के आगमन पर वह जल्दी बाजी में उक्त ट्राली बैग को भूलकर गाड़ी में चढ़ गए एवं दिनांक 16ण्08ण्2023 को अपने गंतव्य स्टेशन रगौल में उतरने पर उन्होंने पाया कि उनका मेहरून कलर का ट्राली बैग जिसमें पहनने वाले कपड़े के अलावा 1 नग सोने का मंगलसूत्र 3 नग सोने का अंगूठी एक जोड़ा सोने का कान का लटकन एवं 2650 रुपए नगद थे वह बैग नहीं था आरपीएफके मुताबिक रुबीना बेगम के बैग में रखे ज्वेलरी की कुल कीमत करीब 1,50,000 थी जो कार्रवाई के बाद उसे परिजनों को सुपुर्द किया गया।



**जांच के बाद हकदार को लौटाया गया**

## निधन

### आलोक दुबे



**रायपुर**, 16 अगस्त। ब्राम्हणपारा निवासी (वर्तमान में सुंदर नगर ) पूर्व छात्रनेता व क्रीड़ा अधिकारी (इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर) डॉ. आलोक दुबे का आज 63 वर्ष की आयु में एम्स हॉस्पिटल रायपुर में आकस्मिक निधन हो गया। वे स्व. ब्रम्हानंद दुबे और मीरा दुबे (अकलतरा वाले) के पुत्र, शैल दुबे के पति, अजय दुबे (से.नि. एमडी, सीएसपीडीसीएल), अरविंद दुबे (खाद्य अधिकारी) और आभा शर्मा के भाई, अदिति और अनुजा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। डॉ. आलोक दुबे के निधन पर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धाजंलि अर्पित की है।

# ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी में स्वाधीनता दिवस मनाया गया

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वाधीनता दिवस आजादी के जश्न का पर्व है, यह पर्व है अपने अमर शहीदों को नमन करने का, उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करने का। इसी जज्बे के साथ शाला प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के करकमलों द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। तत्पश्चात एनसीसी कैडट द्वारा कदम ताल करते हुये तिरंगे को सलामी दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कक्षा 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्तकर्ता कुमारी विधि शर्मा के अभिभावक जितेन्द्र शर्मा जी एवं श्रीमती रचना शर्मा जी थे। आये हुये अतिथियों का भारतीय परम्परा के अनुसार पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। शाला के सी.ई.ओ सचिन शांडिल्य द्वारा हेड ब्याय अभिनव तिवारी तथा हेड गर्ल शौर्य तिवारी तथा शाला प्रतिनिधियों को अनुशासन तथा निष्ठा की शपथ दिलाई गई।



विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा राजगोर जी ने आये हुये अतिथियों का स्वागत करते हुये अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियों तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होने छात्र-छात्रा को देश के भविष्य को संवारने तथा आजादी की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। कक्षा 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले कुमारी विधि शर्मा तथा कक्षा 10वीं मे सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले हर्षकांत ठाकुर को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम कि शुरूआत विद्यालय के संगीत समूह द्वारा देष भक्ति गीत से हुई तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा कराटे का प्रदर्षन किया गया जिसमे लड़कियों को आत्मरक्षा तथा दुश्मनो से कैसे मुकाबला किया जाए यह प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में नन्हे-मुन्हे छात्र - छात्राओं द्वारा रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा पेश की गई। कक्षा पीपी -1 कक्षा 2 के छात्रों द्वारा देशभक्ति थीम पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। एयरोबिक्स और डम्बल ड्रिल द्वारा छात्रों ने अपनी कला कौशल से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिये। कार्यक्रम का संचालन कु. हर्षिता मुंदड़ा तथा कु. श्रेया जोशी द्वारा किया गया। पूरे कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा राजगोर जी के द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। हेड गर्ल कु. शौर्य तिवारी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही मिष्ठान्न वितरण कराया गया।

# राजपत्रित अधिकारी संघ ने तय किए घोषणा पत्र के लिए मुद्दे

**रायपुर**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ की प्रांतीय बैठक में राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं को लेकर चली मैराथन बैठक में आगमी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विभिन्न राष्ट्रीय पार्टी के घोषणा पत्र हेतु मुद्दे तय किए गए।

राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा एवम् संगठन मंत्री नंदलाल चौधरी ने संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि इंद्रावती भवन में राजपत्रित अधिकारियों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की गई थी,जिसमे विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अनेक सुझाव संघ हित में दिए। साथ ही शासन के स्पष्ट निर्देश के बावजूद उनके अधिकार के हनन का मुद्दे भी उठाए गए। राजपत्रित अधिकारियों ने शासन के विभिन्न नियमों का सरलीकरण करने सुझाव देते हुए आवश्यक संशोधन करने सुझाव भी दिए। शासन को ऐसे निर्णय लेने से किसी भी प्रकार का अतिरिक्त वित्तीय भार भी नहीं आयेगा। लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित होने के बाद अधिकारियों को अलग अलग विभागों में पदस्थ किया जाता है।लेकिन विभागों के भर्ती नियमों में एकरूपता नहीं होने के कारण कई विभाग के अधिकारियों को न तो समयमान वेतनमान और न ही पदोन्नति का लाभ मिलता है।बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने कुछ विभागों के भर्ती नियमों का अध्ययन करने एवम् शासन द्वारा प्रचलित आदेशों में सरलीकरण करने सात सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्णय भी लिया गया।



**एक राज्य एक भर्ती नियम बनाने की उठी मांग**

संघ के प्रांत अध्यक्ष ने आगे बताया कि सरकार के घोषणा पत्र अनुसार चार स्तरीय समयमान वेतनमान, अर्जित अवकाश 240 दिन के स्थान पर 300 दिन करने शासन को पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। संघ ने विभिन्न विभागों द्वारा गोपनीय प्रतिवेदन के आड़ में समय पर पदोन्नति एवम् समयमान वेतनमान नहीं देने पर आक्रोश व्यक्त किया है। इस समस्या के स्थाई समाधान हेतु गोपनीय प्रतिवेदन लिखने की प्रक्रिया को मंत्रालय की भांति ऑन लाइन करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। शासन के स्पष्ट निर्देश के बाद भी समय पर विभागीय जांच पूरा नहीं करने का मुद्दा भी विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उठाया। अधिकतर विभागों में राज्य बनने के समय से जारी सेटअप लागू है।जबकि 22 साल में प्रदेश की जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसे देखते हुए सभी विभागों के सेटअप में वृद्धि करने की आवश्यकता है। सेटअप में वृद्धि नहीं होने के कारण अधिकारियों के ऊपर काम का बोझ बढ़ चुका है।जिसके कारण अधिकारियों को तरह तरह की बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश में अलाइड सेवाओं से केवल 03 पद आईएएस अवार्ड होने के संबंध में अधिकारियों द्वारा गहरी चिंता और नाराज़गी व्यक्त की गई ।आईएएस के पदोन्नत पदों में पारदर्शी व्यवस्था अपनाते हुए अन्य सेवाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की माँग उठाई गई ।प्रदेश के मुख्यमंत्री एवम् मुख्य सचिव को इन मुद्दों को लेकर पत्राचार करने का निर्णय लिया गया है।

बैठक में जितेंद्र गुप्ता,दिलदार मरावी,दिलीप अग्रवाल, युगल वर्मा, अविनाश तिवारी, डॉ बी पी सोनी, दिनेश तिवारी, विष्णु पैगवार, अरविंद जायसवाल, बी पी राजभानू,पूषण साहू ,अभय देवांगन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बाल संप्रेषण की व्यवस्था खराब, कर्मचारी पर हुए नाराज

## जिला सत्र न्यायधीश ने बाल संप्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। छुट्टी के बावजूद रायपुर के नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल वाहिद कुरैशी बाल संप्रेक्षण गृह पहुंच गए । कर्मचारियों से कहा क्या व्यवस्था करते हैं दिखाइए बच्चों को खाना कैसे दिया जाता है साफसफाई की व्यवस्था क्या है यह सब देखने की बातें न्यायाधीश करने लगे और हड़बड़ाए कर्मचारियों ने तमाम व्यवस्था दिखाई। बाल संप्रेक्षण गृह में कुछ अनियमितता और कमियां भी मिलीं जिसकी वजह से न्यायधीश अब्दुल वाहिद कर्मचारियों पर नाराज भी हुए। उन्होंने संस्था की दीवारों में पड़ी सीलन को सुधरवाने के निर्देश दिए। बच्चों के रखरखाव को लेकर असंतुष्ट न्यायधीश से कर्मचारियों ने बहाना बनाते हुए कह दिया कि स्टाफकी कमी है इसलिए बच्चों की देखरेख ठीक से नहीं हो पा रही। न्यायाधीश ने कर्मचारियों को साफशब्दों



में निर्देशित करते हुए कहा कि जिस तरह से बच्चे अपने घर में रहते हैं इस तरह की सुविधा और वातावरण यहां बच्चों को मिलना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों से यह भी कहा कि वह लगातार यहां की व्यवस्थाओं पर रिपोर्ट लेंगे नए जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष भी हैं। न्यायाधीश ने बच्चों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली और संस्था के लिये तैयार मैन्यू के अनुसार ही भोजन दिये जाने का निर्देश दिए। किचन एरिया में जाकर उन्होंने अनाज, मसाले, सब्जी, तेल और तैयार भोजन की भी जाँच की। जज कुरैशी ने बच्चों को शिक्षा, कौशल विकास, खेलकूद की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद उन्होंने संप्रेक्षण गृह कर्मियों के साथ कैम्पस में करंज का पौधा लगाया। किशोर न्याय बोर्ड का निरीक्षण कर उन्होंने प्रकरणों की जानकारी ली और छोटे अपराधों में प्रकरण का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने को कहा।

# कट्टा के साथ आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट की टीम को अवैध रूप से पिस्टल व कट्टा रखकर घुमने वालों तथा इसकी अवैध तरीके से खरीदी.बिक्री करने वालों के संबंध में जानकारी एकत्र कर तस्दीक किया जाकर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने व कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु अपने.अपने थाना क्षेत्र में मुखबीर लगाने के साथ ही पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढ़ियारी क्षेत्रांतर्गत महतारी चौक पास एक व्यक्ति अपने पास कट्टा रखा है तथा आने जाने वाले लोगों को आतंकित कर रहा है। सूचना



पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अपराध अभिषेक माहेश्वरी एवं नगर पुलिस अधीक्षक उरला अविनाश मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी गुढ़ियारी को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को कट्टा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी गुढ़ियारी के नेतृत्व में थाना गुढ़ियारी पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नितिन कुमार डहरिया निवासी गुढ़ियारी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नितिन कुमार डहरिया की तलाशी लेने पर उसके पास कट्टा रखा होना पाया। जिस पर आरोपी नितिन कुमार डहरिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 नग कट्टा एवं 02 नग जिन्दा कारतूस जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढ़ियारी में धारा 25 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# मोबाइल फोन की लूट, 2 फरार आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने मोबाइल फोन लूट के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान मामले के फरार दो आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली हैं। बताया गया कि प्रार्थी रूपेश कुमार कंवर ने थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह शीतला तालाब बीरगांव में रहता है। 29 जनवरी सब्जी लेकर अपने घर जा रहा था कि ईतवारी बाजार के पास पहुंचा था कि कुछ अज्ञात लड़के प्रार्थी को हाथ मुक्का से मारपीट कर जेब में रखे मोबाईल को लूट कर उसके साथ मारपीट कर फरार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना उरला में अपराध



पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में प्रकरण में पूर्व में थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी नितेश टण्डन एवं मुकेश मधुकर को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में संलिप्त अन्य 02 आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे जिनकी थाना उरला पुलिस की टीम द्वारा लगातार पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपी बीरगांव निवासी रितेश माण्डले उर्फ लेण्डो तथा सुमीत जांगड़े को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की 01 नग मोबाईल फोन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

# दोपहिया की चोरी, आरोपी युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने दुपहिया की चोरी के मामले को सुलझा लिया है इस दौरान एक आरोपी युवक को हिरासत में लिया गया है जिसने शहर के अन्य स्थानों से दो अन्य मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया है आरोपी से चोरी की गई दुपहिया वाहन को जब्त कर लिया गया है बताया गया कि प्रार्थी अम्बिकेश कुमार राय ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम हीरापुर थाना कबीर नगर रायपुर में रहता है तथा मैग्नेटो मॉल में कार्य करता है। 12 अगस्त को उसकी मोटर सायकल क्रमांक डीएल 12 एसएम 5237 में सुबह करीब 10.00 बजे डियुटी पर तेलीबांधा मैग्नेटो मॉल आया और प्रार्थी की मोटर सायकल को नीचे पार्किंग में खड़ी कर डियुटी करने चला गया। ड्यूटी पश्चात् रात्रि करीब 08.00 बजे घर जाने के लिये पार्किंग में अपनी दोपहिया वाहन खड़े किये हुए स्थान पर जाकर देखा तो पाया की उसकी दोपहिया वाहन खड़े किये हुए स्थान पर नही थी। कोई अज्ञात चोर

**चोरी की 3 बाइक जब्त**

प्रार्थी की दोपहिया वाहन को चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध पंजीबद्ध कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व



थाना प्रभारी तेलीबांधा के नेतृत्व में थाना तेलीबांधा पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके भाई से विस्तृत पूछताछ करते हुए घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर घटना में संलिप्त मंदिर हसौद निवासी खूबचंद साहू उर्फखुबू को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा दोपहिया वाहन चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। दोपहिया वाहन चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा मैग्नेटो मॉल से ही 01 अन्य दोपहिया वाहन क्रमांक एचआर 93 बी 6531 को भी चोरी करना बताया गया। जिस पर आरोपी के विरूद्ध पृथक से अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी खूबचंद साहू उर्फखुबू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 02 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 60,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# एस्थेटिक इंस्टीट्यूट ने मनाया कन्वोकेशन सेरेमनी

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। एस्थेटिक इंस्टीट्यूट रायपुर के द्वारा होटल लैंड मार्क में एक शानदार कन्वोकेशन सेरेमनी का आयोजन 14 अगस्त को किया गया। इस सेरेमनी में ग्रेजुएट डिजाइन स्टुडेंट्स को डिग्री एवं डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कन्वीकेशन सेरेमनी में सभी डिजाइनर्स उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना एवं लैप लाईटिंग`स की गई। इस अवसर पर उपस्थिति अतिथियों ने डिजाइनर्स को प्रैक्टिकल फील्ड में होने वाले बदलाव से अवगत कराया। चेयरमैन श्री निमचंद सोनार ने अपने स्पीच में डिजाइनर्स को प्रोफेशनल में सफल होने का मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कुलदीप जुनेजा (चेयरमैन छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड एवं विधायक रायपुर उत्तर) भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने सभी भावी डिजाइनर्स को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। फर्स्ट इयर, सेकंड इयर, थर्ड इयर के सारे डिजान स्टुडेंट्स ने मिलकर ग्रुप डांस, सीलो डांस पर परफॉर्म किए।

इस अवसर पर प्रसिद्ध इंटीरियल डिजाइनर और डायरेक्टर श्रीमती शिल्पी सोनार एवं आर्किटेक्ट सत्यदीप सोनार ने स्टुडेंट्स का मार्गदर्शन किया एवं शुभकामनाएं दी। चेयरमेन निमचंद सोनार, डायरेक्टर एवं डिजाइनर अर्पिता सोनार और सारे फैकल्टीज उपस्थित रहे।

इंस्टीट्यूट के चेयरमैन निमचंद सोनार ने बताया कि एस्थेटिक में सभी डिजाइन स्टुडेंट्स को एक्टिविटीज के साथ-साथ अच्छा डिजाइन एजुकेशन भी दिया जाता है। इंस्टीट्यूट विगत कई वर्षों से डिजाइन एजुकेशन के फील्ड में सराहनीय कार्य कर रहा है। यहां के डिजाइनर्स देश-विदेश में बहुत ही सफलता से कार्य कर रहे हैं। साथ ही नए युवाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर रहे हैं। इंस्टीट्यूट को डिजाइन एजुकेशन की फील्ड में इंटरनेशनल लेवल पर बहुत सारे अवार्ड्स में सम्मानित भी किया गया है। एस्थेटिक को बेस्ट डिजाइन इंस्टीट्यूट इन सेंट्रल इंडिया के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

# कचरा फेंकने के विवाद में चाकू मारा

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में मारपीट और चाकूबाजी की अलग.अलग वारदात सामने आई है। जिसमें पहले मामले में कुछ युवकों ने औकात की बात पर दूसरे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिसके बाद युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं दूसरे मामले में घर के पास खाली प्लाट में कचरा फेंकने को लेकर दो परिवारों में जमकर मारपीट हो गई। फिलहाल पुलिस इन दोनों मामलों में किसी व्यक्ति को भी हिरासत में नहीं लिया है। पहला वारदात सोमवार की देर शाम 7.30 बजे हुई। इस केस में हेमंत यादव ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा गिरीश यादव मोहल्ले के कुछ युवकों के साथ बातचीत कर रहा था। वे पुरानी बस्ती के कंकाली तालाब के पास बैठे हुए थे। इसी बीच एक युवक तरण निर्मलकर के साथ उसकी बहसबाजी हो गई। आरोपी तरण ने मेरे सामने तेरी औकात क्या है कहते हुए मारपीट चालू कर दिया। फिर उसने जेब से चाकू निकाला और गिरीश पर वार कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। फिर आसपास मौजूद युवकों ने उसे तत्काल मेकाहारा अस्पताल में भर्ती करवाया। फिलहाल उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। दूसरा मामला पुरानी बस्ती क्षेत्र के विनोबा भावे नगर का है। देवकी लोनहारे ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ यहां रहती है। सोमवार की दोपहर उसने घर के सामने रहने वाले सुधीर शर्मा ने बाजू के खाली प्लाट में कचरा फेंका। उस जगह में इनकी मोटरसाइकिल और ऑटो खड़ी रहती है तो उन्होंने कचरा फेंकने से मना किया। जिसके बाद सुधीर शर्मा ने कहा की ये मेरी जगह है मैं जैसा चाहूं वैसा करूंगा। उन्होंने गुस्से में आकर गंदी गाली गलौज चालू कर दी। इसी बीच शोरगुल की आवाज सुनकर दोनों परिवारों के अन्य मेंबर भी घर के बाहर निकल आए और मारपीट चालू हो गई। इस झगड़े में देवकी के गले और कानों के पास नुकीले हथियार से हमला किया गया तो वह दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# ऑफिस से लाखों रुपए की चोरी, फरार आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में ट्रेडिंग का व्यवसाय करने वाले व्यवसायी के आफिस कुछ माह पूर्व लाखों रूपये की चोरी हुई थी प्रकरण की विवेचना करते हुए पुलिस ने पहले ही मामले में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था मामले का मास्टर मांइड सहित 3 आरोपी फरार चल रहे थे इस दौरान पुलिस ने रायगढ से एक और आरोपी गिरफ़्तार किया है वही मामले का मास्टर मांइड चन्द्रभूषण डड़सेना अभी भी फरार है जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई हैं बताया गया किप्रार्थी प्रिंसु धनुका ने थाना पण्डरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ट्रेडिंग का काम करता है तथा उसका ऑफिस अशोका रतन बिल्डिंग नंबर 06 फ्लैट नंबर 302 रायपुर में स्थित है। प्रार्थी के ऑफिस स्टॉफमें 04 व्यक्ति सोमेन्द्र क्षत्रिय, चंद्रभूषण डनसेना ;चिन्टूद्ध, विवेक सोनी एवं संदीप सोनी कार्य करते है जो ऑफिस में रहकर वहीं काम करते है। 28 मई को शाम करीब 6.00 बजे कुछ अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के आफिस आये और चंद्रभूषण डनसेना उर्फ चिन्टू से बात चीत करने लगे कुछ देर पश्चात वे सभी लोग चंद्रभूषण डनसेना उर्फचिन्टू के साथ ऑफिस से चले गये जिसके संबंध में प्रार्थी के एक अन्य स्टाफ सोमेन्द्र ने प्रार्थी को फोन कर बताया जिस पर प्रार्थी अपने ऑफिस अशोका रतन पहुंच कर देखा तो पाया कि ऑफिस में रखे 03 नग लेपटाप 04 नग मोबाईल तथा नगदी रकम लगभग 20 लाख रूपये को लेकर चंद्रभूषण डनसेना उर्फचिन्टू अपने साथियों के साथ आपराधिक षडयंत्र



**प्रकरण में 10 आरोपियों को पहले ही पकड़ा जा चुका है**

कर चोरी कर फरार हो गया। जिस पर चंद्रभूषण डनसेना उर्फ चिन्टू तथा उसके अन्य साथियों के विरूद्ध थाना पण्डरी में अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पण्डरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रकरण में पूर्व में 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की नगदी रकम 14,00,000 रूपये 03 नग लैपटॉप तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग देशी कट्टा एवं 02 नग जिन्दा कारतुस जप्त किया जा चुका है। प्रकरण में संलिप्त अन्य 03 आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहे थे जिसनी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पण्डरी पुलिस की संयुक्त टीम लगातार तकनीकी विशलेषण के माध्यम से आरोपियों को लोकेट करने के प्रयास किये जा रहे थें। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी आनंद पटेल की उपस्थिति रायगढ़ में होने की जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पण्डरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रायगढ़ रवाना होकर आरोपी आनंद पटेल की पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपी आनंद पटेल को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध कार्यवाही की गई।

प्रकरण में संलिप्त घटना का मास्टरमाईंड आरोपी चंद्रभूषण डनसेना उर्फचिन्टू एवं कुनाल सारथी फरार है जिनकी पतासाजी कर गिरफ्तार करने क हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

# घर के बाहर खड़ी 10 बाइकों में लगाई आग

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त की सुबह वैसे तो देश के लिए जश्न से भरी हुई थी। मगर रायपुर की एक बस्ती में कई परिवारों के लिए यह सुबह मुसीबत बनकर आई। दरअसल यहां 10 से अधिक बाइक जला दी गई। गाड़ियां किसने जलाई क्यों जलाई यह पता नहीं चल सका है। मामले की जांच रायपुर की पुलिस कर रही है।

- लोग सुबह झंडा फहराने निकले तो सामने गाड़ियां जली मिलीं
- आरोपी की तलाश कर रही पुलिस

घटना रायपुर के सडडू बस्ती इलाके की है। यहां लोगों ने अपने घरों के बाहर गाड़ियां पार्क कर रखी थीं। देर रात किसी ने गाड़ियां जला दीं और भाग गया। तब सभी लोग सो रहे थे। गाड़ियां बाहर जलती रही। जब सुबह लोगों का ध्यान गया तो कुछ गाड़ियां तो खाक हो चुकी थीं। सुबह जब स्वतंत्रता दिवस मनाने मोहल्ले के लोग निकले तो उन्होंने जली हुई गाड़ियां देखीं। स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद अब पुलिस ने इस मामले की छानबीन शुरू की है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है । शक है कि किसी शरारती तत्व ने नशे में इस कांड को अंजाम दिया होगा । पुलिस जल्द ही बदमाश को पकड़ने का दावा कर रही है। जिन लोगों की गाड़ियां जल गईंए अब उनके सामने काम पर जानेए नई गाड़ी खरीदने जैसे संकट आन पड़े हैं।

### थाने में भी हो चुका है ऐसा ही कांड

कुछ महीने पहले रायपुर के कोतवाली थाना परिसर में भी इसी तरह का कांड हो चुका है । अलग.अलग कार्रवाई में जब्त गाड़ियां खाक हो गई थीं। आधी रात पुलिसकर्मी भागकर थाने से बाहर आए आग बुझाने का प्रयास किया मगर कई गाड़ियां जल चुकी थीं। दो दिन बाद इस घटना की जांच में खुलासा हुआ कि आसपास रहने वाले घुमंतू अधेड़ ने खुद के लिए अलाव की तरह आग लगाने के चक्कर में गाड़ियों में आग लगा दी थीए उसे गिरफ्तार किया गया था।

# अवैध शराब की ब्रिकी आरोपी युवक पकड़ाया




**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। अन्य राज्यों से आने वाले शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत रजबंधा मैदान पास नवभारत प्रेस के पीछे एक व्यक्ति अपने पास थैले में शराब रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक तलाश रहा है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहरध्अपराध श्री अभिषेक माहेश्वरीए उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री दिनेश सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्री योगेश साहू द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी मौदहापारा को आरोपी को शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम आसिफखान निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में आसिफखान से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी आसिफ खान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखे 25 पौवा अंग्रेजी शराब 14 पौवा देशी शराब तथा 02 नग बियर जुमला कीमती लगभग 7ए000ध् रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मौदहापारा में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## धारदार चाकू के साथ आरोपी युवक पकड़या



**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। थाना मौदहापारा पुलिस की टीम द्वारा थाना मौदहापारा क्षेत्रांतर्गत एकात्म परिसर के पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी मोहण् रियाज उर्फडाक बबलू पिता शेख जहीर उम्र 47 साल निवासी अफरोज बाग मौदहापारा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 01 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना मौदहापारा में धारा 25 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ आरोपी आरोपी युवक हिरासत में

**रायपुर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। प्रतिबंधित नशीली टेबलेटसिरप की अवैध रूप से खरीदी.बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर अवैध रूप से नशीली टेबलेटध्सिरप के कारोबार की सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत रिंग रोड 02 भनपुरी स्थित कमलेश ढ़ाबा




के पास दोपहिया वाहन में सवार एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली सिरप रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी खमतराई को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली सिरप के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए दोपहिया वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम काशीराम चंद्रा उर्फराजू निवासी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में प्रतिबंधित नशीली सिरप रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली सिरप रखने के संबंध में काशीराम चंद्रा उर्फराजू से वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत करने कहने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी काशीराम चंद्रा उर्फराजू को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 210 शीशी प्रतिबंधित नशीली सिरप कोड़िन तथा घटना में प्रयुक्त 1 नग दोपहिया वाहन जुमला कीमती लगभग 58,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 21;सी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

उल्टा पुल्टा

दादा जी पोते से बोले, फौरन मेरे दांत लेकर आ
पोता बोला- अभी तो रोटी भी नहीं बनी, दांत का क्या करोगे?
दादा जी- रोटी को मार गोली, पड़ोसन स्माइल दे रही है। मुझे भी उसको कातिलाना स्माइल देनी है।



# बालोद पुलिस ने किया ढाई लाख का गांजा जब्त



**बालोद/गुरूर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। जहां पूरा देश स्वतंत्रता दिवस की आजादी का पर्व मना रहा था वहीं दूसरी ओर बालोद जिले के सनौद थाना प्रभारी भुजबल साहू अपनी टीम के साथ अपना कर्तव्य निभा रहे थे और मुखबीर की सूचना पर गांजा तस्करों को रंगे हाथों पकड़ कर 3 लाख 52,000 की कीमत के गांजा को जप्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ में नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

15 अगस्त को एमसीपी कार्यवाही के दौरान पुलिस को सूचना मिला की एक सफेद रंग की कार क्रमांक 27 3386 में कुछ व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर अवैध लाभ कमाने धमतरी से गुण्डरदेही की ओर आ रहे हैं कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के मार्गदर्शन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोनीफॉस एक्का के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी सहायक उप निरीक्षक भुजबल साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर सनौद तिराहा चौक में चेक करने पर आरोपियान (01) अशोक प्रजापत पिता कन्हैया लाल उम्र 27 वर्ष, निवासी मंदिर गली घोबी मोहल्ला प्रतापनगर, भीलवाडा, थाना प्रतापनगर, जिला भीलवाडा राजस्थान (02) भगवान सिंह राजपूत पिता रामसिंग, उम्र 22 वर्ष, निवासी भवानी नगर, पावर हाउस के पीछे प्रतापनगर थाना प्रतापनगर, जिला भीलवाडा राजस्थान के वाहन कार क्रमांक त्श्र 27 ब्ठ 3386 की तलाशी गवाहों के समक्ष ली गई, जो कार के डिक्की के पीछे रखे दो नग सफेद बोरी में 08 पैकेट खाखी भूरा रंग के सेलोटेप में लपेटा हुआ 36.09 कि.ग्रा. मादक पदार्थ गांजा नमीयुक्त कीमती 2,52,000 रू0, एक सफेद रंग की कार मारूति सुजुकी अल्टो क्रमांक 27 जेडई 3386 मय चाबी कीमती 1 लाख, ड्रायविंग लायसेंस, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, एसबीआई का एटीएम व आधार कार्ड व दो नग टच स्क्रीन मोबाईल मय सीम कीमती 10 हजार कुल जुमला 3,62,000 रू0 को गवाहों के समक्ष मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त किया गया, आरोपियों के विरूध्द अपराध क्र0 71/2023 धारा 20 (ख) का पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर मामला अजमानतीय होने से न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

**सराहनीय योगदान** - स0उ0नि0 भुजबल साहू, स0उ0नि0 विश्वजीत मेश्राम, प्र0आर0क्र0 644 हिरदेराम कोलियारा, 597 योगेश्वर चंदानिया, आरक्षक क्र0 319 जितेन्द्र साहू, 239 राहुल देव गजपाल, 199 लोकेश सिन्हा, 50 पुलेश कटेन्द्र, 639 दीपक कतलम, 471 गौकरण यादव

# दुर्ग जिले में जगह-जगह शान से फहराया तिरंगा

## जिला मुख्यालय में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया ध्वजारोहण

**दुर्ग,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री ताम्रध्वज साहू ने मुख्य समारोह स्थल पुलिस परेड ग्राऊण्ड में ध्वजारोहरण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का प्रदेश की जनता के नाम दिये संदेश का वाचन किया और समारोह में उपस्थित स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों एवं शहीद जवानों के परिजनों को शॉल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की अत्यंत मनमोहक और आकर्षक प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथमए द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय के प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार वितरण किया। उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों को भी प्रशस्ति.पत्र वितरित कर सम्मानित किया।

समारोह के प्रारंभ में मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने समारोह स्थल पुलिस परेड ग्राऊण्ड पहुंचकर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के उपरान्त उन्होंने कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा समारोह में सम्मिलित सभी लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।

मुख्य अतिथि श्री साहू ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान के लिए विज्ञान विकास केन्द्र दुर्ग, द्वितीय स्थान के लिए शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्ग एवं तृतीय स्थान के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी को तथा विशेष प्रदर्शन के लिए कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर भिलाई को पुरस्कृत किया। इसी प्रकार परेड में प्रोफेशनल श्रेणी अंतर्गत प्रथम पुरस्कार जिला पुलिस बल, द्वितीय पुरस्कार नगर सेना एवं तृतीय पुरस्कार छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भिलाई तथा नान प्रोफेशनल अंतर्गत प्रथम पुरस्कार एनसीसी सीनियर बालिका, द्वितीय पुरस्कार एनसीसी जुनियर बालक तथा रेडक्रॉस को प्रदान किया गया।

**इनका हुआ सम्मान :** स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड में उल्लेखनीय एवं विशेष कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को मुख्य अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यालय कलेक्टर दुर्ग होमन लाल भोंसले, भृत्य प्रदीप भूआर्य, नगर निगम भिलाई सहायक, उत्तम साहू, कृष्ण कुमार देवांगन, वनरक्षक, प्रभारी पुलगांव नर्सरी, कमल नारायण साहू, वनरक्षक, पाटन, सिरिज ब्रम्हभटट, नर्सिंग सिस्टर सपना देवांगन, लेखापाल, योगेश चंद्राकर, ओटी टेक्नीशियन, कीर्ति कुर्रे, वार्ड आया प्रेमबती देशलहरा, अनुविभागीय अधिकारी तांदुला जल संसाधन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤







## शहर में ध्वजारोहण के साथ हुए खेलकूद व रंगारंग कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस की 76 वां वर्षगांठ सोल्लास मनाई गई। सभी शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय संस्थाओं में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। बच्चों व महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। वरिष्ठजनों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीय मूल्यों को मजबूत बनाये रखने का संकल्प दिलाया। मौसम खुला रहने से स्वतंत्रता दिवस की धूम पूरे शहर में रहीं।

**नगर निगम परिसर :** स्वतंत्रता दिवस पर नगर निगम कार्यलय प्रांगण में भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने अधिकारी कर्मचारियो के बीच ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर निगम में उल्लेखनीय एवं विशेष कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारियों को विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर व सभापति राजेश यादव ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय व विशेष कार्य करने वालो को महापौर धीरज बाकलीवाल की पहल पर बजट घोषणा के बाद मोतीलाल वोरा की स्मृति में निगम क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों के विशेष योगदान देने वालो को पुरस्कृत किया गया। मुख्य रूप से स्व भीमराव उप अभियंता ; मरणोपरांत दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, पंकज साहू, मोहित मरकाम, विकाश दमाहे, यमन वर्मा, लक्ष्मी साहू, आशुतोष ताम्रकार, संतोष कसार, विजय राजपुर, पुरषोत्तम साहू, भरत देवांगन आदि शामिल है। साहित्य, कला, पत्रकारिता हेतु नगर निगम दुर्ग द्वारा प्रथम बार मोतीलाल वोरा पुरस्कार भी दिये गये जिसमे मुख्य रूप से कवि एवं साहित्यकार डॉक्टर निर्वाण तिवारी, अरुण कुमार निगम, शाद बिलासपुरी, सरला शर्मा, लोक कला के क्षेत्र में शिव कुमार दीपक, कुलेश्वर ताम्रकार, शिवाकांत तिवारी, उत्कृष्ट पार्षद ज्ञान दास बंजारे, मनीष बघेल, पत्रकारिता के क्षेत्र में राजेन्द्रसिंह ठाकुर व्यूरो चीफनवभारत, सतीश वर्मा पत्रकार देशबंधु, जन सेवा समर्पण अंतर्गत बंटी शर्मा, अमरजीत सिंह, खेलकूद के क्षेत्र में आकर्षी कश्यप, अंजली महतो, खुशी रौना, शिक्षा के क्षेत्र में सानिया मरकाम, मनोहर कोर्राम, शुभ मिश्रा एवं मोना साहू को शाल, श्रीफल, मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र आदि से सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन द्वारा गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने निगम क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को रोका छेका अभियान में अच्छे कार्य करने पर एवं उद्यान प्रभारी अनिल सिंह को शहर क्षेत्र अंतर्गत बड़े तादात पर वृक्षारोपण पर विशेष कार्य करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, भोला महोविया, दीपक साहू, पार्षद मनीष बघेल, श्रद्धा सोनी विजेंद्र भारद्वाज, निर्मला साहू, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, हरीश साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, राजेश पांडेय, जितेंद्र समैया, आरके पालिया, संजय ठाकुर, वीपी मिश्रा, गिरीश दीवान, आरके बोरकर के अलावा अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

**संभागायुक्त कार्यालय :** स्वतंत्रता दिवस पर संभागायुक्त महादेव कावरे ने संभागायुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ;राजस्व अवधराम टंडन, उपायुक्त ;विकास, अजय मिश्रा तथा कार्यालय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। संभागायुक्त ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

**केन्द्रीय सहकारी बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने किया वृक्षारोपण :** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग प्रधान कार्यालय परिसर में बैंक के अध्यक्ष राजेन्द्र साहू द्वारा ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राजेन्द्र साहू ने शासन एवं बैंक की उपलब्धियों का वर्णन किया और आगे भी बैंक के सुदृढ़ स्थिति को बरकरार रखने हेतु आव्हान किया। साथ ही किसानों को बेहतर सुविधाए देने के लिए सहकारी बैंक को वचनबद्ध होने की बात कही। ध्वजारोहण कार्यक्रम में बैंककी मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने कहा कि बैंक की निरंतर प्रगति को बनाए ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



# शिवनाथ नदी में कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**दुर्ग,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी के पुराने पुल से कूदकर एक युवक विक्रमजीत सिंह (25) ने आत्महत्या कर ली। मृतक सुभाष नगर खुर्सीपार भिलाई का रहने वाला था।

पुलिस के अनुसार उक्त युवक विक्रमजीत सिंह अपनी वाहन नंबर सीजी 07 एएफ 9311 से शिवनाथ नदी के पुराने पुल के पास पहुंचा वहीं पुल से थोड़ा पहले सड़क पर वाहन खड़ी किया और नदी के पास पहुंचकर छलांग लगा दी। यह दृष्य देख लोगों ने कंट्रोल रूम दुर्ग को सूचना दी और एसडीआरएफ की टीम ने भी सूचना दी। सूचना पाते ही एसडीआरएफ की टीम ने नदी में उतरकर कुछ देर की मशक्कत के बाद विक्रमजीत के शव को निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने तत्काल ही पंचनामा व अन्य प्राथमिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। एसडीआरएफ की टीम में जिला सेनानी अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह, टीम प्रभआरी धनीराम यादव, राजू महानंद, हबीब खान, विनय थानेश्वर, भानुप्रताप ओंकार, हेमराज चंद्रप्रकाश, अशोक वायर लेस दुर्गा बंजारे शामिल रहे।

# महिला की जलने से मौत

**दुर्ग,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। गिरधारी नगर में कोष्टा तालाब में गत रात्रि करीब डेढ़ बजे एक महिला सुप्रिया यादव (32) पति भूपेन्द्र यादव की जलने से मौत हो गई। मोहन नगर पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार सुप्रिया यादव रात्रि को 11-12 बजे भोजन करने के बाद परिवार के साथ एक अलग कमरे में सो रही थी। एकाएक रात्रि में कुछ खटर पटर की आवाज होने पर जब परिवार के अन्य लोगों ने देखा तो सुप्रिया जल रही थी। पति व परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की मगर वह बचाई न जा सकी। पुलिस रात्रि में ही मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई। पति भूपेन्द्र यादव सोसायटी में कर्मचारी है तथा सुप्रिया ब्यूटी पार्लर चलाती थी। पुलिस इस मामले में अभी कुछ भी बता नहीं पा रही है।

# पत्नी पर प्राणघातक हमला, आरोपी जेल गया

**दुर्ग,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। पत्नी पर हत्या की नीयत से चाकू से वार कर फरार आरोपी प्रदीप साहू निवासी ग्राम एरना थाना माकड़ी जिला कोंडागांव को कांकेर जिला के नरहापुर के ग्राम चवाड़ से गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस घटना में घायल आरोपी की पत्नी कवलजीत कौर उर्फ रेणु को शंकराचार्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल पीड़िता रेणु के भाई यशवंत सिंह की रिपोर्ट पर आरोपी को धारा 307 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जाता है।

पद्मनाभपुर पुलिस के अनुसार पीड़िता के भाई यशवंत सिंह पिता नरेन्दर सिंह निवासी संगम चौक उरला ने पुलिस को इतला दी कि 11 अगस्त की सुबह कसारीडीह के एक मकाम में रहने वाली उसकी बहन कंवलजीत कौर उर्फ रेणु पर उसके पति ने सब्जी काटने वाले चाकू से प्राणघातम हमला कर फरार हो गया है।

रिपोर्ट में इनके बीच पारिवारिक विवाद की बात भी कहीं गई है। यह भी बताया गया कि आरोपी अपनी पत्नी से मारपीट भी करता था।

प्रार्थी यशवंत की रिपोर्ट के आधार पर पद्मनाभपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला कंवलजीत कौर उर्फ रेणु को पहले शासकीय अस्पताल पहुंचाया वहां से उसे शंकराचार्य हास्पिटल भेज दिया गया। इसके साथ फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई और लोकेशन के आधार पर ग्राम थवाड़ थाना नरहपुर जिला कांकेर मिला। इस आधार पर प्रार्थी को गिरफ्तार कर दुर्ग लाया। यहां थाना प्रभारी उमेश गुप्ता व टीम द्वारा की गई कड़ी पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

# आज आचार्य आनंद ऋषि का मनाया जाएगा जन्मोत्सव

**दुर्ग,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुदेव शीतल मुनि के सानिध्य में आचार्य सम्राट आनंद ऋषि जी महाराज का जन्म महोत्सव जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में आयंबिल महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें पूरे देश भर से एक लाख आठ हजार आयंबिल तप की आराधना की जा रही है। आचार्य सम्राट आनंद ऋषि जी महाराज को आयंबिल की तपस्या बेहद पसंद थी। वे भक्तों को भी जीवन भर इस तपस्या को करने की प्रेरणा देते थे।



आयंबिल महोत्सव की तैयारी में श्रमण संघ परिवार के अलावा श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल वर्धमान सेवा मंच श्रमण संघ महिला मंडल श्रमण संघ बालिका मंडल घर-घर जाकर आए आयंबिल तप करने का प्रत्येक परिवार में कूपन भराया जा रहा है।

17 अगस्त को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में आयंबिल करने वाले तपस्वीयो की पूरी व्यवस्था जय आनंद मधुकर रतन भवन के भोजन शाला में रखी गई है। आयंबिल तप महोत्सव में 51 चांदी के सिक्के लकी ड्रा के रूप में वितरित किए जाएंगे जिसके लाभार्थी परिवार प्रेमचंद गणेशी बाई मोनिका नमन चौरडिया है। आयंबिल करने वाले सभी तपस्वी साधकों को भंवरलाल अभय कुमार विक्रम पारख परिवार की ओर से स्मृति स्वरूप प्रभावना वितरित की जाएगी।

17 अगस्त को आयोजित होने वाली धर्म सभा आचार्य सम्राट आनंद ऋषि महाराज के जीवन दर्शन पर केंद्रित रहेगी गुरुदेव शीतल मुनि के सानिध्य में गुणानुवाद सभा का आयोजन जय आनंद मधुकर रतन भवन में होगा इस दिन धर्म सभा में भाग लेने वाले सभी लोगों की प्रभावना जमुना देवी निर्मल बाफ्ना परिवार की ओर से रहेगी।

# कांवरियों ने 8 किमी चलकर शिवधाम में किया जल अर्पण



**दुर्ग,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। शिव सरोवर कांवड समिति दुर्ग के तत्वधान में शिवनाथ नदी महमारा घाट से जल लेकर के हजारों कांवरिया ने पूर्णिमा के अवसर पर लगभग 8 किलोमीटर पैदल चल के शक्ति नगर स्थित शिव सरोवर धाम में जल अर्पण किया गया। यह कावड़ यात्रा सुबह महमारा घाट से प्रारंभ हुई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं बच्चे सभी शामिल हुए।

कार्यक्रम के आयोजन समिति प्रमुख संयोजक नटवर ताम्रकार जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, पार्षद एवं मंडल महामंत्री देवनारायण चंद्राकर, पूर्व जिला महामंत्री तेखन सिन्हा, पूर्व पार्षद दिलीप, साहू मन्नू साहू, कन्हैया देवांगन, नरेश सिन्हा कीर्तन साहू कार्तिक सिन्हा भारत यादव, टेकराम, संदीप साहू, कांता सिन्हा, यशवंत देवांगन, टीकम, सनत सिन्हा संतोष देवांगन, दशरथ साहू विष्णु देवांगन, भास्कर तिवारी, पोषण साहू, मौसमी ताम्रकार, उषा निर्मलकर, मंजू यादव, पुष्पा राजपूत, अंजू तिवारी, सुरुचि उमरे, महेंद्र सागरवंशी, अनिल सूर्यवंशी, सुरेंद्र वर्मा आदि कांवड़ यात्रा में शामिल रहें।

# सेवानिवृत्त प्रोफेसर ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर दान की 25 हजार की राशि

**दुर्ग,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। ए.वी. राव सेवा निवृत्त प्रोफेसर, निवासी नेहरू नगर, भिलाई द्वारा इस वर्ष सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के लिये एकत्र किये जा रहे राशि में 25 हजार रूपए दान कर सेना का मान बढ़ाया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा ने बताया कि श्री राव द्वारा विगत कई वर्षो से यह राशि शहीद सैनिकों, सैन्य विधवाओं और भूतपूर्व सैनिकों के लिये दान किया जा रहा है। ब्रिगेडियर विवेक शर्मा संचालक सैनिक कल्याण छत्तीसगढ़ के मार्ग-दर्शन में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी दुर्ग तथा उनके स्टाफ के द्वारा यह राशि प्राप्त की गई।



# मंत्री चौबे ने जिला कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का किया अनावरण

**बेमेतरा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त के पवन अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रीरविन्द्र चौबे ने जिला कार्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया और विधि विधान से पूजा अर्चना और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। विशेष अतिथि संसदीय सचिव व विधायकगुरुदयाल सिंह बंजारे, स्थानीय विधायकआशीष छाबड़ा शामिल हुए। अनावरण से पहले अतिथियों का कलेक्टरपदुम सिंह एल्मा ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। मंत्रीचौबे ने महतारी प्रतिमा अनावरण के उपरांत पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी, छत्तीसगढ़ की अस्मिता, स्वाभिमान और सम्मान का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाई जा रही है इससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों में अपनी संस्कृति को लेकर चेतना जागृत रहेगी। तीज-त्यौहार, लोक परम्पराओं को जानने-समझने का भावी पीढ़ी को पर्याप्त अवसर मिले, यही हमारा प्रयास है।



श्री चौबे ने कहा की छत्तीसगढ़ सरकार अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के परंपरागत तिहारों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी बोली, गीत, छत्तीसगढ़ की पहचान गमछा, तीजा-पोरा, अक्ती, हरेली, छेरछेरा जैसे लोक जीवन के तिहारों को व्यापक स्तर पर मनाने की सार्थक पहल हुई है। और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा प्रत्येक जिले में स्थापित करने का निर्णय लिए हैं, इसी क्रम में आज बेमेतरा जिला मुख्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। छत्तीसगढ़ महतारी को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक परिधानों और आभूषणों में चित्रित किया गया है। हरे रंग की साड़ी पहने माता के बाएं हाथ में धान की बाली और हंसिया है। माता का दूसरा हाथ अभय मुद्रा में संतानों को आशीर्वाद दे रहा है। ये देश का इकलौता प्रदेश है जिसे मां के तौर पर पूजा जाता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधिबंशी पटेल, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती लीना मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकपंकज पटेल सहित जिला स्तर के अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# परेड सीनियर में जिला बल पुरुष एवं परेड जूनियर में एनसीसी ब्लैज एकेडमी प्रथम स्थान पर

**बालोद,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय बालोद के स्व सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में पुलिस जवानों एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा किए गए आकर्षक मार्चपास्ट एवं परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला पुलिस बल पुरुष बालोद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 14वीं वाहिनी सशस्त्र बल धनोरा बालोद को द्वितीय एवं 21वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल करकाभाट बालोद को तृतीय स्थान मिला। इसी तरह परेड जूनियर के अंतर्गत एनसीसी ब्लैज एकेडमी बालोद को प्रथम एनसीसी स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बालोद को द्वितीय एवं स्काउट.गाइड शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालोद को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि परेड में 14वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# तर्रा में 29 से सब जूनियर भारोत्तोन प्रतियोगिता



**भिलाईनगर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। जिला स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन करने हेतु विजय बघेल सांसद के निवास सेक्टर 5 भिलाई बैठक कर 2023-2024 के आयोजन हेतु सम्पन्न हुई। 29 अगस्त को खेल दिवस के दिन पाटन विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम तर्रा पाटन में दुर्ग भारोत्तोलन संघ के अध्यक्ष विजय बघेल के द्वारा जूनियर और सब जूनियर स्तर की प्रतियोगिता आहुत की जाएगी। तथा साथ में छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का सांसद विजय बघेल के द्वारा सम्मान किया जाएगा इस अवसर पर विजय बघेल जी अध्यक्ष भारोत्तोलन संघ उपाध्यक्ष प्रदेश भारोत्तोलन संघ छग ललित साहु सचिव, पोखन लाल साहू, जयंत वर्मा, संतोष सोनी, बी सी सी आई अंपायर क्रिकेट तोषा शुक्ला, श्रीमती आरती शुक्ला, धर्मेंद्र कौशिक उपाध्यक्ष जिला भारोत्तोलन संघ, बाला राम साहू, संतोष यादव, टिकेंद्र साहू, आदित्य पोषण, हितेश छबिराम, कोमल सोनी, बीर सिंह, सुहेल सुरेश पटेल, सुमित सिन्हा, रुपेन्द्र साहु सहित संघ के पाटन धमधा भिलाई के पदाधिकारी कार्यकता अत्यधिक संख्या में उपस्थित रहें।

# हत्या के मामले का फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। विगत 11 अगस्त को प्रार्थी हितेश देशलहरे पिता खुबचंद देशलहरे निवासी ग्राम चोरहा (रामपुर) ने थाना कुम्हारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी के बुआ का लडका कमल खुंटे प्रार्थी के पडोस में रहता है जिसकी पत्नि का डिलवरी हुआ है जो अस्पताल में भर्ती है। जिसे 10 अगस्त को अस्पताल में खाना पहूँचा कर रात्रि करीबन 11:45 बजे प्रार्थी और कमल खुंटे वापस अपने घर रामपुर चोरहा आये तो कमल खुंटे के घर के सामने भीखम चेलक और मुकेश गाली गलौच कर रहे थे। जिसे समझाने पर मुकेश वहॉ से चला गया और भीखम चेलक,

प्रार्थी और कमल खुंटे के साथ धक्का मुक्की करने लगा। हो. हल्ला की अवाज सुनकर भीखम के रिस्तेदार पिता गणेष चेलकए एवं भतीजा गौतम चेलक भी वहॉ आ गये और साथ मिलकर धक्का.मुक्की, गाली-गलौच करने लगे इतने में ही भीखम चेलक प्रार्थी हितेष देशलहरे को बायें हाथए कंधे और पीठ में अपने पास रखे धारदार चाकू से 3 बार वार किया तो प्रार्थी और कमल खुंटे बचने के लिए इधर.उधर भागने लगे कमल खुंटे को गणेष चेलक और गौतम चेलक पकड लिए और भीखम चेलक हत्या करने की नीयत से कमल खुंटे के पेट



## आपसी रंजिश की वजह से घटना को दिया अंजाम

में नाजूक जगह पर कई बार चाकू से वार किया जिससे कमल खुंटे वही मृत होकर गिर गया। मृतक कमल खुंटे और प्रार्थी के पिता खुबचंद देशलहरे से भीखम चेलक का पूर्व में कई बार झगड़ा हो चुका था इसी बात की पुरानी रंजीश के कारण ही भीखम चेलक द्वारा हत्या करने की नीयत से चाकू से हमला किया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कुम्हारी में धारा 307, 302, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना को अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा आरोपियों की शीघ्र पतासाजी कर गिरफ्तारी करने के निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक आशीष बंछोर एवं उप पुलिस अधीक्षक अपराध दुर्ग राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में प्रभारी एसीसीयु निरीक्षक संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी कुम्हारी निरीक्षक केषव कौषले के नेतृत्व में एक विषेष टीम गठित कर आरापियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा तकनीकी सहायता प्राप्त कर आरोपियों को पकड़ने हेतु अलग.अलग टीम गठित की गई। विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। विशेष सूत्रों से आरोपी गणेष चेलकष गौतम चेलक के गॉव में ही छीपे होने की सूचना प्राप्त होने पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। मुख्य आरोपी भीखम चेलक घटना कारित कर फरार हो गया था। 14 अगस्त को सिरसा गेट के पास भागने के फिराक में आरोपी भीखम चेलक गाड़ी का इंतजार कर रहा था। जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलजरब चाकू बरामद किया गया अग्रिम कार्यवाही थाना कुम्हारी से की गई। उक्त कार्यवाही में एसीसीयु से सहायक उप निरीक्षक शमित मिश्रा, प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र मढरिया, आरक्षक अरविन्द मिश्रा, रिन्कू सोनी, अमित दुबे, भावेश पटेल, गुनीत निर्मलकर, डी प्रकाश आशीष एवं थाना कुम्हारी से सहायक उपनिरीक्षक अजय सिंह, आरक्षक राजकुमार सिंह, बंटी सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही। आरोपी में भीखम चेलक रामपुर निवासी थाना कुम्हारी बताया जा रहा है।

# 58 लाख से सुधरेगा अहिवारा के स्कूल : ताम्रकार



**भिलाईनगर,** 16 अगस्त (देशबन्धु) नपा अध्यक्ष नटवर ताम्रकार ने अहिवार स्कूलों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा नगर पालिका परिषद अहिवारा के अंतर्गत सबसे बड़ा विद्यालय स्वामी आत्मनंद उत्कृष्ट विद्यालय अहिवारा कुल 1500 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। जिसमे अंग्रेजी माध्यम में 600छात्र-छात्राएं हिंदी माध्यम में 600 छात्र-छात्राएं व शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 300 छात्र-छात्राएं है, में नगर पालिका परिषद अहिवारा के अध्यक्ष नटवर ताम्रकार के प्रयास से 58 लाख की राशि से अतरिक्त कमरा पूर्ण सुविधा युक्त निमार्ण कार्य प्रारंभ किया जायेगा जिसकी घोषणा ताम्रकार ने अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष टवर ताम्रकार, विशेष अतिथि अनुज साहू, शिबू अग्रवाल, हेमंत साहू वार्ड पार्षद थे कार्यकम में पालकों एवम् नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विद्यालय में दोनो माध्यम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत, संगीत एवम् डांस के माध्यम से उपस्थित सभी लोगो का मन को मोह लिया कार्यकम में प्रतिभा वान छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। कबाड़ से जुगाड माडल का भी प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका आवलोंकन अध्यक्ष नटवार ताम्रकार ने किया और इस कार्य के लिया समानित किया। श्री ताम्रकार ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनी से बच्चों में अतिरिक्त ज्ञान की प्राप्ति होती है। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत से जस प्राचार्य उत्तम साह, प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद, संजय शर्मा, खुमान सिंह साह, अखिलेश शर्मा, मिली सिंह, मीनाक्षी साहू आदि में स्वागत किया कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षको के साथ साथ विद्यालय के कर्मचारियों का भी रहा ।

# सुरडुंग के शासकीय स्कूल में तीन कमरा का भूमिपूजन



**भिलाईनगर**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पालिका जामुल क्षेत्र के वार्ड क्रण् बीस सुरडुंग में शाला भवन हेतु नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने भूमि पूजन किया। सुरडुंग के शासकीय स्कूल में तीन कमरा का निर्माण किया जायेगा। नपा अध्यक्ष श्री ठाकुर ने बताया कि शा.उ.मा.वि. सुरडुंग में पालिका क्षेत्र के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। जिसके लिए स्थल की कमी न हो इसके लिए बीस लाख रूपये लागत से तीन अतिरिक्त कमरा का निर्माण शीघ्र होगा जिसका लाभ सिर्फ पालिका क्षेत्र जामुल के सुरडुंग ही नहीं बल्कि पालिका की सीमा से लगे ग्रामीण क्षेत्रों को भी मिलेगा। उन्हे दूर किसी अन्य शहर में पढ़ाई के लिए सफर नहीं करना पड़ेगा। साथ ही मैं हमेशा से हमारे परिषद के सभी जनप्रतिनिधियों से एवं उच्च अधिकारियों के साथ चर्चा करके प्रत्येक वर्ग के लिए एवं प्रत्येक वार्ड में समान विकास हेतु प्रस्ताव स्वीकृत कर नगर पालिका जामुल को एक विकसित नगर बनाने प्रतिबद्ध है। भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड पार्षद शांति टंडन, अहिल्या वर्मा, उमेंन्द्र वर्मा, तुला राम टंडन, आत्मा राम वर्मा, राजेश यादव, संजय शर्मा, तोप सिंह धनकर, प्रदीप सिंह, टीकम निषाद, विद्यालय के प्राचार्या, शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सफेद बाघ के नन्हे शावकों का हुआ नामकरण

**भिलाईनगर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के उद्यानिकी विभाग के मैत्री बाग में सफेद बाघों के कुनबे में 3 नए मेहमानो, 2 नर एवं 1 मादा शावक का जन्मए 28 अप्रैल 2023 को हुआ था। पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार आजादी के 76 वें वर्षगांठ पूरे होने के जश्न के साथ ही 15 अगस्त 2023 को इन नन्हे शावकों का नामकरण किया गया। इन शावकों का नाम रुस्तम, राणा और बॉबी रखा गया है। एक कार्यक्रम में इन चंचल शावकों को पहली बार आम जनता के लिए खोला गया। शावकों ने स्वयं को पहली बार खुले में पाकर आनंद से खूब उछल कूद मचाया और पर्यटकों का मनोरंजन किया। एक दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति राजसी सफेद बाघ और उनके नन्हें शावक अपने आकर्षक धारियों, सफेद रंग और चमकदार नीली आंखों के साथ बहुत ही प्यारे लग रहे थे। जिन्हें देखने भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। मनमोहक शावकों को अठखेलियां करते देख अत्यंत हर्ष हो रहा था। मुलायम पंजों के साथ चंचलतापूर्वक वे अपने आस-पास के हर कोने की खोज कर रहे थे। ऐसा आकर्षक दृश्य हमें इन असाधारण प्रजातियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। इन शावकों के पिता का नाम सुल्तान है। शावकों की माँ रक्षा ने पिछले 3.5 माह से बच्चों का लालन पालन पूरी ममता के साथ किया। वन्यजीव विशेषज्ञ भिलाई मैत्री बाग प्रभारी एवं उप महाप्रबंधक उद्यानिकी डॉ एन के जैन ने जानकारी दी, कि जू



अथॉरिटी के मार्गदर्शन अनुसार ही इन नन्हे शावकों और इनकी माँ की देखभाल की गई। मैत्री बाग प्रबंधन द्वारा लगातार इन नन्हे शावकों और बाघिन माँ रक्षा को पौष्टिक आहार तथा विभिन्न प्रकार के आवश्यक विटामिन आदि भोजन के साथ दिया जा रहा है। गौरतलब है कि भिलाई मैत्री बाग सफेद बाघों की सबसे अधिक संख्या के साथ भारत के शीर्ष चिडियाघरों में से एक बन गया है। मैत्री बाग प्रबंधन ने सेंट्रल जू ऑथोरिटी के नियमानुसार अब तक देश के 5 से भी अधिक चिडियाघरों में बाघों का आदान-प्रदान किया है। मौजूदा समय में शावकों के नए जन्म के साथ ही मैत्री बाग में सफेद बाघों की कुल संख्या 09 हो गई है।

# नगर में जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा



## एस आर हॉस्पिटल में कमान्डेन्ट ने फहराया तिरगा

**भिलाईनगर,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। एस आर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अतिथि अशोक कुमार ठाकुर कमांडेंट सशस्त्र सीमा बल एवं बांके बिहारी सेकन्ड इन कमान्डेंट सशस्त्र सीमा बल मृदुल हवलदर डिप्टी कमान्डेनट सशस्त्र सीमा बल एवं डॉ एस.पी. केसरवानी. डॉ छाया भारती. अस्पताल के चेयरमैन संजय तिवारी. अखिलेश सिंह द्वारा मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा अस्पताल में सेवाएँ प्रदान करने वाले कर्मवीर देवदूतों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि अशोक कुमार ठाकुर कमांडेंट ने देशभक्त शहीदों को याद करते हुए अजादी के महत्त्व को बताया एवं अस्पताल द्वारा किए जा रहे सेवाभाव की प्रशंसा की गई। अस्पताल के चेयरमैन संजय तिवारी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कपिल उप्पल, विजय, वसंत गवान्डे, जाकिर हुसैन, चंद्रसेन राठौर, अश्वनी शुक्ला, सीमा शर्मा,



पदुम महाराणा, राजेश त्रिपाठी, किशोर कुमार, हरी साहू, दामन लाल, गिरजा सिन्हा, स्वाती निषाद, अन्नपूर्णा जोशी , रोशनी यादव, करुणा निषाद, अभिषेक रिझारिया, प्रेम लाल चन्द्राकर, निशा साहू, यमुना पटेल, पंचबाई, यशोदा, संजय मानिकपुरी, संतरा, धमेन्द्र देवांगन, हेमलता देशमुख व अन्य देवदुतो को कर्मवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से जे.एन पाण्डेय, अजय तिवारी, शंकर निषाद, शिव जायसवाल, संजय सिह, संगमित्रा, संदीप ओझा, प्रवीण गुप्ता, रुपा चेलक, भारती सिंह, अजय अग्रवाल, शिशिर, यवले, लीला अंजू, यादव लल्ली साहू, दुर्गा व अन्य स्टाफ व शहर के गणमान्य डॉक्टर व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे

## रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मनाया स्वतंत्रता दिवस

रोटरी चैरिटेबल ट्रस्ट भिलाई द्वारा संचालित नयनदीप विद्या मंदिर के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम दृष्टि बाधित छात्र.छात्राओं के राष्ट्रीयता से और गीतों के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ संतोष राय ने ध्वजारोहण किया सहभागी के रूप में ज्ञानचंद जैन, अमित श्रीवास्तव, श्रीमती सुमन कनोजे, श्रीमती कोकिला प्रसाद, सहित सुरेश चंद्र जैन, श्रीमती पारस टाटिया, विद्यालय के प्राचार्य सुश्री श्वेता महोबिया उपस्थित थ। इस अवसर पर एक दृष्टिबाधित छात्रा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अंग्रेजी आज भी हम लोगों को बोलनी पड़ती है क्या यही हमारी स्वतंत्रता है प्रश्न के जवाब अमित श्रीवास्तव ने दिया उन्होंने बताया कि विश्व मैं बोली जाने वाली भाषा हम सब की आज की जरूरत है इसलिए



बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाए जाने की शासन की योजना बनी हुई है। दृष्टिबाधित छात्र ने मां पर कविता सुनाई जिसको उपस्थित जरूर ने बहुत पसंद किया। स्वतंत्रता की इस वर्षगांठ को विद्यालय परिवार ने हर्षोल्लास के साथ मनाया और दृष्टिबाधित बच्चों को उनकी पसंद की चीजें खिलाकर उनको सम्मानित किया कार्यक्रम का सफल संचालन रोटरी सदस्य श्रीमती सुमन कनौजी ने किया आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रदर्शन संस्था के उपाध्यक्ष एवं विद्यालय के संचालक ज्ञानचंद जैन ने किया। इस अवसर पर रोट्री क्लब के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निगम में फहराया तिरंगा

निगम भिलाई ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहरा कर मेरी माटी मेरा देश अन्तर्गत मिट्टी हाथो मे लेकर पंच प्रण की शपथ ली और रोपे 76 पौधे। निगम मुख्यालय सुपेला मे महापौर नीरज पाल, आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी ने ध्वाजारोहण किया। महापौर नीरज पाल ने इस अवसर पर कहा कि आज देश के अमर शहीद जवानो को याद कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए राष्ट्र निर्माण मे हमे हमारी भागीदारी सुनिश्चित करने का दिन है। आयुक्त रोहित व्यास ने कहा कि शासन मे हमे जो जिम्मेदारी मिली है उसे पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से करे यह देश और राज्य की प्रगति के लिए आवश्यक है। मेरी माटी मेरा देश विषय पर सभी ने अपने हाथ मे मिट्टी लेकर पंच प्रण की शपथ ली। इसके पूर्व सभी जोन कार्यालय में प्रात: 7.30 बजे जोन समिति के अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया । 77 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट में भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया और 66 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट मे 76 पौधे लगा कर आज के दिन की याद को चिरस्थायी बनाया गया। कर्मचारी संघ कार्यालय सुपेला मे भी महापौर आयुक्त सहित कर्मचारियों ने ध्वजारोहण किया। शहीद पार्क सेक्टर 5 में विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, नागरिकगण की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराए है।



## संयंत्र में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेनगेट परेड ग्राउंड में मुख्य ध्वजारोहण संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने किया। इसके पूर्व उप.महानिरीक्षक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल ने आकर परेड का अवलोकन किया। अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि इस तिरंगे के साथ मैं उन असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, नायकों तथा देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करता हूँ। जिन्होंने निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की और एक स्वतंत्र देश होने के सपने को साकार किया है। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सभी एसओपीए एसएमपी का पालन करें और आवश्यक व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का उपयोग करें। हमारा लक्ष्य शून्य दुर्घटना का होना चाहिए। स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, एस मुखोपाध्याय, अजय कुमार चक्रबर्ती, डॉ अशोक कुमार पंडा, पवन कुमार बी के गिरी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, डॉ एम रविन्द्रनाथ विशेष रूप से उपस्थित थे। देशभक्ति गीत का प्रदर्शन सेक्टर 10 स्कूल के बच्चों द्वारा किया गया। साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा अन.आर्म काम्बेट का प्रदर्शन किया गया और अंत में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का सभी परेड कमाण्डर और एन.सी.सी.अधिकारी से परिचय करवाया गया एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्री अनिर्बान दासगुप्ता सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने आज़ादी का अमृत महोत्सव सेल्फिपॉइंट पर फेटो भी खिचवाई। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता एवं अन्य पदाधिकारी महिलाओं ने सेक्टर-9 अस्पताल में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, डॉ एम रविन्द्रनाथ तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए विभाग के अधिकारीगण सहित भारी संख्या में चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।



## खुर्सीपार में लहराया 100 फीट ऊँचा तिरंगा

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने 15 अगस्त को खुर्सीपार में 100 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया है। इससे पहले प्रदेश का सबसे ऊंचा तिरंगा रायपुर के मरीन ड्राइव में स्थापित किया गया था। इसके बाद विधायक देवेंद्र यादव की पहल से दूसरा तिरंगा शहीद पार्क सेक्टर 5 में स्थापित किया गया है और आज तीसरा तिरंगा खुर्सीपार में स्थापित किया गया। इस अवसर पर महापौर और भिलाई नगर विधायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शहीद पार्क खुर्सीपार डोमशेड के पास पावर हाउस, नेहरू नगर चौक ऐसे सैकड़ों स्थानों पर शान से तिरंगा फहराया गया। विधायक देवेंद्र यादव ध्वजा रोहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक देवेंद्र यादव व सभी ने मिलकर राष्ट्रगीत गाय और तिरंगे को सलामी दी। विधायक द्वारा शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा पावर हाउस में शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु तीनों की प्रतिमा सालों से स्थापित है लेकिन यह प्रतिमा जहां स्थापित है वहां जर्जर स्थिति में थे, जिसे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने साफ सुथरा कर रिनोवेट किया गया है और पूरी तरह से नया स्वरूप देकर प्रतिमा को पूरे सम्मान के साथ स्थापित किया गया है।

## बी.एम.शाह अस्पताल में फहराया तिरंगा

शहर के प्रख्यात हॉस्पिटल बीएम शाह हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में हर्षोल्लास के साथ 77 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। अस्पताल के मेडिकल डॉयरेक्टर डॉ.जय तिवारी ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगीत गाया गया। इस दौरान अस्पताल के मेडिकल डॉयरेक्टर डॉ.जय तिवारी ने स्वतंत्रता दिवस का महत्व बताया। हॉस्पिटल के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. राहुल सिंह ने भी हॉस्पिटल स्टाफ को स्वतन्त्रता दिवस की बधाई दी। इस दौरान हॉस्पिटल परिसर में कर्मचारियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का का समापन अस्पताल के डायरेक्टर ऑपरेशन डॉ. अरूण मिश्रा के आभार प्रदर्शन के साथ किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल के ट्रस्टी, कार्यकारी निदेशक, चिकित्सा निदेशक, चिकित्सा अधीक्षक, निदेशक ;संचालनद्ध, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं समस्त विभागाध्यक्ष के साथ सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सेंट थॉमस कालेज में प्रभारी प्राचार्य ने फहराया तिरंगा

सेंट थॉमस महाविद्यालय में रूआबांधा सेक्टर में प्रभारी प्राचार्य डॉ चंदा वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होनें सभी को देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ किरण बाला दास एवं प्राणी शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ नीतू राज ने इस अवसर पर देशभक्ति से भरपूर अपने विचार व्यक्त कियेद्य इस कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की महिला एनसीसी अधिकारी डॉ सुरेखा जवादे ने किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ चंदा वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को रैगिंग को रोकने संबंधी शपथ दिलाई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक खोमेंद्र साहू एवं स्वयंसेविका धृति वैष्णव ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन



राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अधिकारी महेंद्र इखार ने दिया। कार्यक्रम के दौरान आईक्यूएसी संयोजक डॉ देबजानी मुख़र्जी उपस्थित थे।

## ट्रांसपोर्ट नगर में झंडारोहण का कार्यक्रम संपन्न

छत्तीसगढ़ ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रथम प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने जानकारी दी की ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज श्री हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित यूनियन भवन में झंडारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि अचल भाटिया द्वारा झंडारोहण किया गया अध्यक्षता एसोसिएशन के संरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू द्वारा किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने स्वागत भाषण में कहा संगठन और संघर्ष के बदौलत ही हमारा देश आजाद हुआ है उसी तरह आज हम सभी लोगों को मिलकर संगठन के माध्यम से संघर्ष करने की आवश्यकता है तभी हम सब ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में टीक पाएंगे। सीता सिंह ने भी मिलकर कार्य करने पर बल दिया। जसवंत सिंग सैनी व अचल भाटिया ने कहा कि संघर्ष के पीछे सफलता है हम सभी लोगों को मिलकर एसोसिएशन को मजबूत करेंगे। पार्षद बहलराम साहू ने धन्यवाद ज्ञापन व मंच संचालन रमेश रावत ने किया। कार्यक्रम में सुखचैन सिंह सुखा,मलकीत सिंग, बाचू, पंकज सेठी, सुरजीत सिंह सैनी, इंद्रजीत सिंह सैनी, विनोद सिंह, हरनेक सिंह, अरुण कुमार बैठा, मनोज कुमार चौधरी, सत्येंद्र शर्मा, प्रदीप रावत, पुजारी अश्वनी कुमार मिश्रा उपस्थित थे।


India
स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
जितेंद्र गेडरे
अध्यक्ष - भाजपा ग्रामीण
अनुसूचित जाति मोर्चा डोंगरगढ़


15 अगस्त की बधाई
स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
जैन कुमार मेश्राम
अध्यक्ष ,भाजपा ग्रामीण
मंडल डोंगरगढ़


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Happy INDEPENDENCE day
स्वतंत्रा दिवस
वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी की जयंती की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हेमलाल वर्मा
( किसान नेता व प्रधान ग्राम पंचायत मक्काटोला )


स्वतंत्रा दिवस की हार्दिक बधाई
वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
गोपी राम वर्मा
छत्तीसगढ़ टीचर एसोसिएशन , राजनांदगांव


स्वतंत्र दिवस की बधाई
मा. नवाज खान जी
अध्यक्ष ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक
मा. भुनेश्वर बघेल जी
विधायक डोंगरगढ़
मा. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री ,छ ग शासन
स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
सुरेश सिन्हा
अध्यक्ष ,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण डोंगरगढ़


15 अगस्त की बधाई
स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
प्राची सोनी
पार्षद - वार्ड नंबर 3
सौमित्र सोनी
उपाध्यक्ष ,भाजपा
शहर मंडल डोगरगढ़


15 अगस्त की बधाई
मा नवाज खान जी
अध्यक्ष , जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव
मा भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री ,छ ग शासन
स्वतंत्रता दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ...
श्री भुनेश्वर शोभाराम बघेल
विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष छत्तीसगढ़


15 अगस्त की हार्दिक बधाई
सभी क्षेत्रवासी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
नलिनी मेश्राम
सचिव प्रदेश महिला कांग्रेस छत्तीसगढ़

# मुख्यमंत्री ने गौरी नगर की जनता को दी हमर क्लीनिक की सौगात

■ अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान की मेहनत रंग लायी





**राजनांदगांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड दुर्ग संभाग अंतर्गत राजनांदगांव के गौरीनगर वार्ड नंबर 13 स्कूल मैदान में हमर क्लीनिक हेतु भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

श्री भगत के गौरी नगर आगमन पर रेलवे क्रासिंग दुर्गा मंदिर चौक पर अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान व वार्ड पार्षद समद खान द्वारा सैकड़ों की संख्या में सहयोगियों सहित फूल मालाओं बाजे गाजे व फटाकों के साथ ज़ोरदार स्वागत किया स्वागत से प्रफुल्लित हो कर श्री भगत सब के संग पैदल ही कार्यक्रम स्थल तक पहुँचे। प्रभारी मंत्री श्री भगत ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़ कर भूमि पूजन किया। तत्पश्चात गौरी नगर स्कूल मैदान स्थित सहारा देव की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात मंच पर पुन: कार्यक्रम में इंतेज़ार कर रही जनता ने अमरजीत भगत का पुष्प गुच्छ भेंट कर मालाओं के साथ, छत्तीसगढ़ी खुमरी पहना कर स्वागत किया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री भगत ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति शिक्षा स्वास्थ्य से वंचित न रहे। श्री भगत ने आगे कहा कि छत्तीसगढ के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में हमर क्लीनिक के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए यह बहुत ही अनुकरणीय प्रयास है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा हेतु हमर क्लीनिक का शुभारंभ किया है, जिसके लिए मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करती हु। निश्चित रूप से हमर क्लीनिक बनने से यहां निवासरत नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण में काफी मददगार साबित होगा। बड़ी ही खुशी की बात है कि राजनांदगांव शहर में गौरी नगर से इस योजना की शुरुआत हुई है। जिसके लिए हफीज भाई बधाई के पात्र है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अल्प संख्यक आयोग के उपाध्यक्ष हफीज खान ने कहा कि आज इस भूमि पूजन के अवसर पर मैं सर्व प्रथम इस प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं, जिन्होंने वार्ड वासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए गौरी नगर में हमर क्लीनिक की स्वीकृति दी।

वार्ड वासियों के मांग के अनुरूप मैंने मुख्यमंत्री से मांग किया था कि गौरी नगर में हमर क्लीनिक की शुरुआत करने के लिए आग्रह किया था, जिसका परिणाम यह हुआ है की आज इसका भूमि पूजन जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत सहित हम सब कर रहे है। श्री खान ने आगे कहा कि यह मेरे लिए बहुत ही खुशी की बात है कि मेरे वार्ड गौरी नगर में इसका शुभारंभ हो रहा है। उक्त कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित थे जिन्हें आभार स्वरूप जाते समय एक एक पौधा उपहारस्वरूप दिया गया व वन संरक्षण और पेड़ पौधों की महत्ता बतलाई गयी। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वार्ड नंबर 13 के पार्षद समद खान ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उन्होंने जिला प्रशासन व उनकी पूरी टीम, स्वास्थ्य विभाग की टीम व नगर निगम राजनांदगांव व उनकी टीम का सफल कार्यक्रम के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि धनेश पाटील अध्यक्ष छत्तीसगढ़ अंत्याव्यवसायी वित्त विकास निगम, महापौर हेमा सुदेश देशमुख, जितेंद्र उदय मुदलियार अध्यक्ष छत्तीसगढ़ युवा आयोग, मन्ना यादव उपाध्यक्ष गौ सेवा आयोग, किशन खंडेलवाल सदस्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, कुलबीर सिंह छाबड़ा पार्षद वार्ड क्रमांक 25, शाहिद भाई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आसिफ अली, निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता, मसीह समाज के अध्यक्ष डॉ सुमन लाल, वरिष्ठ अधिवक्ता हलीम बख्श गाजी, पास्टर विल्सन नाग, फ्रांसिस नाग, आदिवासी समाज के अध्यक्ष शंकर लाल छेदैय्या, निगम चेयरमैनगण मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, गणेश पवार, एल्डरमैन द्वय इज्जुर रहमान, मामराज अग्रवाल, भोला यादव, हरीश यादव, रंजीत यादव, आकाश सिंह ठाकुर, नागेश बंजारे, ज़ाकिर खान, देव सिन्हा, मोनू सिन्हा, यासीन खान, मन्नू पंचतीलक, नरेश यादव, चंदन ठाकुर, मेवालाल बमभोले, शंकरलाल छेदैय्या, कार्तिक राम ठाकुर, निलेन्द्र यादव, श्रेष्ठ गोगना, जीते सिंह, मनोज दुबे, पंकज गुड़वा मेश्राम, माधव राव गजवे, विनोद गजवे, देवेंद्र पीटर, विनोद बमभोले आदि बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थिति रहे।

# ग्राम पंचायत धरमगढ़ को मिला उत्कृष्ट गौठान का पुरुस्कार



**सहसपुर लोहारा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्रता दिवस के जिलाध्यक्ष स्तरीय समारोह में केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के हाथो ग्राम पंचायत धरमगढ़ के सरपंच एवं वरिष्ठ काग्रेसी नेता जोहन खांडे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है ज्ञात हो की इससे पहले भी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जोहन खांडे एवं उनकी धर्मपत्नी महेशिया बाई खांडे के सरपंच कार्यकाल में ग्राम पंचायत धरमगढ़ को कई राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर का पुरुस्कार मिल चूका है। पिछले कई वर्षो से ग्राम पंचायत पंचायत का नेतृत्व संभालने वाला खांडे परिवार अनुसूचित जाति वर्ग से आने के बाद भी सामान्य वर्ग से चुनाव लड़कर यहां का लगातार नेतृत्व कर रहा है।

इससे पहले पंचायत सशक्तिकरण का राष्ट्रीय पुरुस्कार इस पंचायत को मिला था। साथ ही जिला का उत्कृष्ट पंचायत का भी पुरुस्कार इस पंचायत को मिल चूका है और अभी उत्कृष्ट गौठान पुरुस्कार का मिलना वास्तव में इस पंचायत की छवि को दूसरे पंचायतो से अलग बनाती है। इस पुरुस्कार को मंत्री मोहम्मद अकबर और जिला के आला अधिकारियो की उपस्थित में स्वतंत्रता दिवस के परेड के अवसर पर ग्रहण करने वाले सरपंच जोहन खांडे ने इस पुरुस्कार को धरमगढ़ के प्रत्येक नागरिकों को समर्पित करते हुए कहा की जब तक जनता नहीं चाहेगी कोई भी अच्छा कार्य किया जाना संभव नहीं है और जनता के सहयोग से ही हम पंचायती राज के मूल भावना के अनुसार कार्य करते है और करते रहेंगे। और हमारा लक्ष्य हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आत्मनिर्भर गांव की परिकल्पना को साकार करने का है। जोहन खांडे जहाँ कई बार इस ग्राम की बागडोर अपने हाथ में लेकर जनता की सेवा की है वही श्री खांडे कांग्रेस जिला स्तर का बहुत बड़ा चेहरा भी है 1984 से कांग्रेस पार्टी से जुड़कर उन्होंने कई पदों में रहकर कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास किया है। उन्होंने ब्लाक महामंत्री युवक कांग्रेस सहसपुर लोहारा, महामंत्री -ब्लाक कांग्रेस कमेटी सहसपुर लोहारा, उपाध्यक्ष -ब्लाक कांग्रेस कमेटी सहसपुर लोहारा, सचिव -जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा, अध्यक्ष -जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग कबीरधाम , सरपंच,उपसरपंच ग्राम पंचायत धरमगढ, अध्यक्ष सरपंच संघ सहसपुर लोहारा जैसे पदों पर रहकर उन्होंने अपने नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। इसके साथ ही अभी वो वर्तमान में कांग्रेस प्रदेश संयोजक अ. जा विभाग छत्तीसगढ़, प्रभारी -जिला दुर्ग -भिलाई, उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कबीर धाम ,सरपंच ग्राम पंचायत धरमगढ, संरक्षक -सरपंच संघ सहसपुर लोहारा, विशेष आमंत्रित सदस्य जिला कांग्रेस कमेटी कबीर धाम के पद पर रहकर अपने अनुभव का लाभ अपनी पार्टी, संगठन एवं आमजनता को दें रहे है।

# बहन सुरभि और भाई सौरभ का देश के ख्यातिनाम संस्थान में हुआ चयन

**राजनांदगांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। राजनांदगांव स्थानीय वार्ड नंबर ,25 की निवासी सुरभि श्रीवास्तव का चयन फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया,पुणे में अभिनय के दो वर्षीय कोर्स के लिए हुआ है।सूचना और प्रसारण विभाग ,भारत के अधीन आने वाले इस देश स्तरीय अति कठिन परीक्षा ,में मात्र 11 सीटें होती हैं,बचपन से ही मेधावी और बहु मुखी प्रतिभा की धनी,सुरभि ने इस प्रतिष्ठा पूर्ण परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है, ।वह पहली विद्यार्थी है,जो राज्य निर्माण के बाद चयनित हुई है। आपको बता दें कि इस इंस्टीट्यूट से सुप्रसिद्ध कलाकार जया भादुड़ी,शत्रुघ्न सिन्हा,डैनी,नसीरुद्दीन शाह,संजय लीला भंसाली,जयदीप अहलावत,राजकुमार राव, राजकुमार हिरानी, जैसे अन्य महानायक पढ़ चुके हैं।अभिनय के क्षेत्र में सुरभि राज्य का नाम रौशन कर रही है,उनकी एक बॉलीवुड की फीचर फिल्म तथा एक छत्तीसगढ़ी फिल्म जिसमे उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई है जल्द ही रिलीज होगी। सौरभ श्रीवास्तव का चयन राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले कॉमन लॉ टेस्ट से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी औरंगाबाद में एल एल एम के लिए हुआ है।प्रारंभ से ही मेधावी सौरभ ने रविशंकर विश्व विद्यालय रायपुर से पांच वर्षीय एल एल बी की परीक्षा इसी वर्ष प्रथम श्रेणी में काफी अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है तथा इस प्रतिष्ठापूर्ण कोर्स के लिए प्रथम प्रयास में ही सफल हुए हैं।दोनो , के अभिभावक स्थानीय अधिवक्ता श्री संजय श्रीवास्तव एवम् भारती श्रीवास्तव ने सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद एवम् आभार ज्ञापित किया है।





# एसपी ने कार्यालय में किया ध्वजारोहण

**बेमेतरा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। 76 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक बेमेतरा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उन्होने अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



इस अवसर पर अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, उप पुलिस अधीक्षक कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू, प्रशिक्षु डीएसपी ब्रिज किशोर यादव, उनि (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, सउनि (अ) अजय देवांगन, महेन्द्र भुवार्य, प्रवीण लोहले, दीपक गजलेवार, संतोष सोनवानी, एसपी रीडर विष्णु सप्रे, गौकरण वर्मा, दिलीप सिंह, प्रधान आरक्षक सुरजभान सिंह, ताम्रध्वज देशमुख, शेखर सिंह, एश्वर्य क्षत्री, महिला प्रधान आरक्षक वर्षा चौबे, आरक्षक वासु साहू, नरेन्द्र ठाकुर, मनीष देवांगन, भारत साहू, गेल्विन साहू, गेंदलाल चतुर्वेदी, योगेश्वर वर्मा, राकेश साहू, बिरेन्द्र चंद्राकर, राजकुमार कोशले, अंशप्रताप सिंह, पेखन सिंह, म.आर. भारती राजपूत, द्रोपती ठाकुर, म.आर. (एम) राही यादव, प्रियंका सिंह एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री लीलाराम भोजवानी का निधन

**राजनांदगांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। राजनीति में नैतिक मूल्यों के लिए जाने जाने वाले लीलाराम भोजवानी का नाम तब से जाना जाता है जब राजनांदगांव में बीएनसी मिल के नाम से कपड़ा उद्योग संचालित था जहां पर मजदूरों की समस्याओं के लिए लीलाराम भोजवानी अपने युवावस्था में मजदूरों के लिए संघर्ष करते हुए मजदूर नेता के रूप में स्थापित हो गए अपनी पुरानी राजदूत गाड़ी में वह अक्सर ही मजदूरों को बैठाल कर उनकी समस्याओं के लिए निकल पड़ते थे। अपनी स्वच्छ छवि एवं सबके साथ व्यवहारिक सहयोग के कारण उन्हें जनप्रिय नेता माना जाता था।मध्यप्रदेश सरकार में पटवा जी के मुख्यमंत्री काल में श्रम राज्यमंत्री के पद पर कार्यरत रहे। वे दो बार विधायक रहे, जिसमें एक बार आधा कार्यकाल मध्यप्रदेश का, एवं आधा कार्यकाल छत्तीसगढ़ का रहा, छत्तीसगढ़ बनने के बाद भोजवानी जी मात्र 40 वोटों से विधानसभा चुनाव हार गए।इसके बाद भी कुशल नेतृत्व क्षमता एवं वरिष्ठता के अनुभव के कारण प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने उन्हें नागरिक आपूर्ति निगम का अध्यक्ष बनाया, तत्पश्चात हस्तशिल्प कला बोर्ड का अध्यक्ष भी बनाया गया।संगठन गतिविधियों में सक्रिय रहने के कारण संगठन की गहरी पैठ होने के कारण उन्हें भारतीय जनता पार्टी में लगातार बड़े पदों पर नवाजा गया, जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में उन्होंने जवाबदारी संभाली तत्पश्चात वे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के निज सलाहकार के रूप में आज भी कार्यरत हैं।निजी सलाहकार होने के कारण नगर निगम एवं विभिन्न मंडलों में भोजवानी की बैठकों के माध्यम से लगातार सक्रिय रहे हैं।



# नवाज खान ने ग्रामीणों के साथ नक्सल प्रभावित ग्राम झाड़ीखैरी में किया श्रमदान

**राजनांदगांव,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा के सबसे सघन नक्सल क्षेत्र माने जाने वाले वनांचल के ग्राम झाड़ीखैरी मे ग्रामीणों द्वारा अंतर्राजीय सीमा को जोड़ने वाले सड़क मार्ग को बनाने नवाज भाई के साथ जुट गए, निश्चित रूप से श्रमदान करने ग्रामीण किसानों , महिलाओं औरयुवाओं की पहल सकारात्मक है । खासकर ग्रामीण, युवा, किसान भूपेश बघेल की किसान और ग्रामीण विकास की जन हितैषी नीति से प्रभावित लोगो के रचनात्मक प्रयासों और सरकार की कई योजनाओं से प्रसन्न होकर अपने गांवों मे सड़क या सुविधा जुटाने की सकारत्मक पहल ग्रामीण सफूर्त कर रहे है।

खास बात यह है कि सभी जो गांवों मे रह रहे है अपनी स्वेच्छा और इच्छा और ढींड संकल्प को लेकर विकास मे अपनी भागीदारी तय कर रहे है। ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी में नवाज भाई ने झाड़ीखैरी से महाराष्ट्र जोड़ने वाले रोड में श्रमदान किया,छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर में घने जंगल वनांचल में बसे ग्राम पंचायत झाड़ीखैरी में नवाज भाई ने किया जिसमें ग्रामीणों की संख्या सैकड़ों मे रही है। नवाज भाई के साथ श्रम दान करने वाले चुम्मन साहु, सरपंच हेमसिंग निर्मलकर,सुनील लारोकर,ग्राम पटेल रोहित राम,कृष्णा कोमरे,बालसिंह मंडावी,रोहित राम पटेल,गणपत कतलाम,गंभीर पुर्राम,हरिचंद पुर्रामे,मेहतर तारम,सम्हारू मंडावी,बालेश्वर नरेटी,भैय्या राम श्याम,रामप्रसाद छावरे,रामसाय छवरे झाड़ीखैरी के समस्त ग्रामवासी महिला पुरुष सफूर्त श्रम दान किया है।



### किसान के यहां नवाज भाई ने किया भोजन

झाड़ीखैरी के किसान के यहां जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई ने उनके आग्रह पर भोजन स्वीकारा किसान श्यामलाल मंडावी के निवास में भोजन करने के पश्चात परिजनों से भी मुलाकात की नवाज भाई को किसान श्याम लाल के परिजनों ने अपने यहां पा कर अति हर्षित हुए। खुज्जी विस के नक्सल प्रभावित अंतिम गांव झाड़ीखैरी मे नवाज भाई के नेतृत्व मे ग्रामीणों का श्रमदान

### चैतन्य आश्रम भी पहुंचे नवाज भाई

झाड़ीखैरी में स्थित तीस वर्ष पुराने आश्रम मे पहुंकर नवाज भाई ने रामप्रसाद चैतन्य के आश्रम जाकर आशीर्वाद लिया अद्भुत आध्यात्मिक चेतना के लिए निरंतर कार्य करने वाले राम प्रसाद चेतन जी का जीवन सादगी भरा रहा उन्होंने समाज के उत्थान के लिए कार्य किया आज भी लोग उन्हें अपना प्रेरणा स्रोत मानते हैं। झाड़ी खैरी के उनके आश्रम में लगातार आसपास के लोगों का आना जाना होता है सबसे बड़ी बात यह है कि छत्तीसगढ़ की परंपराओं को वह अपने जीवन में उतार कर संत कबीर जी की राह पर चलकर अपना सारा जीवन निछावर कर दिया ग्रामीण जनों में और आसपास के क्षेत्र में उनके मानने वाले लोगों की तादाद निरंतर बढ़ते चले जा रही है।

### धान की कीमत बढ़ाने का किया काम

नवाज ने कार्यक्रम में किसानो से कहा कि प्रदेश सरकार ने उनका ख्याल रखते हुए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए है। जिसमें ढाई हजार रुपए प्रति चिंटल कीमत से लेकर 20 चिंटल प्रति एकड़ खरीदी के काम शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार के ऐतिहासिक फैसलो का ही परिणाम है कि साढ़े चार साल में प्रदेश के भीतर धान बेचने वाले किसानो की संख्या दो गुनी और खरीदी का आंकड़ा भी रिकार्ड बढ़ोत्तरी हुई है।

### रोजगार के दिए अवसर

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नवाज ने कहा कि मजदूरो के हित में सरकार ने लगातार काम किए है। इसके अलावा बेरोजगार युवाओ को रोजगार देने का काम भी प्रदेश सरकार ने लगातार किया है। इसी का असर है कि देश में रोजगार देने वाले राज्यो में छत्तीसगढ़ का नाम शीर्ष के राज्यों में शामिल है।

### नवाज भाई ने पैरादान के बाद श्रमदान को बनाया महाअभियान

किसान संपर्क अभियान में निकले नवज भाई ने अब पैरादान के बाद श्रमदान को महाअभियान के रूप में क्रियान्वयन करने का बीड़ा उठाया है। खुज्जी विधानसभा क्षैत्र के दूसरे चरण के किसानों के संपर्क अभियान में निकले नवाज भाई को जब ग्रामीण किसानों ने आग्रह किया कि अब वह छोटी-मोटी समस्याओं पर श्रमदान करना चाह रहे हैं ताकि हम भी विकास के कार्यों में अपनी मेहनत का कुछ हिस्सा लगा सकें यह सुनते ही नवाज भाई ने इसमें भी अपनी सहभागिता देने का निर्णय लिया और अब छोटे-मोटे ग्रामीण समस्याओं को लेकर श्रमदान करने की मुहिम को आगे बढ़ाने का जिम्मा उठाया है और उन्होंने कहा कि गांव की समस्या में वह भी घमेला और रापा उठाने से गुरेज नहीं करेंगे निश्चित रूप से उसी क्रम में श्रमदान का भी सकारात्मक कार्य शुरू हो गया है।

# मंत्री अकबर ने कवर्धा में किया ध्वजारोहण

**कवर्धा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। कवर्धा जिला मुख्यालय के आचार्यपंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भारी उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्र गान एवं पुलिस जवानों की बैंड के राष्ट्रगान के धुन पर राष्ट्रीय सलामी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता एवं शांति के प्रतीक सफेद कबूतर और उल्लास के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड कमांडर आरआई महेश्वर सिंह और सेकेण्ड कमाण्डर नवरतन कश्यप के नेतृत्व में 9 परेड दलों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस अवसर पर 17 वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, होम गार्ड, फारेस्ट गार्ड, एनसीसी पीजी कॉलेज, एनसीसी पीजी कॉलेज, एनसीसी स्वामी करपात्री स्कूल, एनसीसी स्वामी करपात्री स्कूल के जवानों ने मुख्य अतिथि को सलामी दी। कबीरधाम जिले के 7 अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति एवं छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि ने समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 33 अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित भी किया। मुख्य मंच पर मुख्य अतिथि के साथ कलेक्टर जनमेजय महोबे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर विशेष रूप से उपस्थित थे।

### परेड में 9 प्लाटून शामिल हुए

स्वतंत्रता दिवस परेड में इस वर्ष कुल 9 टोलियां शामिल हुई, जिसमें सशस्त्र प्लाटून 17वीं वाहिनी छग सशस्त्र बल से प्लाटून कमांडर उप निरीक्षक युवराज साहू, जिला पुलिस बल से एसआई विमल लवानिया, जिला पुलिस बल महिला से एएसआई कृष्णा चंद्रवंशी, नगर सेना से प्लाटून कमांडर मंगलू राम, वन विभाग से कमांडर तारकेश्वर यादव, एनसीसी पीजी कॉलेज से कमांडर भुनेश्वर साहू, एनसीसी विंग पीजी कॉलेज से कमांडर भारती चंद्रवंशी, एनसीसी स्मावी करपात्री स्कूल से कमांडर हीरामणि गेंद्रे और एनसीसी स्मावी करपात्री स्कूल के कमांडर अविनाश सिंह ने स्वतंत्रता दिवस के परेड में प्रतिनिधित्व किया। परेड के साथ पुलिस बैंड के प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे, आरक्षक मोहित श्रीवास्तव, परमेन्द्र चंदेल, साजिद खान, शिवम मंडावी परेड के साथ अपने स्वर दिए।



**स्कूली विद्ययार्थी ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति**-जिला मुख्यालय के पीजी कालेज मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिले के सात अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति, छत्तीसगढ़ की कला, संस्कृति और ग्रामीण परिवेश पर अधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। समारोह के शुरूआत में अभ्युदय और राम कृष्ण स्कूल के विद्यार्थियों ने एरोबिक की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति, स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा बारहमासी गीत, होली किडंम स्कूल द्वारा देश भक्ति वंदे मातरम, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय द्वारा घर-घर तिरंगा देश भक्ति और स्वामी आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा करमा नृत्य पर प्रस्तुति दी।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पुरस्कार वितरण** - सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे पहला स्थान कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कवर्धा, दूसरा स्थान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गावती चौक और तीसरा स्थान पर होली किंडम स्कूल कवर्धा को पुरस्कार दिया गया। आकर्षक मार्च पास्ट सशस्त्र प्लाटून के 17वीं वाहिनी छग सशस्त्र बल को पहला, जिला महिला बल पुलिस को दूसरा और जिला पुलिस बाल पुरूष को तीसरा पुरस्कार दिया गया। इसी तरह जूनियर वर्ग में एनसीसी जूनियर स्वामी करपात्री स्कूल पहला, एनसीसी स्वामी करपात्री जी स्कूल दूसरा और एनसीसी पीजी कॉलेज को तीसरा स्थान दिया गया।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए अधिकारी कर्मचारी सम्मानित हुए**- स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में कबीरधाम जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत 33 अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। जिसमें पुलिस विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग कृषि विभाग, जनसपंर्क, जिला सेनानी नगर सेना, जिला व्यापार एवं उद्योग, आदिमजाति विकास विभाग सहित कर्मचारी शामिल है।

**2 शहीदो के परिवार भी हुए सम्मानित**- छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कबीरधाम जिले के दो शहीद जवान जितेन्द्र नेवले और शहीद आरक्षक चंद्र सिंह मेरावी की पुत्री कुमारी संगीता मेरावी को मंच पर आमंत्रित कर शॉल, श्रीफल एवं उपहार भेंटकर कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जवानों ने अपने कर्तव्यों का निवर्हन करते हुए नक्सली मुठभेंड के बाद शहीद हुए है।

**धनगांव गौठान उत्कृष्ट प्रर्दशन के लिए हुआ सम्मानित**- कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत जिले में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने पर जिले के धनगांव गौठान को प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन राशि 25 हजार रूपए प्रदान कर सम्मानित किया। ग्राम धनगांव के मॉडल गौठान में गोबर क्रय करने के बाद वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन किया गया। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर अधारित गोधन न्याय योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल है। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले जय मां दुर्गा प्रबंधन समिति को भी सम्मानित किया गया।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री चौबे ने किया ध्वजारोहण

**शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित**


**विभिन्न स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए**



**बेमेतरा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रीरविंद्र चौबे ने जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया। परेड निरीक्षण कर परेड की सलामी ली उसके बाद मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया। समारोह ज़िला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था। मंत्रीचौबे ने शांति स्वरूप तीन रंग के गुब्बारें आकाश में छोड़े। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं विधायक नवागढ़गुरुदयाल सिंह बंजारे, विधायक बेमेतराआशीष छाबड़ा, कलेक्टरपदुम सिंह एल्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती लीना कमलेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकपंकज पटेल एवं अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पंचायत मंत्रीरविंद्र चौबे ने शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया।

भारत के 77 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आज बच्चों और युवाओं को उस दौर के संघर्ष और शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका से अवगत कराने के उद्देश्य से देश भक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। वैश्विक महामारी कोरोना काल के बाद पहली बार स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को विभिन्न स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उनकी प्रस्तुति ने अतिथियों सहित गणमान्य नागरिकों मन मोह लिया और वे मंत्रमुग्ध हो कर उनकी रंगारंग प्रस्तुति का आनंद लेते दिखे।

आजादी के जश्न को मनाने में शामिल छात्रों में राष्ट्रीय पर्व को लेकर काफी उत्सुकता देखने को मिली। जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। खास बात यह है कि छोटे-छोटे बच्चों ने महज एक सप्ताह की तैयारी में शानदार प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी और जवानों तथा एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट गाइड के प्लाटून एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने वाले स्कूल विद्यार्थी टीम को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।









उल्टा पुल्टा

पिंकी- तेरे भाई ने क्या किया जो उसे पुलिस घसीटते हुए ले जा रही है?
चिंकी- बेचारे ने तो एक दुकान खोली थी।
पिंकी- पर दुकान खोलने के लिए पुलिस ने क्यों पकड़ लिया?
चिंकी- अरे... हथोड़े से खोली थी न!

# संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने बलौदाबाजार में फहराया तिरंगा

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं शहीदों के परिजनों का सम्मान



**बलौदाबाजार**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता दिवस समारोह जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास भरे वातावरण में मनाया गया। स्थानीय पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में संसदीय सचिव एवं विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय ने तिरंगा फहराया। उन्होंने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। श्री राय ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुये शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री राय ने शासकीय योजनाओं में बेहतरीन कार्यों के लिए तीन दर्जन शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार शर्मा, कृषक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, जीव जन्तु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर सहित कलेक्टर चंदन कुमार, एसपी दीपक झा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय समारोह सवेरे 9 बजे मुख्य अतिथि श्री राय द्वारा झण्डा फहराने के साथ शुरू हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो कि प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहा। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया, जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना, एनसीसी की दो टुकड़ियों, स्काउट गाइड एवं रेडक्रॉस की एक-एक टुकड़ियां ने झण्डे एवं अतिथि को शानदार सलामी दी। परेड का नेतृत्व डीएसपी सुश्री सुशान्ता लकड़ा ने किया। समारोह में हर्ष और उल्लास के प्रतीक के रूप में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये।

### बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 59 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

श्री राय ने जिलें के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक विवेक शुक्ला, युगल किशोर वर्मा, ट्रेड आर नंदकुमार साहू, आर हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार, टेकराम वर्मा के परिजनों का श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना। इसके साथ ही श्री राय ने मुख्य मंच से करीब 59 अधिकारी-कर्मचारियों को उनके बेहतर सेवा के लिए जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। इनमें सहायक जिला कोषालय अधिकारी सुश्री नीलिमा भोई, सहायक ग्रेड-2 पवन कुमार मांझी, जनसम्पर्क विभाग भृत्य राजू सिन्हा, जल संसाधन विभाग ईई अनिल चन्द्राही, सहायक अमीन धनेश्वर प्रसाद निर्मलकर, चौकीदार चौतुराम साहू, महिला बाल विकास विभाग तुकेश्वर जगत, सुपरवाइजर सावित्री शर्मा, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण चिकित्सा सहायक केशव प्रसाद पैकरा, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सहायक ग्रेड-2 अंजू ध्रुव, मछली पालन विभाग सहायक मतस्य अधिकारी बी.पी. शर्मा, समाज कल्याण विभाग उप संचालक अरविंद गेड़ाम, छत्तीगसढ़ सड़क विकास परियोजना प्रमोद कुमार खरया, निर्वाचन शाखा डाटा एण्ट्री ऑपरेटर नरोत्तम जायसवाल, क्रेडा सब इंजीनियर करन सोनी, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग हरबंश कोसले, श्रम विभाग विरेन्द्र कुमार ठाकुर, राजस्व विभाग श्रीमती उषा बांधे, अजय कुमार निषाद, संजय निर्मलकर, चौकीदार भोलाराम यादव, भृत्य विनय महार, सहायक ग्रेड-3 शिव कुमार सोनी, पटवारी टीकाराम यादव, वाहन चालक आत्माराम लेडवानी, जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार एवं नर्सिंग ऑसिर आरती एक्का, कृषि विभाग आरईओ प्रवीण कुमार रामटेके, नवीन मेश्राम, प्रधानमंत्री सड़क योजना ग्रामीण लेखा अधिकारी उत्तम कुमार तुरकाने, जिला पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग दुर्गा चरण डड़सेना, उद्यानिकी विभाग धर्म सिंह तोमर, कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा दीपमाला लकड़ा, आयुष विभाग डॉ. संदीप राम, पशु चिकित्सा विभाग बजरंग देवांगन, शिक्षा विभाग छात्र दुर्गेश सिंह राठौर, सुश्री तेजश्विनी राठौर, शिक्षक सीमा मिश्रा, कौशिकमुनी त्रिपाठी, मनोज जाटवर, वन विभाग वन रक्षक रमशु लाल नेताम, सुरक्षा श्रमिक राकेश लाल ध्रुव, आबकारी विभाग उप निरीक्षक जलेश सिंह, पुलिस विभाग एसडीओपी सुभाष दास, सायबर सेल, निरीक्षक कैलाश चंद्र दास, मंजूलता राठौर, सहायक उप निरीक्षक विजय केससिया, आरक्षक सुजित तंबोली, पौलस्त्य प्रकाश वर्मा, गणेश प्रसाद साहू चितानंद श्रीवास, प्रधान आरक्षक मोहित ठाकुर, महिला प्रधान सुमित्रा जाटवर, महिला आरक्षक फूलटोरी कुर्रे, पुरूषोत्तम बंजारे, सखी वन स्टॉपसेंटर शामिल है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला प्रशासन की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग से 25 हजार का पुरस्कार अध्यक्ष गौठान प्रबंधन समिति ग्राम हरिनभट्ठा को प्रदान किया गया। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सेक्रेड हाई स्कूल को प्रथम, पंडित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी द्वितीय एवं गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल तीसरे स्थान प्राप्त किया।

### सँयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस की 77 वें वर्षगाँठ पर आज सुबह 8 बजें सँयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर चंदन कुमार ने झंडा फहराया साथ ही परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सँविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर, शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिए। इस दौरान जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सभी से रूबरू भी हुए। कार्यक्रम के दौरान सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे, अपर कलेक्टर बी.सी.एक्का, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव, सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे, अनुपम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रामरतन दुबे, अरुण सोनकर, नितिन तिवारी, सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# हरिहर में विधायक साहू ने किया ध्वजारोहण



**नवापारा राजिम**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी की 77वीं वर्षगांठ के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक धनेंद्र साहू ने नगरपालिका के उपाध्यक्ष चतुर जगत सहित समस्त पार्षद, एल्डरमेन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शाला के एनसीसी, स्काउट गाइड तथा रेड क्रॉस के छात्रों ने अतिथियों को परेड की सलामी दी। समारोह में पूर्व प्राचार्य आरबी शर्मा, एसआर सोन ने कार्यक्रम को शोभा बढ़ाई।

### नगर में जगह-जगह फहरा तिरंगा, 77वें स्वतंत्रता दिवस की मनाई खुशियां

शाला में लंबे समय बाद एक बार फिर छात्राओं का आगमन हुआ है। परेड की सलामी में ये छात्राएं उत्साहित नजर आई। स्वत्रंता दिवस के अवसर पर विधायक श्रीसाहू ने शाला में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। छात्रों को संबोधित करते हुए विधायक श्रीसाहू ने आजादी के इतिहास पर प्रकाश डाला। साथ ही इतने संघर्षों के बाद मिली आजादी का महत्व बताते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। आजादी के बाद से अब तक हुए देश में डिजिटल क्रांति, विकास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री साहू ने राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बनाए गए समस्त उत्कृष्ट आत्मानंद हिंदी और इंग्लिश स्कूलों की जानकारी दी। साथ ही शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। संस्था प्राचार्य संध्या शर्मा ने विद्यालय प्रतिवेदन अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया तथा आभार प्रदर्शन बीएल अवसरिया ने किया। कार्यक्रम में मंच संचालन विजय गिलहरे, सोमा शर्मा ने किया।

# मोदी ने दुनिया में भारत को सम्मान दिलाया : रोहित साहू



**नवापारा राजिम**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। लफंदी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पहुंचे जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली और राष्ट्रगान करते हुए भारत माता की जयकारा से पूरा गांव गूंज उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। सबसे पहले देश के वीर शहीदों को नमन किया गया तथा भारत माता की पूजा अर्चना संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के आसंदी से जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने कहा कि देश के बलिदानियों को हम कभी भूल नहीं सकते उनके अथक प्रयास से हमको आजादी मिली है। आज हम 77वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। सन 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत का सम्मान बढ़ा है। पूरी दुनिया में भारत तेजी से सुपर पावर के रूप में उभर रहा है।

### लफंदी में जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण

# नहर में पानी नहीं आने से किसान परेशान हैं



**राजिम**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना कुर्रे ने कहा कि नहर नाली रावड लायनिंग में पानी नहि आ राहा नहर को ऊपर गाँव में बाध दिया है जिसके कारण नहर के नीचे गाँव बकली. रावड, कूम्ही, परसदा, अरंड में पानी नही है जिसके कारण किसान बहुत परेशान है खेत पूरा सुख गया है धान मरने की कगार पर है

उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारियों से फ़ोन के माध्यम से बात किया और समस्या से अवगत कराया गया है, फिर भी आज एक सप्ताह से पानी नही आया है. ये समस्या हर साल का बना रहता है नीचे वालों को पानी नही मिलता इस समस्या का हल है के नहर में पर्याप्त पानी विभाग छोडे तभी जाकर ऊपर गाँव वाले नाहर हेडब नही करेंगे कम पानी छोड़ा गया है जिसके कारण ऊपर वाले हेडब किए है क्योंकि उनको भी पानी की आवश्यकता है पानी जितना चाहिए उतना मिलेगा तों कोई हेडब नही करेगा. विभाग तत्काल भरपूर पानी छोड़े ताकी सभी किसान भाई खुश रहे कमल साहू का धान मर चुका है जल गया है जिस्से किसान भाई बहुत आक्रोशित है जबकि नहर में पानी छोड़ने इक माह पहले आवेदन दे दिया गया है

कल सभी गाँव वाले जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों से बात करने गरियाबंद जाने का निर्णय लिया गया है ईदरमन तारक, चंद्रप्रकाश सेन, मनी मीरी उपसरपंच, विष्णु मन्नाडे, यादरम घृतलहरे, मंगतु साहू, इस्वर टंडन, मन्नु ध्रुव, सोभित बंजारे लोकनाथ साहू अरंड वाले उपस्थित थे.

# सरपंच भरतदास ने महुआ शराब कोचिया को किया पुलिस के हवाले

**कसडोल/बलौदाबाजार**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। गुरुवार की सुबह कसडोल थानांतर्गत ग्राम पंचायत छरछेद में सरपंच भरतदास मानिकपुरी की सजगता से 81 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ मोटर सायकल सहित 2 आरोपी को धर दबोचा गया। आदर्श ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरतदास मानिकपुरी ने बताया कि ग्राम छरछेद में शराब बेचना प्रतिबंधित है। फिर भी कुछ असामाजिक तत्व के लोग चोरी छुपे महुआ दारू बेचते हैं। जिसकी शिकायत पुलिस थाने कसडोल में किया गया था बावजूद इस पर लगाम नहीं लग पा रहा था। इसलिए हम लोग गुरुवार की सुबह कच्ची महुआ शराब कारोबारी को पकड़ने की योजना बनाकर सुबह 4 बजे से निगरानी मे लगे थे। तभी सुबह लगभग 5 बजे 2 सबरिया एक मोटर सायकल में दो बोरी में देशी महुआ कच्ची शराब लेकर पहुंचे जिसको हमने पकड़ कर पूछताछ कर रहे थे इसी बीच एक व्यक्ति मौके का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया तो वही दूसरा व्यक्ति मौके से फोटो खींचकर शिवकुमार को दो बोरी शराब एवं मोटर सायकल सहित कसडोल पुलिस थाना ले जाकर सौंप दिया गया।

इस मामले की विवेचना और प्रकरण दर्ज करने वाले प्रधान आरक्षक अमीर कुमार नेताम ने बताया कि आरोपी शिव कुमार गोंड पिता धरम गोड़ उम्र-23 वर्ष ग्राम-बलौदा थाना गिधौरी जिला-बलौदा बाजार घटना स्थल ग्राम छरछेद नेशनल हाईवे के सामने गायत्री जनरल स्टोर्स एवं ग्राहक सेवा सेन्टर के सामने मात्र कच्ची महवा शराब दो बोरियों में 1 जूट की बोरी 300 पाउच, दूसरा सफेद बोरी में 240 झिल्ली पाउच से भरा हुआ 2 बोरी में कुल मिलाकर कुल 81 लीटर कच्ची महुवा शराब जब्त कर पुलीस द्वारा आबकारी एक्ट एक्ट 34(2) के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ आरोपी को रिमांड में जेल भेजा गया है। इधर पुलिस को सरपंच द्वारा फोटो भी उपलब्ध कराया गया जिसमें आरोपी के साथ हेलमेट पहना कोचिया साथ मे था लेकिन अभी तक उक्त व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई नही की है। जबकी नियमानुसार पुलिस को कार्रवाई करना चाहिए था। आपको बता दे कि हसुवा-बलौदा डेरा से महुआ दारू आने की जानकारी नव पदस्थ थाना प्रभारी को पत्रकार संघ कसडोल ने 2 दिन पहले ही दिया था जो कि गुरुवार को छरछेद सरपंच ने दो बोरी महुआ शराब जप्त कर प्रमाणित भी कर दिया।



81 लीटर अवैध महुवा शराब की हुई जप्ती, आरोपी को भेजा गया जेल

रेसर मोटरसाइकिल से होती है शराब की पैकारी-उल्लेखनीय है कि कसडोल थानांतर्गत लगातार सबरिया डेरा हसुआ बलौदा से सबरिया थाना अंतर्गत कसडोल नगर सहित दर्जनों गांवों में अवैध शराब का खेप पहुँचा रहें है, और समाज मे जहर बांट रहे है, लेकीन सूत्रों की माने तो यहाँ आबकारी विभाग सहित पुलिस विभाग अब इनकी जिम्मेदारी केवल उन्हें जगह-जगह शराब की बिक्री करने की सलाह दी जाने की चर्चा जोरों पर है। सूत्र बताते है कि इन सबरिया से खाकी का चोली दामन का साथ हो गया है। अगर इसकी सायबर सेल से जांच होती है तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आरोप यह भी है कि जिले के मुखिया और संवेदनशील एसएसपी को लगातार उनके सूत्रों द्वारा गलत जानकारी दी जा रही है साथ ही उनके नाम का गलत इस्तेमाल करने की चर्चा भी अब आम हो चली है, ऐसे में साहब के सूत्र ही साहब की छवि बर्बाद करने में लगे है, इधर इतनी बड़ी पैकारी से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गया है बहरहाल सूत्र बताते है कि ये कोचिये लगातार रेसर बाइक से ही शराब की तस्करी कर अपने अधीनस्थ बेच रहे कोचिओ को शराब पहुचाते है लेकिन जानकारी के बावजूद महीने की लंबी चढ़ोत्तरी पर बिक चुकी वर्दी केवल वसूली में व्यस्त है।

# मुख्य समारोह में विधायक सिहावा डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने किया ध्वजारोहण



**धमतरी**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के 76 वीं वर्षगांठ धमतरी जिले में पूरे गरिमामय और हर्षोल्लास से मनाई गई। हर बार की तरह इस बार भी जिला मुख्यालय में मुख्य समारोह डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित एकलव्य खेल परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सिहावा एवं उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण (राज्य मंत्री दर्जा) डॉ.लक्ष्मी ध्रुव ने ठीक सुबह नौ बजे ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान गाया गया इसके बाद प्रदेश का राजकीय गीत हुआ। मुख्य अतिथि ने कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी और पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के साथ परेड का निरीक्षण करने के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आम जनता के नाम संदेश का वाचन किया। साथ ही एकता और अखंडता का संदेश देते रंग-बिरंगे गुब्बारे नील गगन पर छोड़े गए। इसके साथ ही हर्ष फायर हुआ।

समारोह में जिले के 8 विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। इनमें श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी, डीपीएस सांकरा, एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह, नत्थूजी जगताप नगरनिगम धमतरी स्कूल धमतरी, ओरेकल पब्लिक स्कूल धमतरी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बठेना, मॉडल अंग्रेजी स्कूल धमतरी और स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरूद शामिल है। इनमें प्रथम पुरस्कार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कुरूद, द्वितीय पुरस्कार एकलव्य आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह और तीसरा पुरस्कार नत्थूजी जगताप नगरनिगम स्कूल धमतरी को मिला।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले किए गए सम्मानित

जिले में इस बार 12 प्लाटून ने मार्चपास्ट किया। इनमें जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला, नगरसेना बल पुरूष, नगर सेना बल महिला, एनसीसी सीनियर डिवीजन बालक/बालिका, एनसीसी जूनियर डिवीजन नेवी बालक सर्वोदय स्कूल, एनसीसी जूनियर डिवीजन नूतन स्कूल बालक, एनसीसी जूनियर डिविजन बालिका मॉडल स्कूल, जिला स्काउट, जिला गाइड, जूनियर थल सेना वंदे मातरम और जिला रेडक्रॉस शामिल हुए। शस्त्र सहित में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर क्रमशः जिला पुलिस बल पुरूष, जिला पुलिस बल महिला और जिला नगरसेना महिला रहे। इसी तरह शस्त्र रहित में प्रथम स्थान पर एनसीसी नेवी जूनियर सर्वोदय, द्वितीय स्थान पर एनसीसी जूनियर नूतन स्कूल और तीसरे स्थान पर एनसीसी जूनियर डिविजन बालिका मॉडल स्कूल रहे। शस्त्र रहित जूनियर प्लाटून में प्रथम स्थान पर जिला गाइड प्लाटून और द्वितीय स्थान पर जिला स्काउट प्लाटून रहे। समारोह में मुख्य परेड कमांडर प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुश्री विंकेश्वरी और उप परेड कमांडर सहायक निरीक्षक रामअवतार राजपूत थे। मुख्य समारोह में नक्सल मुठभेड में जिले के 40 शहीदों के परिजनों को मुख्य अतिथि ने शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया।

मुख्य समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 24 लोगों को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें श्रम विभाग के भृत्य आशीष कुमार यादव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम पंचायत सचिव छबिलाल विनायक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के सहायक प्रोग्रामर हरीश कुमार, राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक दीपचंद भारती, मानचित्रकार धरम सिंह कंवर, सहकारिता विभाग के सहकारिता विस्तार अधिकारी जितेन्द्र नंदा, आयुष विभाग के होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ.निशांत अग्रवाल, शिक्षा विभाग के शिक्षक एलबी श्रीमती रंजीता साहू, सहायक शिक्षक श्री भोलाराम साहू, शिक्षक श्रीमती केसर शांडिल्य को सम्मानित किया गया। इसी तरह आदिवासी विकास विभाग सहायक ग्रेड 03 देवेन्द्र कुमार वासनिक, वन विभाग के गेमगार्ड विनय पटेल, कुमारी शिवा शुक्ला, वन रक्षक ऋषि कुमार ध्रुव, स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ सुश्री वीणा साहू, सुश्री ममता साहू, स्टाफ नर्स श्रीमती कुसुमलता बांधे, आरएचओ श्रीमती भुवनेश्वरी ध्रुव, कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी के विषयवस्तु विशेषज्ञ डॉ.वेधिका साहू, पुलिस विभाग से निरीक्षक लेखराम ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक दिनेश चंदेल, चंद्रशेखर गेड़ाम, प्रधान आरक्षक श्रीमती दिनेश्वरी नेताम, आरक्षक भावेशदास मानिकपुरी का सम्मान मुख्य अतिथि के हाथों किया गया। साथ ही कुरूद विकासखण्ड के गौठान गातापार (को) को जिला स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्य समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह में विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, महापौर नगरनिगम धमतरी विजय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नपा में अध्यक्ष चित्तावर ने किया ध्वजारोहण



**बलौदाबाजार**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समरोह के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में आजादी के 77वीं वर्षगाठ मनाते हुए कार्यालय को रोशनोईयों से सजाया गया। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा राष्ट्रीय पर्व मनाते हुए ध्वाजारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात् ध्वज सलामी दी गयी। इस दौरान बलौदाबाजार विधानसभा के विधायक प्रमोद शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी यमन देवांगगन, पार्षदगणों एवं कार्यालयीन कर्मचारियों के द्वारा ध्वज सम्मान पश्चात् राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा आमंत्रित सभी गणमान्य नागरिक एवं उपस्थित पार्षदगणों को सम्बोधित करते हुए आजादी के 77वीं वर्षगाठ के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी व आजादी के लिये अमर शहीदों को उनके द्वारा किये गये त्याग व दिये गये बलिदान को स्मरण किया गया व आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पार्षद एवं सभापति संकेत शुक्ला, जितेन्द्र महाले, अमितेष नेताम, गौतम ठेठवार, रीटा केशरवानी, अंजनी भारद्वाज, सतीष पटेल, मनजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पुरैना, कमल टण्डन, सविता साहू, डिगेश्वरी नामदेव, पंकज मरैया (गोल्डी), रोहित साहू, क्रांति साहू एल्डरमेन हेमचंद केशरवानी, सुखदेव साहू, अमित पंजवानी, प्रदीप साहू, रविन्द्र नामदेव, राजू सलूजा, कमल भारद्वाज, दिगंम्बर साहू, कृष्णा द्विवेदी, लक्ष्मी साहू, कृष्णा सेन, महेन्द्र जैन, टेसूलाल धुरंधर, एस.एम. पाध्ये, बी.पी. जैन, मुरारी साहू, महेन्द्र सलूजा, शिव शर्मा, अमन तिवारी, सौरभ पटेल, विद्याभूषण साहू, सुनीता वर्मा, संतोष पटेल, सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थें।

# संसदीय सचिव ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

**महासमुंद,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। देश की आजादी के 76 वर्ष पूरा होने के साथ ही 77 वां स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कलेक्टर प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मंच पर मौजूद थे।



मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक नितीश आर नायर के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, नगर सैनिक, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइडए रेडक्रॉस की कुल 12 टुकड़ियों ने सलामी दी। मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर द्वारा मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया एवं शांति के प्रतीक रंग.बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गये। कार्यक्रम में संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने जिले के 20 शहीद के परिजनों से आत्मीय मुलाकात कर उनका हालचाल पूछा और उन्हें शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 32 शासकीय अधिकारी.कर्मचारियों सहित पुलिस के अधिकारी.कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति और परम्परा तथा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूली छात्र.छात्राओं द्वारा रंग.बिरंगे पोशाकों में सुंदर और मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में 7 शालाओं के लगभग 600 बच्चों ने शानदार संगीतमयी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, द्वितीय स्थान न्यू होली फेथ महासमुंद एवं तृतीय स्थान महर्षि विद्या मंदिर मचेवा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने परेड में उत्कृष्ट मार्च पास्ट करने वाले टुकड़ियों को सम्मानित किया। इनमें सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान नगर सेना महिला प्लाटून, द्वितीय स्थान 20वीं वाहिनी सशस्त्र पुलिस बल, तृतीय स्थान पर छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल रहा। इसी तरह परेड गैर सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान पर सीनियर डिवीजन एनसीसी, द्वितीय एनएसएस महाविद्यालय रहा। परेड कनिष्ठ में प्रथम एनसीसी, द्वितीय स्काउट एवं तृतीय एनएसएस को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ऊषा पटेल, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग, जनपद अध्यक्ष यतेन्द्र साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, जिला स्काउट गाइड के अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर, महिला आयोग के सदस्य श्रीमती अनिता रावटे, खिलावन बघेल के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत एस आलोक और वनमण्डलाधिकारी पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर द्वय दुर्गेश वर्मा एवं निर्भय साहू, अनुविभागीय अधिकारी उमेश तथा गणमान्य नागरिक समेत अधिकारी.कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र.छात्राएं उपस्थित थे। जिला रायपुर कापरेटिव बैंक में कांग्रेस नेता व बरोंडाबाजार सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिला न्यायालय में सत्र न्यायाधीश भीष्मप्रताप पाण्डे, जिला सहकारी बैंक में सुखदेव साहू, स्वामी आत्मानंद हिन्दी मिडियम उमाशा में प्रकाश राव साकरकर, प्राथमिक शाला परसदा ब में लोक अभियोजक भपेंद्र चंद्राकर, पंचायत भवन परसदा ब में सरपंच बीरेंद्र चंद्राकर, साख सहकारी समिति बेचमा में अध्यक्ष संतोष चंद्राकर, बरोंडाबाजार सोसायटी में अध्यक्ष किशन देवांगन, प्रायमरी पाठ शाला खरोरा रंगमंच खरोरा,पंचायत भवन खरोरा में सरपंच श्रीमती सुनीता देवदत्त चंद्राकर, ज्ञान गंगा प्राथमिक शाला खरोरा में देवदत्त चंद्राकर, पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में उप सरपंच श्रीमती हेमलता चंद्राकर,आंगनबाड़ी कार्यालय खरोरा में सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बिसाहूराम चंद्राकर, ज्ञानज्योति विद्यामंदिर में अध्यक्ष माधवराव टांकसाले, यतियतन जैन अस्पताल में डा. एमवाय मेमन ने ध्वजारोहण किया।

# मणिपुर की घटना से ज्यादा शर्मनाक उस पर हो रही कांग्रेस की राजनीति है : सांसद चुन्नीलाल

**महासमुंद,** 16 अगस्त। मणिपुर में हिंसक घटनांए हुई है व शर्मनाक है, लेकिन उस पर राजनीति करना उससे भी ज्यादा शर्मनाक बात है। केंद्र सरकार की मंशा कभी भी मणिपुर की जनसांख्यिकी में बदलाव करना नही रहा। ऐसी स्थिति में सभी दलों को मिलकर मणिपुर में शांति बहाली की अपील करना चाहिए। उक्त बातें लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दल नही चाहते कि देश में शांति और व्यवस्था बनी रहे। मणिपुर में जो भी घटनाएं हुई है वे सब जातीय और परिस्थितिजन्य थे, उस पर राजनीति करना उचित नही।श्री साहू ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि केंद्र की योजनाओं को जनता तक पहुंचने से रोकने का हर संभव प्रयास कांग्रेस द्वारा किया जा रहा है। छग में प्रधानमंत्री आवास योजना को जरूरतमंदों तक जाने से कांग्रेस की राज्य सरकार ने रोका है। छग की भूपेश सरकार सोचती है कि केंद्रीय योजनाओं को रोककर वे आम जनता के दिलों में जगह बताएंगे लेकिन जनता ने कांग्रेस की चाल समझ ली है। यही कारण है कि 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस की बजाए भाजपा को आपार सफलता दिलाई। महासमुंद संसदीय क्षेत्र में केंद्र सरकार की पहल पर हुए विकास कार्यो पर चर्चा करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि जहहितैशी कामों के लिए भाजपा ने कभी भी पक्ष और विपक्ष चश्मा नही लगाया। चाहे वह राज्य गठन का मामला हो, या बुनियादी सुविधाओं का विस्तार। महासमुंद को मेडिकल कालेज की सौगात दी, रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए माडल स्टेशन बनाने की आधारशिलाा रखी। इसी तरह बेलसोंडा के पास रेल लाईन पर बनने जा रहे ब्रिज भी केंद्र सरकार मंजूर की है। उन्होंने अभी हाल ही में बनी इंडिया गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह इंडिया नही घमंडिया गठबंधन है जो घमंडियापन के कारण कांग्रेस और उसके सहयोगी दल जनहित के फैसले लेने के लिए बैठी देश की महापंचायत संसद में अवरोध उत्पन्न कर रही है। इसी तरह उन्होंने कांग्रेस के छत्तीसगढ़िया हितैशी होने को ढोंग करार देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जब किसान मरता है तो उसके यहां भूपेश सरकार 50 लाख का मदद भेजती है और जब बागबाहरा में एक छत्तीगढ़िया किसान की मौत होती है तो उसे मिलने वाली मदद उंट के मुंह में जीरा है। शराब बंदी की घोषणा करने वाली भूपेश सरकार ने शराब बंद तो नही किया बल्कि उसके आड़ में घोटाले पर घोटाला हुआ है।



**कांग्रेस नही चाहती देश में शांति व्यवस्था प्रभावी रहे**

# विस चुनावों में महत्वपूर्ण रहेगी आईटी सेल की भूमिका : भाजपा आईटी सेल प्रमुख



**बिलाईगढ़,** 16 अगस्त (देशबंधु)। भारतीय जनता पार्टी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के आईटी सेल के प्रमुख सतीश रात्रे ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में आईटी सेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी। सारंगढ़ बिलाईगढ़ में रात्रे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि प्रत्येक कार्यकर्ता को पूर्ण गंभीरता के साथ कार्य करना होगा तथा पार्टी की रीति नीति के अलावा केंद्र सरकार की उपलब्धियों व राज्य सरकार की विफलताओं का उजागर करना है। उन्होंने कहा कि आईटी सेल का कार्यकर्ता एक सिपाही की तरह कार्य करे और पार्टी रूपी गढ़ की सुरक्षा का दायित्व ले।

उन्होंने कहा कि आज 35 प्रतिशत आबादी युवाओं की है तथा युवाओं में सोशल मीडिया अत्यंत लोकप्रिय है, इसे ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया का अधिकतम उपयोग किया जाए तथा सटीक, तथ्यों के माध्यम से केंद्र सरकार की छवि बनाने का प्रयास हो। उन्होंने आगामी तीन महीने के समय को आईटी प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं के लिए परीक्षा की घड़ी बताते हुए कहा कि इस परीक्षा में उनका उत्तीर्ण होना काफ़ी हद तक पार्टी को सफलता की ओर ले जाएगा।

# 10 हजार से अधिक किसानों के खाते में 6 से 20 हजार आया : स्मिता चंद्राकर

**बागबाहरा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। बागबाहरा ब्लॉक के पलायनगत ईट भट्ठा से वापस आए छोटे किसान, त्रुटी सुधार उपरान्त वंचित किसानों को राशि मिलने की जानकारी पर त्रुटि सुधार कराने बड़ी संख्या में जनपद कार्यालय शिविर में पहुंचे।



जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष स्मिता हितेश चंद्राकर ने कहा कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना की14वी किस्त की राशि देश के किसानों के खाता में हस्तांतरण किए। बागबाहरा ब्लॉक के 30 हजार से अधिक किसान विभिन्न प्रकार के त्रुटि के चलते तीन या चार किस्त के बाद राशि मिलना बंद हो गया था बड़ी तादाद में वंचित किसानों के लिए जनपद कार्यालय में प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को शिविर आयोजित कर कृषि विभाग एवं जनपद विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा त्रुटि सुधार कार्य लगातार जारी है।जिसके कारण त्रुटि सुधार 15 हजार किसानों में से लगभग 13 हजार से अधिक किसानों के खाता में बाकी किस्तो की राशि 6 हजार से लेकर 20 हजार तक मिलना प्रारंभ हो गया। शुक्रावर को शिविर ऐसे किसान बड़ी संख्या में आए जो सुखा एवं अकाल के चलते प्रत्येक वर्ष यूपी एवं देश के विभिन्न राज्यों के ईट भट्ठा में काम करने चले जाते हैं जो बारिश लगने पर वापस कृषि कार्य के लिए आते हैं ऐसे किसानों की संख्या लगभग 10 हजार है जिन्हें किसान सम्मन निधि की किस्त की राशि विभिन्न प्रकार के त्रुटि के कारण नहीं मिल रहा है ऐसे ही छोटे एवं गरीब किसानों को कृषि कार्य के लिए 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष तीन किस्त में देने सहायतार्थ योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है जिनके त्रुटि सुधार कर राशि दिलाने कृषि विभाग के माध्यम से गांव में बुनियादी करा कर शिविर में आने प्रेरित किया जा रहा है ताकि इन गरीबों को कृषि कार्य के लिए सहायतार्थ योजना की का लाभ मिल सके।

# जिपं सभापति ने खेड़ीगांव स्कूल में ध्वजारोहण किया



**पिथौरा,** 16 अगस्त। खल्लारी विधानसभा के पिथौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खेड़ीगांव प्राथमिक स्कूल प्रांगण में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति हेमकरण दीवान द्वारा 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। व बालक बालिकाओं एवं समस्त ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जनपद पंचायत सभापति एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह दीवान, पुष्पा हेमंत यादव सरपंच, सुबचंद बरिहा सचिव, सुपेन्द दीवान अध्यक्ष राजीव युवा मितान, बलदाऊ राम यादव, संतोष यादव, संतानु राम दीवान, सानूलाल ठाकुर, लोकनाथ यादव, होमप्रकाश ठाकुर, विकास दीवान, देवानंद दीवान रामदास मानिकपुरी एवं स्कूल स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### मतदाता जागरूकता के लिए नवीन पहल

**बिलाईगढ़,** 16 अगस्त (देशबंधु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के ? निर्देशन में मतदाता जागरुकता हेतु विभिन्न प्रकार के आयोजन एवं लोगों को जोड़ने हेतु पहल किया जा रहा है। इसी क्रम में लोगों को घर-घर जाकर दिए जा रहे बिजली बिल की रसीद में विद्युत विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश देने हेतु सारंगढ़ बिलाईगढ़, सब्बो जाबो वोट देहे बरज्‍ का सील लगाकर मतदाताओं को जागरुक करने का कार्य किया जा रहा है। इसमें मतदाता भी अपने स्तर पर मतदान में अपने दायित्वों को समझते हुए इस पहल की प्रशंसा कर रहे हैं।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**लवन,** 16 अगस्त। लवन नगर सहित अंचल के ग्रामों में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नगर में मुख्य समारोह स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन में मनाया गया जहां मुख्य अतिथि मीना बारवे नगर पंचायत अध्यक्ष के हाथों ध्वजारोहण किया गया इसके अलावा नगर के प्रमुख शासकीय संस्था एवं प्राइवेट संस्थाओं में 15 अगस्त पर ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस समारोह पर भाषण गीत कविता एवं सांस्कृतिक माध्यम से देशभक्ति गीत के साथ मनाया गया।

# विहिप ने निकाली अखंड भारत दिवस के उपलक्ष्य में बोलबम हिंदू जागरण यात्रा

**फिंगेश्वर,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला गरियाबंद के द्वारा अखण्ड भारत दिवस के उपलक्ष्य में बोल बम हिंदू जागरण यात्रा निकाली गई, जिसका समापन बाबा भूतेश्वर नाथ महादेव (भकुर्रा महादेव) में जल चढ़ाकर यात्रा का समापन किया गया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एकत्र करना आपस में जाट- पात के मतभेदों को भुलाकर हिंदू समाज एक होकर रहे एवं हिंदुओं में आपसी भाईचारा बना रहे। यात्रा में गरियाबंद जिले के बजरंग दल के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। अलग अलग यात्रा फिंगेश्वर नगर से होते हुए राजिम एक यात्रा चिंगरौद, परसाद जोशी, रावण, बकाली होते हुए राजिम एवं एक यात्रा छुरा से गरियाबंद पहुंची जिसमें आसपास के अनेक ग्राम से कार्यकर्ता सम्मिलित हुए यात्रा पूर्णता भक्तिमय रहा जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा में लगभग 1500 से अधिक लोग सम्मिलित हुए जिससे राजिम से गरियाबंद मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो गई आनन फानन में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने ट्रैफिक व्यवस्था संभाली जिससे आने जाने वाले यात्रियों को ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति का सामना नही करना पड़ा और यात्रा सुगमता से निकल गई। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष माननीय श्री शिशुपाल सिंह राजपूत जी ने कहा कि सावन माह में यात्रा प्रतिवर्ष निकाली जाती है कोरोना काल में गंभीर स्थिति को देखते हुए यात्रा नहीं निकाली जा सकी थी इसलिए यह यात्रा इस वर्ष बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। यात्रा का प्रमुख उद्देश्य हिंदू युवाओं में धर्म के प्रति आस्था जागृत करना एवं सर्व हिंदू समाज को एकत्र करना होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरल मोदी प्रांत उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद रहे जिन्होंने अखंड भारत एवं बाबा भूतेश्वर नाथ महादेव के इतिहास के बारे मे अपना विचार रखा। इस यात्रा में जिले भर के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



# स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

**खरोरा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्या खरोरा में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण संस्था प्रमुख प्राचार्य अश्वनी पाटकर, ईश्वरी प्रसाद देवांगन (समाज सेवी), चंद्रकुमार डडसेना ( प्रांतीय संस्कार केन्द्र प्रमुख ) रोशन चंद्राकर ( समाज सेवी ) एवं लोमस देवांगन (वेलफेयर फाउंडेशन छ.ग. पूर्व छात्र) सुमित सेन (विद्यार्थी परिषद खरोरा) द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ? माँ सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अतिथियों का परिचय एवं स्वागत प्राचार्य अश्वनी पाटकर के द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल सोनी (नगर पंचायत), विशेष अतिथि डी.आर वर्मा जी (पूर्व सैनिक) पंचराम यादव (पार्षद) श्री नारायण देवांगन (शिक्षक), मेघराज चन्द्राकर रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हमारे जन्मभूमि के प्रति प्रेम भावना एवं अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर स्वतंत्रता दिवस का 76 वीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें भी महात्मा गांधी की तरह सत्य की राह पर तथा सुभाष चंद बोस व भगतसिंह चन्द्रशेखर आजाद की तरह हमारे देश को भ्रष्टाचार . जमाखोरी से आजाद कराना है। नारायण देवांगन शिक्षक द्वारा कक्षा 10वीं व 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बहन नेहा साहू कक्षा 10वीं व खुशबू वर्मा कक्षा 12 वीं को 1000-1000 हजार का नगद राशि प्रदान किया गया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात भैया-बहिनों एवं अभिभावक को मिष्ठान वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में सभी आचार्य / दीदी सम्मिलित हुए।



# नगर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**पिथौरा,** 16 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में वरिष्ठ पत्रकार रजिंदर खनूजा ने ध्वजारोहण किया।इस अवसर पर भारतमाता की आरती एवम बच्चों द्वारा गीत कविता के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस का आनन्द लिया। नगर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर, शहीद स्मारक,बस स्टैंड व्यापारी संघ, कपड़ा व्यापारी संघ सहित सभी शासकीय कार्यालयो में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया।शहीद स्मारक में भूतपूर्व सैनिक परमजीत सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर में रजिंदर खनूजा, व्यापारी संघ में वरिष्ठ व्यापारी रमेश अग्रवाल, कपड़ा व्यापारी संघ में वयोवृद्ध व्यवसायी गुरुदयाल सिंह सलूजा, बस स्टैंड में शिवशंकर दीक्षित द्वारा ध्वजारोहण किया गया।इसके अलावा नगर में स्थित एस डी एम कार्यालय तहसील कार्यालय, कृषि विभाग, जनपद पंचायत ,नगरपंचायत सहित सभी स्कूल एवम कॉलेजो में ध्वजारोहण संस्था प्रमुखों द्वारा किया गया। नगर के शहीद स्मारक, अग्रसेन चौक एवम सरस्वती शिशु मंदिर में भारत माता की आरती हुई।इसके अलावा राष्ट्रगान भी किया गया।भारत माता की आरती के समय पूरे क्षेत्र का माहौल राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मुख्य समारोह में विधायक...

देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कांति सोनवानी, उपाध्यक्ष नीशु चन्द्राकर, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, मदनमोहन खण्डेलवाल सहित कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, डीएफओ श्रीमती शमा फारूकी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, स्कूली विद्यार्थी, जिले के अन्य अधिकारी- कर्मचारी, आमजन मौजूद रहे।

**IndusInd Bank**

**इंडसइंड बैंक लिमिटेड**
प्रथम तल, संगम टावर चर्च रोड, जयपुर - 302001

**सार्वजनिक सूचना (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3(1) के तहत)**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत सूचना की वैकल्पिक तामील। एतद्द्वारा निम्नवर्णित कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि उन्होंने उनके द्वारा इंडसइंड बैंक लिमिटेड (आईबीएल) से प्राप्त किए गए सम्पत्ति के ऐवज में ऋण के प्रतिभुगतान में चूक की है, उनकी लोन क्रेडिट सुविधा आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की बहियों में अनार्जक आस्ति की श्रेणी में सूचीबद्ध की जा चुकी हैं। तदुपरांत बैंक ने निम्नवर्णित संबंधित कर्जदार/सह-कर्जदार को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के तहत मांग सूचनाएं उक्त कर्जदारों के अंतिम ज्ञात पते पर जारी की गई थीं, तद्द्वारा उनसे नीचे दिए गए विवरण के अनसार संबंधित सूचना/ओं में वर्णित राशियां, संबंधित सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर, उक्त मांग सूचनाओं में वर्णित राशि पर संविदात्मक दर पर आगे ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत, प्रभारों इत्यादि सहित चुकाने की मांग की गई थी। तथापि, हम प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (सरफासी नियमावली) के नियम 3 के अनुसार इस प्रकाशन द्वारा भी सूचना प्रदान कर रहे हैं :

| कर्जदार और सह-कर्जदार/रों का नाम और पता | मांग सूचना की तिथि बकाया देय राशि | प्रत्याभूत आस्तियों/बंधक सम्पत्तियों का वर्णन |
|---|---|---|
| संदीप इंजीनियरिंग सर्विसेज (कर्जदार) इसके स्वामी के माध्यम से श्री संदीप सोनी श्री संदीप सोनी श्री अवध लाल सोनी श्रीमती सुलोचना सोनी (सह-कर्जदार) | मांग सूचना दिनांकित : 07-07-2023<br>आईएनआर 47,93,921.86 (सैंतालीस लाख तिरानवे हजार नौ सौ इक्कीस तथा पैसे छियासी मात्र) 18-05-2023 तक एवं उस पर आगे ब्याज और अन्य खर्च<br>एनपीए तिथि :- 08-05-2023<br>ऋण खाता संख्या FBF00028N FBF00034N FBF00035N FBF00074N | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 12 रिशाली केएच नंबर 276 पार्ट, पीएच नंबर 65, बी. नंबर 97, आरएनएम दुर्ग-1, मौजा इशपत नगर, ग्राम रिशाली दुर्ग, रायपुर-491001, परिमाप क्षेत्रफल 1600 वर्ग फीट, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :- पूरब : रोड 30 फीट, पश्चिम : अन्य व्यक्ति की भूमि, उत्तर : लीला वेणुगोपाल की भूमि, दक्षिण : मोहम्मद वकील अहमद की भूमि |

हम एतद्द्वारा इसमें वर्णित कर्जदार से बकाया राशि, जिसका अधिक स्पष्ट वर्णन जारी संबंधित मांग सूचनाओं में किया गया है, का भुगतान, उस पर आगे ब्याज, लागत, प्रभारों, खर्चों इत्यादि के साथ, इस सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग करते हैं, जिसमें असफल रहने पर हम उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू नियमों के तहत उपरोक्त प्रतिभूत आस्ति(यों)/अचल सम्पत्ति(यों) के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होंगे, जिसमें प्रतिभूत आस्ति को कब्जे में लेना और बेचना भी शामिल है तथा जो उक्त कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/कानूनी वारिस(सों)/कानूनी प्रतिनिधि(यों) की जोखिम पर आपकी अपनी लागत और परिणामों के तहत होगा।
कृपया नोट करें कि सरफासी ऐक्ट की धारा 13(13) के अनुसार, आप सभी बैंक की पूर्व लिखित सहमति के बिना उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियां को बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से अंतरित करने के संबंध मे प्रतिबंधित हैं। उक्त धारा का कोई भी उल्लंघन सरफासी ऐक्ट की धारा 29 तथा/अथवा इस संबंध में किसी अन्य कानूनी प्रावधान के तहत दंडनीय है।
कृपया नोट करें कि ऐक्ट की धारा 13 की उप-धारा (8) के अनुसार, यदि आईबीएल की बकाया राशि आईबीएल द्वारा उपगत सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ आईबीएल को बिक्री या अंतरण के लिए नियत तिथि से पहले चुका दी जाती है, तो आईबीएल द्वारा प्रतिभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी और आईबीएल द्वारा प्रतिभूत आस्ति के अंतरण या बिक्री हेतु आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार/सह-कर्जदार को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उसके संबंध में कोई भी संव्यवहार इंडसइंड बैंक लिमिटेड की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

तिथि : 14-08-2023
स्थान : रायपुर

हस्ता./-
वास्ते-इंडसइंड बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

**HDB FINANCIAL SERVICES**

**एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज**
पंजीकृत कार्यालय : राधिका, द्वितीय तल, लॉ गार्डन रोड, नवरंगपुरा, अहमदाबाद, गुजरात, पिन कोड : 380009
शाखा कार्यालय : तृतीय तल, सिमरन टावर्स, जीवन बीमा मार्ग, एलआईसी के सामने, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड -492004

**कब्जा सूचना**

जबकि, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित कर्जदारा/रों को मांग सूचना जारी की थी, जिसमें कजदारों से उक्त सूचना में वर्णित राशि भुगतान की वास्तविक तिथि तक सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चों के साथ उसकी प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी।
उक्त कर्जदार/सह-कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार/सह-कर्जदार को और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्तियों का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
उक्त कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की यहां नीचे वर्णित बकाया राशि तथा उस पर संबंधित तिथि से भावी ब्याज, लागतों तथा प्रभारों के अधीन होगा।
अनुसूची सम्पत्ति के तहत कर्जदार तथा सह-कर्जदार का विवरण, ऋण खाता संख्या, यूआईसी नंबर, बकाया राशि, मांग सूचना तथा कब्जा की तिथि यहां नीचे दी गई हैं :

**1) कर्जदार, सह-कर्जदार/गारंटर का नाम ; 2) ऋण खाता संख्या ; 3) यूआईसी नंबर 4) स्वीकृत ऋण राशि ; 5) प्रतिभूतियों का विवरण ; 6) बंधकदाता का नाम ; 7) मांग सूचना की तिथि ; 8) मांग दावा राशि भारतीय रूपए में ; 9) कब्जा की तिथि**

1. लक्ष्मी प्लास्टिक (आवेदक/कर्जदार) एवं चैत बाई बंजारे एवं अमिका बंजारे एवं सुरेश बंजारे एवं धनेश्वरी पत्नी पप्पू एवं पप्पू बंजारी (सह-कर्जदार/गारंटर) सभी निवासी : (क) वार्ड नंबर 32, कार्यालय सं. 137, रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, निकट आर्य मिनरल कास्टिंग इंड. रायपुर-492001-छत्तीसगढ़. (ख) डायवर्टिड प्रॉपर्टी केएच. नंबर 175/15, स्थित मौजा-गोंडवारा, यतियतनलाल वार्ड नंबर 04, पीएच नंबर 108/37, रायपुर-492001 (ग) मकान नंबर 134, सतनाम पारा, गोडवारा, वार्ड नंबर 4, सरोरा, रायपुर-493221-छत्तीसगढ़. (घ) 134, रिलायंस पेट्रोल पम्प के पीछे, गोडवारा, सरोरा, बृंदावनगढ़ रायपुर-493221-छत्तीसगढ़. 2. ऋण खाता संख्या : 16348923, 15860666 यूनिक आईडी नंबर 4018636 के साथ संबद्ध ; 3) स्वीकृत ऋण राशि : रू. 70,00,000/- (रूपए सत्तर लाख मात्र) ऋण खाता सं. 16348923 द्वारा तथा रू. 1,70,00,000/- (रूपए एक करोड़ सत्तर लाख मात्र) ऋण खाता सं. 15860666 द्वारा ; 4) प्रतिभूतियों का विवरण : डायवर्टिड प्रॉपर्टी केएच. नंबर 175/1, 176/9, 175/14 स्थित मौजा-गोंडवारा, यतियतनलाल वार्ड नंबर 04, पीएच नंबर 108/37, आरआईसी रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001. काउंटर डीड पार्टीशन सुरेश बंजारे, पप्पू बंजारे तथा चैत बाई बंजारे के नाम, क्षेत्रफल परिमाप 27760 वर्ग फीट ; 5) मांग सूचना की तिथि - 24-05-2023 ; 6) मांग दावा राशि भारतीय रूपए में : रू. 2,46,97,953.76/- (रूपए दो करोड़ छियालीस लाख सत्तानवे हजार नौ सौ तिरेपन तथा पैसे छहत्तर मात्र) ऋण खाता सं. 16348923 तथा 15860666 द्वारा यूनिक आईडी नंबर 4018636 के साथ संबद्ध, दिनांक 24-05-2023 तक और आगे वास्तविक वसूली तक संविदात्मक दर पर ब्याज तथा अनुषंगी खर्चों, लागत एवं प्रभारों इत्यादि सहित ; 9) कब्जा की तिथि : 10-08-2023

1. कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर/बंधकदाता का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।
किसी आपत्ति तथा समाधान क के लिए कृपया सम्पर्क करें : श्री अमन कुमार (प्राधिकृत अधिकारी), फोन नंबर 8800863718 (एम) (ओ)/ श्री भरत राजौरिया - 9200000522/एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, तृतीय तल, सिमरन टावर्स, जीवन बीमा मार्ग, एलआईसी के सामने, पंडरी, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन कोड -492004

**स्थान : रायपुर** हस्ता./-
**तिथि : 17-08-2023** **वास्ते एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, प्राधिकृत अधिकारी**

OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.

**ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
कार्पोरेट कार्यालय :- कोहिनूर स्क्वायर, 47वां तल, एन.सी. केलकर मार्ग, आर.जी. गडकरी चौक, दादर (वेस्ट), मुंबई-400028 फोन : 022.26544000६ 9773406175

**परिशिष्ट - 4-क (नियम 8(6) का परंतुक देखे)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार श्री वीरेन्द्र सिंह पुत्र भगवत प्रसाद सिंह, (स्वामी मैसर्स किंग्स स्पोर्ट) तथा सह-कर्जदारों/गारंटरों श्रीमती दीप्ति सिंह पत्नी वीरेन्द्र सिंह, श्री प्रदीप भोई पुत्र रासनिहारी भोई को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार नामतः ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (ओएआरपीएल) के पास बंधक/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, आगे पंजीकृत समनुदेशन अनुबंध दिनांकित 21-03-2022 के माध्यम से, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड (एनएनएसबीएल) ने कर्जदार/सह-कर्जदारों/गारंटरों को उपलब्ध कराई गई क्रेडिट सुविधा के संबंध में उक्त कर्जदारों एवं बंधकदाता, गारंटर के विरूद्ध वित्तीय आस्ति/सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि अधोवर्णित प्रतिभूतियों और उनके सभी अधिकारों एवं शक्तियों सहित, पीएस 47/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत ओएआरपीएल के पक्ष में पूर्णतया समनुदेशित और अंतरित कर दी हैं। इसके अतिरिक्त, नगर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड ने प्रतिभूत आस्ति का भौतिक कब्जा 29-01-2014 को ले लिया है।

तदनुसार, ओएआरपीएल ने नागपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड (एनएनएसबीएल), मूल प्रतिभूत लेनदार का स्थान ले लिया है और बकाया राशि वसूल करने तथा प्रतिभूतियों का प्रवर्तन करने का हकदार हो गया है। सम्पत्ति श्री वीरेन्द्र सिंह की तरफ 31-01-2022 तक बकाया राशि रूपए 82,96,000/- (रूपए बयासी लाख छियानवे हजार मात्र) + ब्याज एवं खर्चों की वसूली के लिए सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) और (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों और शक्तियों का प्रयोग करते हुए "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" तथा "जो भी है वहां है" और "कोई उपाय नहीं" आधार पर दिनांक 05-09-2023 को पूर्वा 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक (बोलियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि और समय 04-09-2023 अप. 6.00 बजे तक है) बेची जाएगी।

अचल सम्पत्तियों का वर्णन, सुरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा और ज्ञात ऋणभार (यदि कोई) निम्नानुसार हैं :

| सम्पत्ति का वर्णन | सम्पत्ति प्रकार | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
|---|---|---|---|
| सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : श्री वीरेन्द्र सिंह के नाम केएच नंबर 50/8, प्लॉट नंबर 188/2 पर परिवर्तित आवासीय नजूल भूमि और उस पर निर्माण, मौजा तेलीबंधा, मदर टेरेसा वार्ड, वार्ड नंबर 43, आनंद नगर, पीएच नंबर 113, परिमाप 1000 वर्ग फीट, आरआईसी रायपुर, तहसील और जिला रायपुर | आवासीय बंगला | रू. 33,00,000/- | रू. 3,30,000/- |

| | |
|---|---|
| ई-नीलामी की तिथि | 05-09-2023 को पूर्वा 11.00 बजे से अप. 2.00 बजे तक |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रू. 50,000/- (रूपए पचास हजार मात्र) |
| प्रतिभागिता का बोली पत्र/ केवाईसी दस्तावेज/ईएमडी का प्रमाण जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 04-09-2023 अप. 6.00 बजे तक |
| निरीक्षण की तिथि | 21-08-2023 को अप. 1.00 बजे से अप. 4.00 बजे के बीच |
| ज्ञात देयताएं | ज्ञात नहीं |

यह प्रकाशन कर्जदारों/सह-कर्जदार को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के तहत पंद्रह दिन का नोटिस भी है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट http://omkaraarc.com/auction.php में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें। प्राधिकृत अधिकारी सम्पर्क विवरण : 9773406175. बोलीदाता वेबसाइट http://www.bankeauction.com भी देख सकते हैं अथवा सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., फोन हेल्पलाइन : हेल्पलाइन : 91. 7291981124/25/26 ई-मेल आईडी : support@bankeauctions.com, श्री हरेश गोडा, मोबाइल : 95945 97555, ई-मेल : hareesh.gowda@c1india.com से भी सम्पर्क कर सकते हैं।
इच्छुक बोलीदाताओं को दिवाला और ऋणशोधअक्षमता संहिता, 2016 की धारा 29 का अनुपालन करना होगा और उस के तहत घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

तिथि : 16-08-2023 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी
सीन : रायपुर वास्ते ओंकारा असेट रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(ओंकारा पीएस 47/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी की हैसियत से कार्यरत)

# शहर से लेकर गांव-गांव तक दिखा स्वतंत्रता दिवस का उत्साह



## जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने तिरंगा फहरा कर ली परेड की सलामी

**गरियाबंद**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में आजादी की 77 वी वर्षगांठ, स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचल तक स्वतंत्रता दिवस का उत्साह देखने को मिला। दुर्गम पहाड़ी इलाकों में भी लोगों ने शान से तिरंगा फहरा कर एकजुटता का संदेश दिया। आजादी के इस पर्व मे युवा, जवान, बुजुर्ग, महिलाए, बच्चे सहित हर वर्ग देश भक्ति से ओतप्रोत नजर आए। स्वतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के अलावा सभी विकासखंड मुख्यालयो, सभी स्कुलो-कालेजो, आंगनबाड़ी केन्द्रो, सभी शासकीय-अर्ध्दशासकी तथा गैर शासकीय संस्थानो, बैंको, न्यायालय, ग्राम पंचायतो के अलावा गांव गांव शहर शहर हर प्रमुख चौक चौराहो में तिरंगा फहराया गया।

इस अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय स्वंतत्रता दिवस समारोह में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने तिरंगा फहरा कर परेड की सलामी ली। मंच पर कलेक्टर आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कांबले भी साथ उपस्थित थे। तिरंगा फहराने के बाद सभी उपस्थित नागरिकों ने राष्ट्रगान गाया। मुख्य अतिथि उपाध्याय ने जनता के नाम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संदेश का वाचन किया। मुख्य अतिथि ने खुशहाली के प्रतीक गुब्बारे को आसमान में छोड़े। समारोह में परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक सनत कुमार ठाकुर के निर्देशन में मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। जिसमें बाद मुख्यअतिथि मुख्य अतिथि ने शहीद परिवार के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया और पुरस्कार वितरण किया।

समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गफ्फार मेमन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लोकेश्वर नेताम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लालीमा ठाकुर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत डीएफओ मणिवासगन एस, सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, नवीन भगत, एसडीएम भूपेन्द्र साहू, एएसपी डीसी पटेल, एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक, डीएसपी निशा सिन्हा, तहसीलदार प्रवीण पोर्ते, नागरिकगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## लिमतरा पृथ्वीराज चौहान चौक तिगड्डा में 77वां आजादी के पावन पर्व मनाया गया



**भाटापारा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत लिमतरा पृथ्वीराज चौहान चौक तिगड्डा में 77 वा आजादी के पावन पर्व मनाया गया जिसमें हेम सिंह चौहान पूर्व सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया गया आजादी के इस अमृत उत्सव में उन्होंने अपने उद्घोषणा में कहा कि हम और हमारा 140 करोड़ देशवासियों द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है वीर शहीदों को नमन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी नमन करते हुए उन्होंने पर्यावरण में सुधार और शुद्ध हवा शुद्ध वातावरण हम सबको मिले इसका ध्यान हमें देना होगा उन्होंने 250 नीम के वृक्ष का वितरण भी किया अमृत काल मानना हमारा सौभाग्य की बात है हमारे देश हमारा गांव पर हमें गर्व है देश के गांव का विकास के लिए हमें और कुछ ज्यादा करने की आवश्यकता है छत्तीसगढ़ महतारी के गोद में भारत माता के गोद में हम सब उसी से इसलिए रहते हैं कि हमने आजादी मैं बहुत सारे वीर सैनिकों को गवाया स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने कुर्बानी दी हम उन्हें शत-शत नमन करते हैं और हमारे भारत के बॉर्डर पर पहरेदार करते हुए सैनिक को सैल्यूट करते हैंदेश के 140 करोड़ देशवासियों एवं ग्राम वासियों को आजादी के पावन पर्व की बधाई देते हुए वंदे मातरम भारत माता की जय जय जवान जय किसान छत्तीसगढ़ महतारी की जय के नारों से गूंज रहा था ध्वजारोहण करने के बाद राष्ट्रगान गाया गया इसमें उपस्थित महावीर चौहान मुरली शर्मा राजकुमार निषाद अमर दास प्रमोद गोस्वामी मोनू गोस्वामी रामेश्वर गुलशन फूलबाई राम सजीवन कुलदीप लीलावती कुबेर यदु अनिल बघेल रामसिंह साहू पवन यादव पशु चिकित्सक बंजारे समस्त ग्रामवासी युवा महिला सियान अभी शामिल हुये

## प्रदेश भूपेश बघेल ने नेतृत्व में खुशहाल है : सुशील शर्मा

**भाटापारा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। मंडी अध्यक्ष और प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने आज कृषि उपज मंडी, बब्बू होटल चौक, वृंदावन कालोनी, स्व. जितेंद्र अड़िल चौक, चिन्मय सागर इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में भाग लेकर सभी इस्थान पर झण्डा रोहन किया। इस अवसर पर उपस्तिथ जन मानस को देश की आज़ादी के साथ ही साथ राजसरकार के मुखिया भूपेश बघेल के जनकल्याण कारी योजनाओ की जानकारी देते हुये कहा की छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद जनता जनार्दन अभी भूपेश बघेल के मुख्यमंत्री कार्यकाल में खुशहाली और तरक़्क़ी की तरफ़ आगे बड़ रही है, अभी तो शुरुआत है हमे अपने किसान पुत्र भूपेश बघेल के नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ने पूरे तन मन से साथ देना है क्योंकि किसान मज़दूर का भरोसा बरकरार है इस भरोसे को आगामी 20 वर्षों तक बरकरार रखना होगा। सुशील शर्मा के साथ जिला उपाध्यक्ष अरुण यादव, सचिव सचिन शर्मा, युवा नेता अभिनय यदु थे।

## छत्तीसगढ महतारी चौक में पूर्व विधायक नरेंद्र शर्मा ने किया झंण्डारोहण



**भाटापारा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। भाटापारा के गौरव-पथ स्थित छत्तीसगढ महतारी चौक मे 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मे पूर्व विधायक नरेंद्र शर्मा के करकमलो से झंण्डारोहण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सुकृत साहू थे। छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के द्वारा प्रति वर्ष राष्टीय त्योहार को बडे उत्साह व उल्लास के साथ मनाया जाता है, जिसमे भाटापारा ब्लाक के शहर व ग्रामीण ईकाई के सभी पदाधिकारी व सेनानी बहन-भाई उपस्थित होते है। नरेंद्र शर्मा व सुकृत साहू ने इस अवसर पर सभी को सुराजी तिहार की बधाई देते हुये सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो को श्रध्दासुमन अर्पित कर छत्तीसगढिया व देशवासियो के लिये मंगलकामना किया। इस अवसर पर छत्तीसगढिया क्रान्ति सेना के प्रदेश सचिव चन्द्रकांत यदु कवि साहित्यकार अजय अमृतांशु जिला संयोजक सुरेन्द्र यदु उपाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भाटापारा शहर अध्यक्ष सतीष यादव, संजय वर्मा, गुड्डु साहू, योगेश यदु, चेतन यदु, पूर्व पार्षद राजेंद्र वर्मा, शशी आडिल, भगत साहू के साथ सेनानी बहन - भाई के साथ व्यापारीगण उपस्थित थे।

## इंजिनियर केके देवांगन ने किया ध्वजा रोहन

**भाटापारा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। भाटापारा विधनसभा के ग्राम पंचायत पेंड्री के प्राथमिक शाला में इंजिनियर के के देवांगन सदस्य प्रदेश भाजपा [illegible] मोर्चा एवम जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि द्वारा ध्वजा रोहन किया गया, देवांगन ने सभी को 76 वे स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाए दी उन्होंने कहा कि आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश आगे बड़ रहा है घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा नारे के साथ पूरा देश राष्ट्र भक्ति मे ओत प्रोत है आने वाले समय मे मोदी जी के नेतृत्व मे हमारा भारत देश विश्व गुरु बनने को अग्रसित है इस पर हम सबको देश को आगे बढ़ाने मे मदद करनी होंगी, देवांगन ने कहा की हमे अपने परिवार, समाज और क्षेत्र के विकास के लिया शिक्षा का प्रचार प्रसार करना बहुत ही जरूरी है भाई चारे को अपना कर जात पात, ऊंच नीच, धर्म वाद से ऊपर उठकर एक नए राष्ट्र की निर्माण करने की आवश्यकता है, सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक होने को कहा इस अवसर पर गांव के सरपंच केशव यदू, उपसरपंच प्रभाकर, सचिव बंशी वर्मा, बलराम साहु, डमरू यदू, डॉक्टर स्कूल के शिक्षक सहित ग्राम वाशी अधिक संख्या में सम्मिलित हुए।।

## सरस्वती शिशु मंदिर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**भाटापारा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर सूरजपुरा रोड भाटापारा में स्वतंत्रता दिवस बल्लभ लाहोटी बलौदाबाजार जिला प्रतिनिधि सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर के मुख्य आतिथ्य, हेमंत नायडू विशेष अतिथि, एवं विशाल पारप्यानी सह ब्यवस्थापक की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथियों द्वारा झंडोत्तोलन किया गया एवं बहिनों ने राष्ट गान की प्रस्तुति की। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, ब्रम्ह स्वरूप ओम, एवं भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना के पश्चात अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मालिक राम वर्मा ने एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किशोर भारती के पदाधिकारियों ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में दीपिका एवं साथी, ने वतन मेरे वतन की गीत की बोल से दर्शकों के मन मोह लिया वहीं त्रिवेणी अपने साथियों के साथ ए वतन के नो जवान, कविता साहू ने मेरे प्यारे वतन, नोमीता के साथियों ने जिनके ही दम से महका ये वतन, रिया देवांगन के साथियों ने ये मेरे वतन के लोगों के गीत के बोल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। तो भारती यादव के साथियों ने छोड़ो कल की बातें की बोल से लोगों की दिल जीत लिए। रेशमी साहू द्वारा ओजस्वी भाषण तथा सौरभ सोनवानी द्वारा अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम की भूरी भूरी प्रशंसा की। एवं भविष्य में भी सभी कार्यक्रमों में इसी प्रकार बढ़ चढ़ कर कार्यक्रम में हिस्सा लेने भैया बहिनों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्यों एवं भैया बहिनो की सहभागिता एवं उपस्थिति रही।संस्था में सफल कार्यक्रम के लिए विद्यालय के ब्यवस्थापक श्री अनिल जैन ने सभी आचार्यो एवं भैया बहिनो को शुभकामनाएं दी। आभार प्रदर्शन संस्था प्रमुख टेकराम वर्मा एवं संचालन बहिन वीणा साहू ने किया। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार प्रमुख द्वय मालिक राम वर्मा एवं रमाशंकर त्रिपाठी आचार्यजी ने सयुंक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## त्रिलोक सिंह सलूजा उपाध्यक्ष नपा ने ध्वजारोहण किया

**भाटापारा**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पेंशन धारी कल्याण संघ भाटापारा के सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में त्रिलोक सिंह सलूजा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रारंभ में उनके द्वारा मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी एवं महात्मा गांधी की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पूजन किया गया। ध्वजारोहण पश्चात संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने संक्षिप्त में अतिथि के समक्ष संघ की गतिविधियों की जानकारी देते हुए पेंशनर भवन के कार्यालयीन काग जातो के रखरखाव हेतु एक अलमारी की मांग रखी। अपने उद्बोधन में त्रिलोक सिंह सलूजा ने उपस्थित पेंशनरों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप बुजुर्गों के बीच जिनमे मेरे कुछ गुरु जन भी हैं ध्वजारोहण करना मेरे लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद है, गौरव की बात है। उम्र के इस पड़ाव में जिसमें 62 वर्ष से 90 वर्ष की उम्र के मेरे सभी आदरणीय पूरे जोश के साथ इस राष्ट्रीय पर्व में बड़ी संख्या में उपस्थित हैं, ये सारी बातें हम युवाओं के लिए अनुकरणीय है। ईश्वर आप सबको ऐसे ही स्वस्थ एवं सुखी रखें। उन्होंने पेंशनरों की मांग पर एक अलमारी देने की घोषणा किए और कहा कि इसमें विलंब नहीं होगा आपको एक दिन बाद ही अलमारी उपलब्ध हो जाएगी। संक्षिप्त कार्यक्रम में पेंशनरों ने जिनमें आसाराम अनंत, आर के वर्मा, धनीराम साव, सुखनंदन सिंह कोसले, सेवाराम वर्मा, अशोक महिलांग, गिरधारी लाल वर्मा, रमेश कुमार वर्मा, के द्वारा विचारों, राष्ट्रीय कविताओं एवं गीतों के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की गई। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने किया। इस अवसर पर उमराव सिंह रात्रे, राधाचरण शुक्ला, दिलीप सिंह बिसेन, अशोक पंत, के एन यदु, परेटन लाल साहू, एसके नायक, शिवकुमार वर्मा, पुनीत राम सेन, भागीरथी वर्मा, मंटोरा यदु, सुशीला वर्मा, कुमारी बाई साहू, राजाराम यादव, एमके कुलदीप, गणेश राम वर्मा, अमरनाथ मिश्रा, शालिक राम साहू, महेश कुमार वर्मा, नारायण साहू, डीपी वर्मा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

## स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोहण कर शहीदों को किया याद



**पलारी**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। आजादी के 76 वीं वर्षगांठ पर नगर सहित पुरे अंचल में स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया नया नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने नगर पंचायत कार्यलय, वीर शहीद भगत सिंह चौक, हाट बाजार, सोसायटी कार्यालय, में ध्वजारोहण किए इनके अतिरिक्त विभिन्न स्थानों के ध्वजारोहण मे शामिल हुए, जिसमें संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चौक पर योगेश चंद्राकर द्वारा, वीर शहीद युगल किशोर वर्मा जी चौक पर उनके पिता शिव वर्मा जी ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में अध्यक्ष सुनील कुर्रे राष्ट्र पिता महात्मा गांधी चौक पर भगवती सेन जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में वामन टिकरिहा ठाकुर देव चौक पर गैंदलाल कनौजे कृषि विभाग मे सभापति प्रवीण धुरंधर, महामाया चौक पर संतराम देवांगन, मणिकंचन कार्यालय में सफाई दारोगा महेन्द्र वर्मा द्वारा फहराया गया, एवं साथ ही साथ नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वतन्त्रता सेनानी परिवार जनों का साल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किए एवं आशीर्वाद लिए, तथा समस्त नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए, इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित जन जिसमे वीर शहीद युगल किशोर वर्मा जी के माता पिता श्रीमति यशोदा देवी वर्मा जी, शिव वर्मा जी, पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष योगेश चंद्राकर कांग्रेस कार्यालय में खिलेंद्र वर्मा गोपी साहु मनीष चंद्राकार रज्जाक खान शेखर वर्मा महेश बंटी खुटे पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी ठाकुर सर, वरिष्ठ पत्रकार गण, नगर के व्यापारी गण, नगर पंचायत के पार्षद गण एल्डर मेन साथी, सहित नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित नगर वासी गण उपस्थित रहे।

## विधायक क़िस्मतलाल नंद ने ऐतिहासिक गांधी चौक में राष्ट्रीय ध्वज फहराया



**सरायपाली**, 16 अगस्त (देशबन्धु)। देश की आजादी की 77 वर्षगांठ पर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर विधायक क़िस्मतलाल नंद ने ऐतिहासिक गांधी चौक पुरानी मंडीपरिसर में ध्वजारोहण कर सलामी दी द्य विधायक नंद ने उपस्थित अधिकारी- कर्मचारियों, समस्त क्षेत्रवासियों एवं कांग्रेसजनो, गणमान्य नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी द्य नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शासकीय कार्यालयों में बिजली के रंगीनछोटे बल्बों रौशन किया गया था ऐतिहासिक मील पत्थर तिराहे पर भी रौशनी की गई थी समस्त शासकीय अर्ध शासकीय कार्यालयों सहित अनेक जगहों पर ध्वजारोहण किया गया था अपर कलेक्टर कार्यालय सहित एस डी एम ऑफिस एस डी ओ पी ऑफिस कॉलेज में संस्था प्रमुख ने ध्वजारोहण किया नगर पालिका में अध्यक्ष अमृत पटेल बस स्टैंड में उपाध्यक्ष सुशीला गंगा राम पटेल छ ग चेम्बर के द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया विधायक किस्मत लाल नन्द ने झंडा फहराया गायत्री शक्तिपीठ में प्रमुख ट्रस्टी प्रदीप कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया आत्मानन्द स्कूल में नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल ने झंडा फहराया विशिष्ट अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता थे मदरसा निजामिया में मुस्लिम समाज के अध्यक्ष शाहिद हुसैन, शा प्राथ शाला पतेरापाली में प्रधान पाठक तबारक हुसैन कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में महेंद्र बाघ मंदिर हाई स्कूल में कमल अग्रवाल वाहिद नियरिया हाई स्कूल झिलमिला में इब्राहीम नन्द ने झंडा फहराया

## गुरु घासीदास, ममतामई मिनीमाता, नकुल देव महान समाज सुधारक थे: अजय चंद्राकर



**कुरुद** 16 अगस्त ( देशबंधु)-देश में 1818- 1828 में समाज सुधार का आंदोलन चल रहा था, इस समय ब्रिटिश शासन चल रहा था. इसी समय सती प्रथा, विधवा विवाह और कई कुप्रथाओं को रोकने के लिए कानून बनाए गए.. गुरु घासीदास जी का आंदोलन भी चल रहा था. कहीं ना कहीं आंदोलन का प्रभाव पड़ा था. नकुलदेव ढ़ीढ़ी और ममतामई मिनीमाता भी अपने समय में समाज सुधार का काम किए. यह महान समाज सुधारक थे.

उपरोक्त बातें ममतामई मिनीमाता और दादा नकुल देव ढ़ीढ़ी की पुण्यतिथि पर ग्राम भखारा भठेली में सतनामी समाज ब्लॉक भखारा और जिला धमतरी के कार्यक्रम पूरखा के सुरता में पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कही. उन्होंने कहा की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष और सबसे ज्यादा पढ़े लिखे व्यक्ति थे. उन्होंने सभी वर्गों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए भारत के संविधान की रचना की. अजय चंद्राकर ने कहा कि जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक बाबा साहब को याद किया जाएगा.. सर्वप्रथम अतिथियों ने गुरु घासीदास जी ममतामई मिनीमाता, जयंती के जनक दादा नकुल देव ढ़ीढ़ी के चित्रों पर माल्यार्पण कर जैतखाम पर नारियल तोड़े तथा उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इस अवसर पर अतिथियों ने अमर रहे के जयकारे लगाकर दर्शक दीर्घा में उत्साह भर दिया. तत्पश्चात सतनामी समाज के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का श्वेत चंदन और पुष्प माला से स्वागत किया. मंच पर बाबा गुरु घासीदास जी की वंदना में मंगल भजन का गायन किया गया. अतिथियों के कर कमलों से 10वीं, 12वीं कक्षाओं में प्रवीण सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों, कलाकारों, कवि, साहित्यकार, पर्वतारोही, हुनरमंद, पेंटर एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. सुबह 11ः00 से कलाकार तेजराम बांधे के द्वारा छत्तीसगढ़ी लोककला मंच मोर मया के मयारू एवं सत्य संदेश मंगल भजन पार्टी ग्राम रोहिना राजिम की प्रस्तुति ने लोगों के मन को मोहे रखा. कार्यक्रम के अतिथियों एवं वक्ताओं में प्रथम महिला सांसद ममतामई मिनीमाता, दादा नकुल देव ढ़ीढ़ी के समाज और देश के लिए किए गए योगदान को याद किया और लोगों से उनके पद चिन्हों पर चलने की अपील की. मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर जी को समाज की ओर से अभिनंदन पत्र एवं भारत के संविधान के उद्देश्य का भेंट कर सम्मानित किया.

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सतनामी समाज जिला धमतरी के अध्यक्ष भाव सिंह डहरे ने कहा कि दादा नकुल देव ढ़ीढ़ी, गुरु घासीदास जयंती के जनक हैं. उन्होंने समाज सेवा के नाम पर कई एकड़ अपनी जमीन बेच दी. गुरु घासीदास जी को याद करने के साथ ही दादा नकुल देव ढ़ीढ़ी के योगदान को भी याद करना पड़ेगा.. भाव सिंह डहरे ने कहा कि प्रथम महिला सांसद ममतामई मिनीमाता ने सबके लिए अविस्मरणीय कार्य किया है. किसान, मजदूर, गरीब और शोषित समाज के उत्थान के लिए देश में कानून बनवाए. उन्होंने कहा कि अपने भविष्य गढ़ने के लिए अपने गौरवशाली इतिहास को जानना जरूरी है. तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि पुष्प लता देवांगन नगर पंचायत भखारा भठेली, रामगोपाल देवांगन, दिलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत भखारा भठेली ने भी सभा को संबोधित किया. अतिथि क्रम में चुरामणि साहू, रोशन केला, श्रीमती कृष्णा साहू, श्रीमती ईश्वरी सोनवानी, पूरन दीवान, ईश्वर साहू, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती गणेश्वरी पटेल, श्रीमती ओम कुमारी सोन, दीनानाथ साहू, ललित मनहरे, केशव साहू, श्रीमती संतोषी निषाद उपस्थित थे. सतनामी समाज के जिला धमतरी के सचिव खिलावन बारले और भखारा ब्लॉक अध्यक्ष तेजेश्वर कुर्रे ने अतिथियों एवं समाज जनों का आभार माना तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सतनामी समाज कुरूद, धमतरी ग्रामीण, धमतरी शहर, मगरलोड, नगरी क्रमसःअशोक बंजारे, दिनेश्वर बंजारे, मीना कुर्रे, तोरण अनेश्वरी, विष्णु टंडन और सचिव राजकुमार टंडन, भगवान सोनवानी, सुकृति महिलांगे, हीरालाल, बजरंग रात्रे और भखारा सचिव रूपेंद्र बघेल, डॉक्टर रोहित कुर्रे, छन्नू महिलांगे, आनंद यदु, रामस्वरूप साहू, भूपेंद्र चंद्राकर गजेंद्र टंडन का योगदान सराहनीय रहा.